# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 22 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 15, पेज 12, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 238 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 238 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी में 51 अंक की गिरावट आई। } 10

## यूरोपीय देशों से रिश्तों को मिलेगी मजबूती : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यूरोपीय देशों के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के तहत उत्तरी मकदूनिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची। } 12



# विदेशी आक्रांता गाजी के नाम पर न हो कोई आयोजन

## बहराइच में 352 करोड़ रुपये लागत की 70 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास

**एसपी मिश्र/एसपी सिंह परिहार**



बहराइच/श्रावस्ती (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि आने वाले समय में विदेशी आक्रांता गाजी (गाजी सैयद सालार मसूद) के नाम पर कोई आयोजन न हो, इसकी उनकी सरकार पुख्ता व्यवस्था करेगी। योगी ने यह चेतावनी भी दी कि गाजी मियां के नाम पर जो आयोजन करेगा, सरकार उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

योगी आदित्यनाथ बहराइच जिले की महसी और नानपारा विधानसभा क्षेत्रों की 352 करोड़ रुपये लागत की 70 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बहराइच की सभा के बाद योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती जिले में 396 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभाओं में अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने महाराजा सुहेलदेव का स्मरण करते हुए कहा, हमारी सरकार जब आई तो हमने बड़ी स्पष्टता के साथ कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी विदेशी आक्रांता के स्मारक को हम स्वीकार नहीं करेंगे और उसके नाम पर मेला का आयोजन भी स्वीकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा मैं यहां के लोगों का अभिनंदन करूंगा जिन्होंने गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को रोक दिया और आने वाले समय में गाजी के नाम पर कोई आयोजन न हो, इसकी हम पुख्ता व्यवस्था करेंगे। श्रावस्ती में योगी ने चेतावनी दी कि गाजी मियां के नाम पर जो आयोजन करेगा, उसके खिलाफ सरकार कार्वाई करेगी। महाराजा सुहेलदेव ने 1033 ईस्वी में बहराइच ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सड़क से संसद तक विपक्षी नेताओं का हंगामा

## राहुल, प्रियंका, अखिलेश यादव समेत कई नेता हिरासत में ❍ किये गये रिहा

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्वाई के विरोध में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के निकट धरना दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे की मांग की। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा राहुल गांधी से मिलकर बातचीत के बाद जब धरना समाप्त नहीं हुआ, तो पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, और कई अन्य नेताओं को बलपूर्वक हिरासत में लिया और उन्हें बस में बैठाकर ले गई। पुलिस द्वारा उठाए जाने के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने जोरदार प्रतिरोध भी किया।

हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सरकार चाहे कुछ भी कर ले, इंसाफ की लड़ाई नहीं रुकने वाली है। उन्होंने कहा मोदी जी, हर ज़ोर आज़मा लो, सारी ताकत लगा लो - छात्रों के इंसाफ की ये लड़ाई अब रोके न रुकेगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी को बलपूर्वक और घसीटते हुए उठाया गया, जिससे उन्हें चोट भी आई। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना दे रहे कांग्रेस और विपक्षी दलों के सांसदों को पुलिस ने घसीटकर हिरासत में लिया तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी बलपूर्वक वहां से ले जाया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सिक्किम : निर्माणाधीन सुरंग ढही, 11 की मौत

गंगटोक। सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग ढहने से 10 मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नामची के जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि खोज एवं बचाव अभियान जारी है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि झोलुंगे के समरडुंग में एनएचपीसी (नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन) तीस्ता चरण-छह जल विद्युत परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग भूस्खलन के कारण ढह गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोमवार को एडीआईटी-तीन सुरंग अचानक ढह गई और घटना के वक्त परियोजना अधिकारी और श्रमिकों समेत कुल 25 लोग सुरंग के अंदर फंसे हुए थे। तमांग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे फोन पर बात की और बचाव अभियान के बारे में जानकारी ली। नामची पुलिस ने एक बयान में कहा मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे तक 11 शव बरामद किए गए।

### पंजाब में आतंकी साजिश का भंडाफोड़, 17 गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि उसने मोगा में 17 लोगों को गिरफ्तार करके एक आईईडी, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर तथा एक पिस्तौल बरामद करके आतंकवादी साजिश का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा एक बड़ी सफलता के तहत मोगा पुलिस ने एक आतंकवादी साजिश का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया और एक आईईडी, विस्फोटक सामग्री, एक इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर और मैगजीन के साथ 9 एमएम की एक ग्लॉक पिस्तौल बरामद की है। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आया कि फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा और कथित रूप से आपराधिक गतिविधियों में शामिल इकबाल सिंह उर्फ रवि धालीवाल इस साजिश का मुख्य साजिशकर्ता था।

# यूपी को चार नये एक्सप्रेसवे की सौगात

## ❍ योगी कैबिनेट के बड़े फैसले-मेधावी छात्राओं को मिलेगी स्कूटी ❍ 250 ई-बसों के संचालन को मंजूरी

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में शिक्षा, आधारभूत संरचना और सार्वजनिक परिवहन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने जहां मेधावी छात्राओं के लिए 'रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' के दिशा-निर्देशों को स्वीकृति दी, वहीं प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए चार नई परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बेड़े में 250 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। कैबिनेट में महिला कल्याण, गृह, उच्च शिक्षा, राज्यकर, परिवहन, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन तथा सहकारिता विभाग से जुड़े करीब 18 प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में महिला सशक्तीकरण और बेटियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना' के क्रियान्वयन संबंधी दिशा-निर्देशों को मंजूरी दे दी गई। यह योजना छात्राओं की उच्च शिक्षा तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने ...शेष पृष्ठ 10 पर



### यूपी का एक्सप्रेसवे नेटवर्क होगा और मजबूत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में प्रदेश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क को नई मजबूती देने वाले चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एवं गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली दो लिंक एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए संशोधित एवं अंतिम रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) को मंजूरी देने के साथ ही विंध्य एक्सप्रेसवे और विंध्य-पूर्वांचल स्पर लिंक के अलाइनमेंट को भी स्वीकृति प्रदान कर दी।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक 50.98 किलोमीटर लंबे छह लेन (भविष्य में आठ लेन विस्तारणीय) ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मॉडल पर किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 4,775.84 करोड़ रुपये है। वहीं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को फरुर्खाबाद के रास्ते गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 90.84 किलोमीटर लंबे छह लेन (आठ लेन विस्तारणीय) ग्रीनफील्ड लिंक ...शेष पृष्ठ 10 पर

- ❍ स्नातक की टॉप 5% मेधावी छात्राओं को मिलेगा लाभ, यूपी की निवासी होना अनिवार्य
- ❍ स्कूटी के साथ मिलेगा हेलमेट, बीमा, पंजीकरण व 4 लीटर पेट्रोल,
- ❍ आउट सोर्सिंग सेवा निगम के लिए 20 करोड़ का ऋण सरकार देगी
- ❍ भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ" स्थापित करने को मंजूरी
- ❍ 25.78 करोड़ से खरीदे जाएंगे 44 वाटर और 5 फोम टेंडर
- ❍ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल और गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 12,264 करोड़ रुपये से अधिक की दो लिंक परियोजनाओं को हरी झंडी
- ❍ 26,315 करोड़ रुपये के विंध्य एक्सप्रेसवे और 9,039 करोड़ रुपये के विंध्य-पूर्वांचल स्पर लिंक को भी कैबिनेट की मंजूरी
- ❍ विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में शोध पीठ की स्थापना के लिए मिलेगा अनुदान

### 425.50 करोड़ से खरीदी जायेंगी 250 नयी ई-बसें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बस बेड़े को बढ़ाने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इस पर कुल 425.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस निर्णय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 400 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 25.50 करोड़ रुपये का खर्च यूपीएसआरटीसी वहन करेगा। इसी के साथ 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट फैसले के मुताबिक रोडवेज बेड़े में 100 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 50 सीटर) व 150 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 41 सीटर) शामिल की जाएंगी। इन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाया जाएगा। नई इलेक्ट्रिक बसों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## तीन अगस्त से यूपी विधानमंडल का सत्र

लखनऊ। योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों का वर्ष 2026 का तृतीय सत्र 3 अगस्त, 2026 (सोमवार) से आहूत किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। आगामी सत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुपूरक बजट, अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक तथा अन्य महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपादित किए जाएंगे।

राज्य विधानमंडल का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल को आहूत किया गया था। उसी दिन विधानसभा एवं विधान परिषद की बैठक समाप्त होने के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी तथा 7 मई 2026 से सत्रावसान कर दिया गया था। संविधान के अनुच्छेद-174 तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली के अनुसार विधानमंडल के दो सत्रों के बीच छह माह से अधिक का अंतर नहीं हो सकता। इसी संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप आगामी सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया है। लोक भवन के मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# धामी ने कांवड़ यात्रा को लेकर की बैठक

## 30 से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश, प्रमुख घाटों पर वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था

**प्रमुख संवाददाता**



हरिद्वार (उत्तराखंड)। कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना के बीच राज्य सरकार ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा से पहले सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार कर ली जाएं। मेला नियंत्रण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन का फोकस सुरक्षित कांवड़, सुव्यवस्थित कांवड़ और स्वच्छ कांवड़ पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा, जिससे श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन और एआई आधारित निगरानी व्यवस्था का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए। तकनीकी निगरानी के जरिए भीड़ के दबाव वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर भी लगातार निगरानी रखने और ऐसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### गाजियाबाद : पटरी से उतरे मालगाड़ी के छह डिब्बे

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद इलाके में कोयले से लदी एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गाजियाबाद-नयी दिल्ली मार्ग पर रेल यातायात बाधित हुआ और 53 ट्रेन प्रभावित हुईं। उत्तर रेलवे के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार मालगाड़ी के डिब्बों के पटरी से उतरने से व्यस्त गाजियाबाद-नयी दिल्ली मार्ग पर रेल यातायात बाधित हुआ और 53 ट्रेन प्रभावित हुईं। अधिकारियों के अनुसार यह घटना सोमवारा मंगलवार की दरमियानी देर रात करीब 2:36 बजे हुई और इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि डिब्बों के पटरी से उतरने के कारण कोयला पटरियों पर फैल गया, जिससे गाजियाबाद और दिल्ली के बीच ट्रेनों का ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नीट पेपर लीक होना घोर पाप : मोदी

## ऐसी घटनाओं पर लगाम के लिए सभी सरकारें राजनीति से ऊपर उठकर करें काम

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीट में गड़बड़ियों पर अपनी पहली टिप्पणी में मंगलवार को कहा कि पेपर लीक के घोर पाप में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है ताकि कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सभी राज्य सरकारों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र के साथ मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि यह देश के हित का मामला है। उन्होंने राजग सांसदों से यह भी कहा कि उन्हें लोगों के साथ प्यार और स्नेह के साथ जुड़े रहना चाहिए तथा युवाओं का भरोसा जीतने की ज़रूरत है। मोदी यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इन टिप्पणियों को युवाओं को शांत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। यह बैठक नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हजारों छात्रों के चलो संसद मार्च और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के एक दिन बाद हुई। मंगलवार को आयोजित इस बैठक का नाम मंगल मिलन रखा गया था। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि प्रश्नपत्र लीक की खबर सामने आते ही सरकार ने तत्काल कार्रवाई की और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। रीजीजू ने कहा साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- ❍ सीबीआई के जवाब पर हाईकोर्ट नाराज (पृष्ठ-02)
- ❍ भारतीय ज्ञान परंपरा पर शोध को मिलेगा बढ़ावा (पृष्ठ-02)
- ❍ रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.24 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ❍ अदला-बदली में 20.72 अरब डॉलर का मुद्रा प्रवाह (पृष्ठ-10)
- ❍ पुनर्खरीद नियम से पहले परिचालन ढांचा खड़ा करें (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** यूपी मेट्रो ने शुरू किया नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड, लखनऊ मेट्रो यात्रियों को हर यात्रा पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट

# अब एक कार्ड से देशभर की मेट्रो में कर सकेंगे सफर

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ। यूपी समेत देश भर के मेट्रो यात्रियों के लिए सफर अब और आसान व स्मार्ट हो गया है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने मंगलवार को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सेवा की शुरूआत कर दी। इसके साथ ही लखनऊ मेट्रो भी एक देश, एक कार्ड की अवधारणा से जुड़ गई है।

अब यात्री इस कार्ड के माध्यम से लखनऊ के अलावा कानपुर, आगरा समेत देश की अन्य मेट्रो सेवाओं में भी यात्रा कर सकेंगे। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने एनसीएमसी कार्ड सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह कार्ड एक इंटर-ऑपरेबल ट्रांसपोर्ट कार्ड है, जिसका इस्तेमाल मेट्रो के साथ-साथ उन बस सेवाओं, पार्किंग और रिटेल सेवाओं में भी किया जा सकेगा, जहां एनसीएमसी सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा से यात्रियों को टिकट लेने के लिए लाइन में लगने से राहत मिलेगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। लखनऊ मेट्रो में एनसीएमसी कार्ड से सफर करने वाले यात्रियों को प्रत्येक यात्रा पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। यूपीएमआरसी ने बताया कि फिलहाल पुराने गो स्मार्ट कार्ड से भी यात्रा जारी रहेगी।

जल्द ही विशेष एक्सचेंज विंडो शुरू की जाएगी, जहां यात्री 30 दिनों के भीतर अपने गो स्मार्ट कार्ड को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के एनसीएमसी कार्ड में बदलवा सकेंगे। यह कार्ड लखनऊ मेट्रो के सभी स्टेशनों पर स्थित एयरटेल पेमेंट्स बैंक के काउंटर/कियोस्क से प्राप्त किया जा सकता है। कार्ड जारी करने का शुल्क 100 रुपये रखा गया है, जो वापस नहीं होगा। कार्ड ओटीपी के माध्यम से भी जारी कराया जा सकेगा और इसके लिए अलग से केवाईसी की जरूरत नहीं होगी। यात्री एनसीएमसी कार्ड को मेट्रो स्टेशन स्थित कियोस्क, टिकट वेंडिंग मशीन, लखनऊ मेट्रो ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज खाली पदों को भरने पर होगी चर्चा

**जिला संवाददाता**

अयोध्या (उप्र)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य स्वामी परमानंद गिरि ने मंगलवार को कहा कि ट्रस्ट की बुधवार को होने वाली बैठक में न्यासियों के रिक्त पदों को भरने तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

गिरि ने संवाददाताओं से कहा कि न्यास में खाली पदों को भरना होगा। उन्होंने कहा, जो भी अन्य मुद्दे आएंगे वह बैठक के दौरान ही पता चलेगा। कथित राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) को सौंपने के संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर गिरि ने कहा कि न्यास पहले मौजूदा एसआईटी की रिपोर्ट का इंतजार करेगा। उन्होंने कहा (मौजूदा) एसआईटी की रिपोर्ट आने दीजिए। पहले इसकी जांच की जानी चाहिए और फिर भविष्य की कार्वाई तय की जाएगी। मामले की जांच के लिए नई एसआईटी गठित किए जाने के उच्चतम न्यायालय के सुझाव के बारे में पूछे जाने पर गिरि ने इसकी जरूरत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा अगर वर्तमान एसआईटी को उचित नहीं माना गया तो दूसरी एसआईटी बनाने से भी कोई विशेष अंतर नहीं पड़ेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या न्यासी के रिक्त पदों के लिए किसी नाम पर विचार किया जा रहा है, गिरि ने कहा कि अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।

# योगी सरकार खरीदेगी 250 इलेक्ट्रिक बसें

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बस बेड़े को बढ़ाने के लिए नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इस पर कुल 425.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस निर्णय के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 400 करोड़ रुपये के प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त 25.50 करोड़ रुपये का खर्च यूपीएसआरटीसी वहन करेगा। इसी के साथ 250 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट फैसले के मुताबिक रोडवेज बेड़े में 100 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 50 सीटर) व 150 इलेक्ट्रिक बसें (12 मीटर, 41 सीटर) शामिल की जाएंगी। इन बसों के संचालन से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाया जाएगा। नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर कुल 425.50 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें 400 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष 25.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संसाधनों से करेगा। योगी सरकार ने बसों की खरीद में उत्तर प्रदेश के मैन्युफैक्चरर्स को प्राथमिकता देने का भी निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। 1 नवंबर 2026 से सीएक्यूएम के निर्देशों के मुताबिक दिल्ली में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 श्रेणी के वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। ऐसे में नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से उत्तर प्रदेश रोडवेज इन मानकों का समयबद्ध अनुपालन

**योगी कैबिनेट की मंजूरी**

करेगा और एनसीआर क्षेत्र में बस संचालन निर्बाध रहेगा। योगी सरकार का ये फैसला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होने वाले पर्यावरणीय मानकों को देखते हुए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। योगी सरकार इन इलेक्ट्रिक बसों के जरिए प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन व शहरी क्षेत्रों में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इससे डीजल आधारित बसों पर निर्भरता कम होगी, वायु प्रदूषण में कमी आएगी व पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# यूपी आउटसोर्स सेवा निगम को मिलेगा 20 करोड़ का ब्याजमुक्त ऋण

## सार्वजनिक सेवाओं को मिलेगा नया आधार, आउटसोर्स व्यवस्था होगी और मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

- 5 वर्षों तक निगम पर ऋण अदायगी का नहीं रहेगा दायित्व, उसके बाद 2 करोड़ प्रतिवर्ष करना होगा भुगतान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के संचालन को गति देने के लिए बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय में प्रावधानित 20 करोड़ रुपये की धनराशि निगम को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस निर्णय से नवगठित निगम के संचालन को मजबूती मिलेगी व प्रदेश में आउटसोर्स सेवाओं के प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कंपनी अधिनियम-2013 की धारा-8 के अंतर्गत एक गैर-लाभकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में किया गया है। निगम का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम अपने संचालन के शुरूआती चरण में है। ऐसे में इसके प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, आउटसोर्सिंग एजेंसियों से लिए जाने वाले सेन्टेज चार्ज सहित अन्य व्यवस्थाओं को विकसित करने, कार्य संचालन को सुचारु रूप से शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रारंभिक वर्षों में अपनी आय के माध्यम से ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं होगा। प्रारंभिक आंकलन के आधार पर पहले पांच वर्षों तक निगम पर ऋण अदायगी का दायित्व नहीं रहेगा। इसके बाद निगम अपनी आय से 2 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की दर से अगले दस वर्षों में इस ऋण का भुगतान करेगा।

# वाराणसी में बनेगा 500 बेड का महिला छात्रावास

- 6,000 वर्गमीटर सरकारी भूमि महिला कल्याण विभाग को होगी निःशुल्क हस्तांतरित
- 'नो प्रॉफिट–नो लॉस' मॉडल पर संचालित होगी मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के तहत वाराणसी में 500 क्षमता वाले उच्च गुणवत्तापूर्ण महिला छात्रावास के निर्माण के लिए 6,000 वर्गमीटर सरकारी भूमि महिला कल्याण विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

यह भूमि हरिजन इंडस्ट्रियल गवर्नमेंट, उत्तर प्रदेश सरकार के नाम दर्ज है जिसे अब महिला कल्याण विभाग के पक्ष में स्थानांतरित किया जाएगा। इस छात्रावास का निर्माण शत-प्रतिशत राज्य सरकार के वित्त पोषण से किया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी में 6000 वर्ग मीटर भूमि पर 500 क्षमता का एक छात्रावास बनाने के प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी है। बजट में 7 छात्रावास बनाने का प्रावधान था, जिसमें से झांसी, आगरा, मेरठ और गोरखपुर के लिए पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। आज वाराणसी के लिए भी प्रस्ताव आज पास किया गया है। प्रदेश में निजी, सरकारी और औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही महिला कार्यबल की जरूरतों को देखते हुए महिला कल्याण विभाग कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती छात्रावासों का निर्माण करा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सस्ती दरों पर सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार के अधीन कार्यरत महिला कल्याण विभाग इस योजना का संचालन 'नॉन-कॉमर्शियल, नो प्रॉफिट-नो लॉस' सिद्धांत पर करेगा। इसी सामाजिक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वाराणसी में छात्रावास निर्माण के लिए सरकारी भूमि महिला कल्याण विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जा रही है।

**248.30 लाख से तैयार होगा 112 छात्राओं की क्षमता वाला छात्रावास...** उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में छात्राओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने वाराणसी स्थित वसंत महिला महाविद्यालय, राजघाट फोर्ट में छात्राओं के लिए 112 सीटों वाले नए छात्रावास भवन के निर्माण को मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह केंद्रीय विश्वविद्यालय काशी हिंदू विश्वविद्यालय का एक संघटक महाविद्यालय है। यह पिछले 112 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कर रहा है और ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ चल रहा है। अब तक एक छात्रावास था। जिसमें 220 छात्राओं को लिए सुविधा थी। उन्होंने बताया कि एक 248.30 लाख रुपये की लागत से त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत एक महिला छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। यह छात्रावास 112 छात्राओं के लिए होगा।

# संभल हिंसा जांच रिपोर्ट कैबिनेट में पेश

## मानसून सत्र में विधानमंडल के पटल पर रखी जाएगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संभल में 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की रिपोर्ट मंगलवार को प्रदेश कैबिनेट में पेश की गई। करीब 450 पन्नों की यह रिपोर्ट आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में विधानमंडल के दोनों सदनों के पटल पर रखी जाएगी। न्यायिक आयोग की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार अरोड़ा ने की। आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अमित मोहन प्रसाद और सेवानिवृत्त आईपीएस अरविंद कुमार जैन सदस्य रहे।

न्यायिक आयोग ने पिछले वर्ष अगस्त में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी थी। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में संभल हिंसा के कारणों, घटनाक्रम और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। आयोग की रिपोर्ट में संभल हिंसा के लिए कथित तौर पर तत्कालीन घटनाक्रम और कुछ राजनीतिक बयानों को भी जिम्मेदार ठहराने का उल्लेख है। रिपोर्ट में 22 नवंबर 2024 को दिए गए सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के भाषण का भी जिक्र होने की बात सामने आई है। हालांकि, रिपोर्ट के आधिकारिक सार्वजनिक होने के बाद ही इसके निष्कर्षों और टिप्पणियों की पूरी पुष्टि हो सकेगी। बताया गया है कि न्यायिक आयोग ने संभल की सामाजिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति में आए बदलावों का भी उल्लेख किया है। रिपोर्ट में पुराने दंगों और उनके प्रभावों का जिक्र होने की बात कही जा रही है। यह भी बताया जा रहा है कि आयोग ने वर्ष 1936 से 2019 तक संभल में हुए विभिन्न दंगों और हिंसक घटनाओं का अध्ययन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, संभल नगरपालिका क्षेत्र में 1947 में हिंदुओं की आबादी करीब 45% थी. वहीं 2025 तक यह घटकर सिर्फ 15% रह गई है.यानी 78 सालों में हिंदू जनसंख्या में लगभग 30% की गिरावट दर्ज की गई है। आयोग का मानना है कि आजादी के बाद यहां हुए 15 दंगों और लगातार तनाव की वजह से बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कुछ हिंदू परिवारों पर दबाव बनाकर धर्मांतरण कराया गया और उनकी संपत्तियों पर कब्जे की शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट में इन घटनाओं के दौरान हुई जनहानि और उनके सामाजिक प्रभावों का भी विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में संभल के धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें क्षेत्र के प्राचीन तीर्थ स्थलों और पवित्र कूपों से संबंधित तथ्यों का अध्ययन किए जाने की बात कही गई है। जांच रिपोर्ट में संभल हिंसा के दौरान बरामद हथियारों और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े पहलुओं का भी उल्लेख होने की जानकारी है। सूत्रों के अनुसार, हिंसा मामले की जांच में कुछ आपराधिक तत्वों और हथियारों की बरामदगी से जुड़े बिंदुओं को शामिल किया गया है। अब विधानसभा के मानसून सत्र में रिपोर्ट के आधिकारिक रूप से रखे जाने के बाद इसके निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से सामने आएंगे।

# 222 कर्मियों की होगी भर्ती

**लखनऊ।** जनभवन के लगभग 222 अधिकारियों व कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। कैबिनेट ने उप्र राज्यपाल सचिवालय और घरेलू सेवा नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल सचिवालय के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रथक नीति व नियमावली न होने के कारण कई पदों पर अधियाचन नहीं हो पा रहा था। वर्तमान में जनभवन में अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती प्रतिनियुक्ति के आधार पर होती है। समूह क, ख व ग के तहत रिक्त पदों पर भर्तियां होंगी।

**कृष्णावतारम के टैक्स फ्री राशि की प्रतिपूर्ति करेगी सरकार...** प्रदेश सरकार फिल्म 'कृष्णावतारम' फिल्म की टैक्स फ्री के तहत माफ हुई राशि की प्रतिपूर्ति करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट ने इस पर सहमति दे दी। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि सरकार द्वारा टैक्स फ्री घोषित किए जाने के बाद दर्शकों को फिल्म के टिकट पर लग रही जीएसटी की राशि का भुगतान नहीं करना पड़ा था।

**नाबार्ड से 650 करोड़ और ऋण ले सकेंगे सहकारी ग्राम विकास बैंक ...** यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक वित्तीय वर्ष 2026-27 में नाबार्ड से 650 करोड़ रुपये और ऋण ले सकेंगे। योगी आदित्यनाथ के अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसकी मंजूरी दे दी गई है। अब सरकार सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के कुल 1500 करोड़ रुपये के लोन की गारंटी लेगी। इस रकम का इस्तेमाल बढ़ते ऋण वितरण में आ रही धन की कमी से निपटने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

# 'भारतीय ज्ञान परंपरा पर शोध को मिलेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

- भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ' स्थापित करने को योगी कैबिनेट की मंजूरी

**लखनऊ।** योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में मंगलवार को प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ' स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही योजना के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों को भी स्वीकृति दी गई। इस निर्णय का उद्देश्य भारत की समृद्ध बौद्धिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को उच्च शिक्षा से जोड़ते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रवर्तकों एवं ज्ञान-विज्ञान के महान चिंतकों के विचारों के अध्ययन, अनुसंधान और प्रसार को बढ़ावा देना है।

योजना के अन्तर्गत 50 वर्ष या उससे अधिक पुराने तथा 5,000 से अधिक छात्र संख्या वाले राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के महान प्रवर्तकों के नाम पर शोधपीठ स्थापित की जाएंगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में 5 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इन शोधपीठों के माध्यम से महान भारतीय आचार्यों, दार्शनिकों, वैज्ञानिकों और चिंतकों के योगदान का अनुसंधान, अभिलेखीकरण तथा व्यापक प्रसार किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों में तार्किकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा वैश्विक उपयोगिता के प्रति जागरूकता विकसित की जाएगी। लोक भवन के मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली को सुदृढ़ बनाने पर विशेष बल दिया गया है। इसी के अनुरूप शोधपीठों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा, पर्यावरणीय ज्ञान, कृषि परंपराओं, सांस्कृतिक अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान की अन्य विधाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण और अनुसंधान किया जाएगा, ताकि इनका लाभ समाज तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि शोधपीठ किसी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय के विभाग, केंद्र अथवा संकाय में सामान्यतः पांच वर्षों के लिए स्थापित की जाएगी तथा इस अवधि के बाद समीक्षा के आधार पर इसके विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शोधपीठ की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा पांच वर्षों हेतु अधिकतम दो करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। यह राशि सावधि बचत खाते में जमा की जाएगी तथा उससे प्राप्त ब्याज का उपयोग शोधपीठ के संचालन और उसकी निरंतरता बनाए रखने में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), दान तथा अन्य स्रोतों से भी अनुदान प्राप्त किया जा सकेगा, जिसे उसी सावधि बचत खाते में जमा किया जाएगा।

इस निर्णय से प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी और भारतीय ज्ञान-विज्ञान को वैश्विक अकादमिक विमर्श से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

# अजय राय ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उ.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र लिखकर कल दिल्ली में लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग कथित रूप से विना पहचान वाले व्यक्तियों की तैनाती तथा संवाद के स्थान पर दमन की नीति के संबंध में हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि भारत का संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों पर आधारित है।

हमारे स्वतंत्रता संग्राम की विरासत जनसंवाद सत्याग्रह और लोकतांत्रिक प्रतिरोध की रही है। इसी भावना से संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार प्रदान करता है। कल नई दिल्ली में जंतर-मंतर से संसद तक छात्रों एवं युवाओं के शांतिपूर्ण मार्च के दौरान जो दृश्य सामने आए वह अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होने पत्र में कहा है कि सोशल मीडिया एवं विभित्र माध्यमों में प्रसारित चित्रों और वीडियो में यह आरोप सामने आया है कि भीड़ नियंत्रण में लगे अनेक सुरक्षाकर्मियों ने नाम-पट्ट नहीं लगाए थे तथा अनेक सामान्य वस्त्रधारी व्यक्ति भी लाठियों के साथ कार्रवाई में शामिल दिखाई दिए। यह पुलिस की जवाबदेही, पारदर्शिता और विधि के शासन की मूल भावना पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। इस आंदोलन की पृष्ठभूमि में नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली पर लगातार उठते प्रश्न तथा रि-नीट से जुड़ी शिकायतों ने उत्तर प्रदेश सहित देश के लाखों युवाओं में गहरा अविश्वास पैदा किया है।

वर्षों की मेहनत के बाद वे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। देश के 21 युवाओं ने निराश होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा लिए। ऐसे में युवाओं की आवाज सुनने के बजाय यदि आँसू गैस, लाठीचार्ज और बल प्रयोग का सहारा लिया जाता है. तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल और अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने छात्रों की न्यायोचित मांगों का समर्थन करते हुए उनके साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया है। यह लोकतांत्रिक परंपरा का उदाहरण है, जिसमें जनता के सवालों का उत्तर संवाद, संवेदनशीलता और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप दिया जाता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति, इतिहास साक्षी है कि जब-जब जनआक्रोश उत्पन्न हुआ, तब-तब लोकतांत्रिक सरकारों ने संवाद का मार्ग अपनाया। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने अनेक मुद्दों पर आंदोलनकारियों से वार्ता हेतु वरिष्ठ मंत्रियों की समितियों का गठन किया गया। उस समय की सरकार का यह आचरण संसदीय लोकतंत्र की परिपक्वता का परिचायक था। दुर्भाग्य से आज मोदी सरकार की अधिनायकवादी नीति ने संवाद को टकराव का रूप दे दिया है।

# लालजी टंडन को पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय श्रद्धेय बाबूजी श्री लालजी टंडन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को हजरतगंज स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना एवं असीम अरुण, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, उपविजेता रजनीश गुप्ता, टंडन परिवारजन में अमित टंडन, सुबोध टंडन सहित भाजपा लखनऊ



महानगर के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने स्वर्गीय लालजी टंडन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन की मजबूती और जनकल्याण के लिए समर्पित किया। उनका सरल स्वभाव, कुशल नेतृत्व और कार्यकताओं के प्रति आत्मीय व्यवहार सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, दीपक शुक्ला,सौरभ वाल्मीकि, मंत्री सतीश मिश्रा, सतवीर, सहित बड़ी संख्या में कार्यकता उपस्थित रहें।

# अग्निशमन एवं आपात सेवा को मिलेगी नयी ताकत

विशेष संवाददाता (vol)

- 25.78 करोड़ से खरीदे जाएंगे 44 वाटर और 5 फोम टेंडर

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में अग्निशमन एवं आपात सेवा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

योगी कैबिनेट ने विभाग के लिए कुल 44 वाटर टेंडरों और 5 फोम टेंडरों के निर्माण और खरीद के लिए 25 करोड़ 78 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी। इस निर्णय के तहत नई मांग के सापेक्ष 5 वाटर टेंडर (2500 लीटर क्षमता) का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा निष्प्रयोज्य के सापेक्ष 39 वाटर टेंडर (2500 लीटर क्षमता) तथा 5 फोम टेंडर (5000+500 लीटर क्षमता) का निर्माण एवं क्रय किया जाएगा। इन सभी वाहनों में चेसिस, हाई प्रेशर पंप, फैब्रिकेशन और आवश्यक एसेसरीज शामिल होंगी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अग्निशमन एवं आपात सेवा एक अत्यंत महत्वपूर्ण आपातकालीन सेवा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण, शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं पर त्वरित और प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश के तंग मोहल्लों, भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों, कस्बों, औद्योगिक इकाइयों, पेट्रोलियम एवं गैस प्रतिष्ठानों, रासायनिक इकाइयों, एयरपोर्ट, हेलीपैड तथा पेंट और अन्य ज्वलनशील तरल पदार्थों के गोदामों में आग बुझाने के लिए आधुनिक फायर टेंडरों की आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# चुनाव को लेकर पार्टी अपने पदाधिकारियों के साथ मंथन कर रही : निषाद

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) द्वारा लखनऊ में आयोजित पाँच दिवसीय पदाधिकारी मंथन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज दूसरा दिन संपन्न हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत 20 जुलाई, को महिला मोर्चा तथा 21 जुलाई, को युवा मोर्चा, सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के जनपद प्रभारियों के साथ शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, 24 जुलाई, 2026 को निषाद पार्टी के संकल्पित, सक्रिय, प्रदेश, मंडल एवं जिला पदाधिकारियों की प्रादेशिक शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। निषाद पार्टी समय-समय पर अपने पदाधिकारियों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करती रही है, ताकि संगठन के पदाधिकारी प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों, समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों तथा पार्टी की नीतियों एवं दिशा-निदेर्शों को भली-भांति समझ सकें और उन्हें जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी अपने पदाधिकारियों के साथ व्यापक चिंतन एवं मंथन कर रही है।

डॉ. निषाद ने कहा कि निषाद समाज के नाम पर राजनीति करने वाले विपक्षी नेताओं द्वारा विगत साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल का जवाब माँगा जा रहा है, जिसका तथ्यात्मक एवं प्रभावी उत्तर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग आज आरक्षण के मुद्दे पर हमसे प्रश्न कर रहे हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि मुख्यमंत्री जी द्वारा भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) को पत्र लिखे जाने तथा आरजीआई से प्राप्त उत्तर के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मझवार एवं तुरैहा अनुसूचित जाति की श्रेणी में आते हैं तथा संबंधित उपजातियों के विषय में जो स्थिति स्पष्ट हुई है, वह निषाद पार्टी और उसके सतत संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जो लोग लगभग 70 वर्षों तक सत्ता में भागीदार रहे, मंत्री, सांसद और विधायक बने, लेकिन समाज को उसका अधिकार नहीं दिला सके, वही आज हमसे साढ़े चार वर्षों का हिसाब माँग रहे हैं। निषाद पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर बनी थी और आज भी अपने मूल उद्देश्य एवं संकल्प पर पूरी दृढ़ता के साथ कायम है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज को बताया जाए कि सरकार में आने के बाद बीते साढ़े चार वर्षों में क्या कार्य किए गए और किन क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन लाए गए। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का मत्स्य विभाग मछुआ समाज के कल्याण तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। पूर्व में भी प्रदेश में मत्स्य विभाग था, किन्तु मछुआ समाज के हित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाता था। डॉ. निषाद ने बताया कि वर्तमान सरकार में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, मत्स्य क्षेत्र के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, माता सुकेता केज कल्चर योजना, निषाद राज बोट योजना तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत शिक्षा, चिकित्सा, विवाह, दैवीय आपदा सहित विभिन्न मदों में आर्थिक सहायता जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

## राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति का मामला

# सीबीआई के जवाब पर हाईकोर्ट नाराज

विधि संवाददाता

**संयुक्त निदेशक से मांगी जांच रिपोर्ट**



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई के जवाब पर असंतोष जताया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई की ओर से दाखिल जवाब उसके पूर्व आदेश के अनुरूप नहीं है और इससे शिकायत पर हुई जांच की प्रगति का पता नहीं चलता। यह कहते हुए पीठ ने सीबीआई के एसी मुख्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक अथवा संबंधित जोन प्रमुख को अगली सुनवाई पर स्वयं शपथपत्र दाखिल कर जांच की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा देने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति आर एस चैहान और न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की पीठ ने सोमवार को कर्नाटक निवासी एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दायर आपराधिक रिट याचिका पर लगभग दो घंटे तक इन-चैम्बर सुनवाई की थी। पीठ ने मामले को पार्ट-हर्ड मानते हुए अगली सुनवाई 20 अगस्त को निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान सीबीआई और ईडी ने अपने-अपने जवाबी हलफनामे दाखिल किए। कोर्ट ने सीबीआई के हलफनामे का अवलोकन करने के बाद कहा कि इसमें पूर्व आदेश के अनुरूप शिकायत पर हुई कार्रवाई और जांच की प्रगति का स्पष्ट विवरण नहीं दिया गया है। ऐसे में उच्च अधिकारी के स्तर से नया शपथपत्र दाखिल किया जाना आवश्यक है। वहीं, ईडी की ओर से दाखिल हलफनामे पर पीठ ने कहा कि एजेंसी ने आवश्यक प्रारंभिक कदम उठाए हैं। यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता या अवैध कृत्य से संबंधित साक्ष्य एवं दस्तावेज सामने आते हैं तो ईडी विधि के अनुसार आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगी। पीठ ने केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय तथा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) को विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याची द्वारा हाल में दाखिल दो अंतरिम प्रार्थना पत्रों के बावत कोर्ट ने कहा कि वह इन पर अगली सुनवाई में विचार करेगा। कोर्ट ने पूर्व आदेश के अनुरूप पूरे अभिलेख को सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ रजिस्ट्रार की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने का निर्देश भी बरकरार रखा।

संक्षेप

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



प्रतापगढ़। पौधरोपण कर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत कटरा मुस्तफाबाद स्थित कैलाश नाथ पार्वती पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्रबंधक कैलाशनाथ पाण्डेय की अगुवाई में छात्र छात्राओं में निःशुल्क फलदार व छायादार आम, अमरूद, बेल, नीम, कटहल, सहजन, इमली, महुआ, जामुन आदि के पौधों का वितरण किया गया। वहीं स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों संग विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। प्रबंधक ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पौधरोपण कर उसका संरक्षण अति आवश्यक है। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य राहुल पाण्डेय ने किया।

## तीन पर एससीएसटी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मवेशी के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा गांव निवासी अनिल गौतम पुत्र रामसुख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मवेशी के विवाद को लेकर बीती बीस जुलाई को गांव के रणजीत सिंह व मान सिंह पुत्रगण सुखदेव सिंह तथा गुडडू सिंह पुत्र रणजीत सिंह ने जातिसूचक गालियां देते हुए जानलेवा धमकी दी। आरोपियों ने पूर्व में भी एकराय होकर उसे मारापीटा था। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## महिला पर मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। पारिवारिक रंजिश में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पयागीपुर बड़ी गांव की सुन्दरा देवी पत्नी सुखई पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पारिवारिक रंजिश को लेकर बीती बीस जुलाई को दोपहर करीब पौने एक बजे उसकी देवरानी फूलमती पत्नी श्रीराम गाली देने लगे। विरोध करने पर पीड़िता को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने फूलमती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सतीश पटेल पुत्र लालचंद्र पटेल निवासी महमदपुर महेशगंज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि पकड़े गए वांछित के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर समेत नौ मुकदमें दर्ज हैं। पकड़े गये आरोपी को मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## आज दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज बुधवार से रामपुरखास के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी। विधायक मोना आज बुधवार को दिन में ढ़ाई बजे ननौती में कार्यकताओं से मुलाकात करेंगी। सायं पांच बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में पर्यटन विकास से जुडी परियोजनाओं का अवलोकन करेगी। सायं पौने पांच बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। वह रात्रि विश्राम लालगंज स्थित आवास पर करेंगी। अगले दिन गुरूवार को वह पूर्वान्ह ग्यारह बजे कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं की बैठक में शामिल होंगी। इसके बाद विधायक मोना दिन में बारह बजे कटरा मातादीन व धारूपुर तथा मोठिन, खण्डवा, प्रतापपुर, खपराही, वीरसिंहपुर, लकुरी, भटनी आदि स्थानों पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# श्रावस्ती को मिली 396 करोड़ की विकास सौगात

## बहराइच-लखनऊ के बीच बनने वाले फोरलेन कॉरिडोर से जुड़ेगा श्रावस्ती




जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को श्रावस्ती के इकौना, सीताद्वार में आयोजित कार्यक्रम में श्रावस्ती जिले की विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि श्रावस्ती ने विकास के पायदान पर लंबी छलांग लगाई है। देशभर के 500 आकांक्षी विकास खंडों में श्रावस्ती का एक विकासखंड विकास के मामले में पहले स्थान पर रहा है, जो जिले की नई पहचान है। सरकार बदलने के बाद श्रावस्ती तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच विरासत और विकास के समन्वय की है और इसी दिशा में सरकार कार्य कर रही है। यदि जिले के दोनों विधायक भाजपा के होंगे तो डबल इंजन सरकार के साथ विकास की रफ्तार और तेज होगी, जिससे रोजगार, निवेश और नई परियोजनाओं को गति मिलेगी। सीएम ने बताया कि श्रावस्ती को बेहतर सड़क संपर्क देने के लिए श्रावस्ती-बलरामपुर-गोंडा-अयोध्या फोरलेन कॉरिडोर पर कार्य चल रहा है। साथ ही बहराइच-लखनऊ के बीच लगभग 7,500 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन कॉरिडोर स्वीकृत किया गया है। सरकार का प्रयास रहेगा कि इस मार्ग को आगे बढ़ाकर श्रावस्ती तक जोड़ा जाए, जिससे जिले की लखनऊ और अयोध्या से सीधी फोरलेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब श्रावस्ती की पहचान तक नहीं थी और प्रदेश में श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच सबसे पिछड़े क्षेत्रों में गिने जाते थे। आज बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, जबकि मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज की दिशा में भी कार्य हो रहा है। हाईवे, रेलवे और एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं क्षेत्र को नई गति देंगी, जबकि महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम योगी ने सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि 1970 की यह परियोजना वर्षों तक अधूरी रही, लेकिन डबल इंजन सरकार ने इसे पूरा कर किसानों तक सिंचाई की सुविधा पहुंचाई। समयबद्ध तरीके से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता केवल डबल इंजन भाजपा सरकार के पास है और कार्यकताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा, विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक राम फेरन पाण्डेय, प्रशासक जिला पंचायत दद्दन सिंह और भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मिश्री लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नशीली दवाओं से बचाव को लेकर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



श्रावस्ती। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती की ओर से मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चंद्र के निर्देश तथा सचिव अनुप्रिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार शर्मा ने नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही बताया कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता और निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश तिवारी, महामंत्री सतीश मौर्य, चीफ एलएडीसी दिनेश वर्मा, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी, असिस्टेंट एलएडीसी संजय सिंह, अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित पीएलवी माला शर्मा, ज्योति गुप्ता, किरण चौरसिया, आदित्य, अमर, चितरंजन मौर्य, अशोक कुमार, अनूप तथा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## भयंकर बारिश में भी नहीं डिगा प्रशासनिक हौसला

### सूबे के मुखिया के आगमन की तैयारियों में नहीं छोड़ी कसर



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले श्रावस्ती जिला प्रशासन के सामने मौसम ने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी थी। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं थीं। एक ओर जहां आसमान से आफत बरस रही थी, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक मशीनरी दिन-रात मैदान में डटी रही और हर व्यवस्था को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने में जुटी रही। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी और मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की कमान संभालते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। बारिश के बीच भी अधिकारियों की लगातार सक्रियता से व्यवस्थाओं को गति मिलती रही। सबसे बड़ी चुनौती कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को सुरक्षित रखना, जलभराव से निपटना, आवागमन मार्गों को सुचारु बनाए रखना और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था। प्रशासन ने मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए वैकल्पिक रणनीति तैयार की। वाटरप्रूफ पंडाल, हेलीपैड निर्माण, बैरिकेडिंग, पार्किंग, साफ-सफाई और जनसभा स्थल की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों और संपर्क मार्गों की स्थिति पर नजर बनाए रखी। नगर निकाय एवं पंचायत विभाग ने स्वच्छता और जल निकासी की जिम्मेदारी संभाली। विद्युत विभाग ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखी। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टीम, एंबुलेंस और आकस्मिक सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा। वहीं पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए।

मुख्यमंत्री के आगमन मार्ग से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के कई स्तर तैयार किए गए। पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनाती के साथ यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की लगातार समीक्षा होती रही।

बारिश के बीच प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अधिकारी लगातार स्थल निरीक्षण करते रहे और छोटी-छोटी कमियों को भी तत्काल दूर कराया गया। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने भी तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आखिरकार प्रशासन की मेहनत रंग लाई। खराब मौसम के बावजूद तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी हुईं और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरा प्रशासनिक अमला एकजुट नजर आया। श्रावस्ती में यह आयोजन आपदा जैसी परिस्थितियों के बीच बेहतर प्रबंधन, समन्वय और टीमवर्क का उदाहरण बनकर सामने आया।

## सर्पदंश से महिला व युवक की मौत





प्रतापगढ़। सर्पदंश से महिला व युवक की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे पण्डित सिंहगढ़ गांव निवासी रमाशंकर मिश्र उर्फ झुन्ना की अड़तालिस वर्षीया पत्नी पुष्पा देवी बीती सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे घर के बगल धान की नर्सरी में घुसे मवेशी को भगाने गयी थी। इसी बीच खेत के पास उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। महिला चीखते हुए भागकर घर पहुंची और परिवार को सर्पदंश की जानकारी दी। इसी बीच वह अचेत हो गयी। परिजन उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं। परिजन ने बताया बुधवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। उधर थाना क्षेत्र के बूबूपुर गांव में सोमवार की रात करीब दो बजे सर्पदंश से अठारह वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक प्रतीक मिश्र उर्फ नान पुत्र धर्मेन्द्र मिश्र रायबरेली जनपद के कवही भगतपुर परशदेपुर निवासी था। वह यहां अपने मामा के मदन कुमार पाण्डेय के यहां रहकर पढ़ाई करता था। परिजनों के अनुसार रात करीब दो बजे कमरे में तख्त पर सोते समय उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी युवक ने मामा को दी। आननफानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रतीक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। मृतक दो भाईयों में छोटा था। हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

## जनसुनवाई, त्वरित न्याय और भू-माफियाओं पर सख्ती होगी प्राथमिकता : एसडीएम

राम आशीष दूबे



बांसी (सिद्धार्थनगर)। जिले के बांसी तहसील के नवागत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विश्वामित्र सिंह ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि शासन की मंशा और जिलाधिकारी के निदेशों का पूरी निष्ठा से पालन कराया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गरीब, पीड़ित और जरूरतमंद फरियादियों को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रेसवार्ता में एसडीएम विश्वामित्र सिंह ने कहा कि तहसील समाधान दिवस को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा। प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष सुनवाई कर उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को न्याय के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों और भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत देते हुए कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर अतिक्रमण हटाने, बेदखली और जुमार्ने जैसी विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राजस्व कर्मियों को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। एसडीएम ने यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध सुनवाई और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि वादकारियों को समय पर न्याय मिल सके। विदित हो एसडीएम विश्वामित्र सिंह गाजीपुर जिले के जमनिया तहसील के मेडनीपुर ग्राम निवासी हैं, इसके पूर्व वे गोंडा में सेवा दे चुके हैं जबकि इसके अलावा उन्होंने अयोध्या सीतापुर हरदोई जैसे जिलो में बेहतर सेवा दे चुके हैं,

कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही एसडीएम विश्वामित्र सिंह की कार्यशैली, सरल व्यवहार और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सराहना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बांसी तहसील में प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी तथा जनहितकारी बनेगी।

## बार एवं बेंच की समन्वय बैठक में समस्याओं के निदान पर हुआ मंथन



**प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को बार एवं बेंच की समन्वय बैठक में तहसील से जुडी समस्याओं पर मंथन हुआ। एसडीएम वाचस्पति सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक मे अधिवक्ताओ ने तहसील मे जलभराव तथा साफ सफाई आदि से जुडी समस्याओं के स्थायी समाधान पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम वाचस्पति ने कहा कि न्यायिक वातावरण को सुचारू बनाए रखते हुए जरूरतमंद की समस्या का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा। एसडीएम न्यायिक जितेन्द्र कटियार ने अधिवक्ताओं से वादों के निस्तारण में कामकाज का माहौल बनाए रखने पर बल दिया। तहसीलदार रवि यादव ने वकीलों द्वारा गिनायी गयी समस्याओं के निस्तारण के लिए समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, महामंत्री शिवरंजन यादव, सह मंत्री सचिन पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, अनिल तिवारी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, रामलगन यादव ने तहसील से जुडी समस्याओं पर प्रकाश डाला। बैठक में शैलेन्द्र सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, दिनेश मिश्र, सिंटू मिश्र, विनोद मिश्र, सूर्यकांत निराला ने साथी अधिवक्ताओं के साथ नवागान्तुक अधिकारियों को सम्मानित किया। इस मौके पर घनश्याम मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, सुशील शुक्ला, कमाल अहमद, रोशन लाल सरोज, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, पारसनाथ सरोज, उदयनाथ तिवारी, प्रेम मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, भास्कर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, सुमित त्रिपाठी, राजीव तिवारी, संतोष सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## चोरी का मोबाइल बरामद ,शातिर आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सोनवा पुलिस ने चोरी गए मोबाइल फोन की बरामदगी करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रमवापुर गांव के पास धूमबोझी खड़ंजा मार्ग मोड़ से बशारत पुत्र हैदर अली, निवासी मोहम्मद अली पुरवा, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया सैमसंग गैलेक्सी अ12 मोबाइल फोन तथा 880 रुपये नकद बरामद किए। यह कार्रवाई थाना सोनवा में दर्ज मुकदमा संख्या 117/2026 से संबंधित है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध चोरी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम सहित विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय, चौकी प्रभारी नासिरगंज उपनिरीक्षक गौरव सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र यादव एवं कांस्टेबल हरिशंकर वर्मा की प्रमुख भूमिका रही।

## भारी बारिश के बीच डीएम ने बूढ़ी राप्ती के ककरही-गोनहा तटबंध का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर । जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बूढ़ी राप्ती नदी के ककरही-गोनहा तटबंध का निरीक्षण कर बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की सतत निगरानी और संवेदनशील स्थलों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सिंचाई निर्माण खंड सतीश कुमार को निर्देशित किया कि वर्तमान में हो रही भारी वर्षा को देखते हुए तटबंधों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तत्परता बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में स्टोर में उपलब्ध रहे, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपयोग किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी विभाग समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं 18 शिकायतें



सिद्धार्थनगर, । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें चार भूमि विवाद, चार मारपीट तथा 10 अन्य मामलों से संबंधित थे। एसएसपी ने सभी शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## महिला आयोग अध्यक्ष ने जनसुनवाई कर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



सिद्धार्थनगर, । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने विकास भवन में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक कर महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज व छेड़छाड़ से जुड़े 13 मामलों की सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज और जिला जेल का निरीक्षण कर मरीजों एवं महिला बंदियों की सुविधाओं, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं तथा महिला कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज में ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान के तहत कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया।

## अगई गौशाला में अव्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं व गोवंश की दुर्दशा को लेकर मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई गयी है। विकासखण्ड लालगंज अन्तर्गत अगई गौशाला में अव्यवस्थाओं एवं गोवंशों की दुर्दशा को लेकर एसडीएम वाचस्पति सिंह को सौंपे गए ज्ञापन के जरिए श्री संकटमोचन धाम सेवा संस्थान सलेम भदारी के सदस्यों ने जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है। संस्थान के अध्यक्ष दिनकर प्रताप सिंह व सचिव एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह के साथ एसडीएम से मिलकर ज्ञापन के जरिए कहा गया है कि अगई स्थित गौशाला परिसर में जलभराव व कीचड़ से गोवंश के चलने फिरने में कठिनाई हो रही है। गोवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा व सूखा चारा उपलब्ध न हो पाने से वे कमजोर हो रहे हैं।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री कमल बलानी | भवन संख्या–डी–10 | लारेंस टारेस कालोनी योजना, हजरतगंज | 28.10.2023 | श्रीमती सुनीता बलानी | 1. श्री जयम बलानी<br>2. श्री दिव्यम बलानी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र |
| 2 | श्रीमती सरोज शाह (मृतक) | भूखण्ड संख्या सी–62, सेक्टर–ए | महानगर | 03.02.2018 | कर्नल गणेण चन्द्र शाह–पुत्र<br>दीक्षा शाह–पौत्री एवं प्राची शाह–पौत्री<br>समस्त वारिस स्व0 श्रीमती सरोज शाह | – | पुत्र/पौत्री |
| 3 | श्री हरीश चन्द्र मौर्या पुत्र श्री रामपाल मौर्या | भूखण्ड संख्या–एन–370 | सेक्टर–एन आशियाना कानपुर रोड योजना | 02.09.2007 | 1. श्री कमल मौर्या<br>2. श्री विमल मौर्या | 3. श्रीमती शकुन्तला (माता)<br>4. श्रीमती रूपल (पुत्री) | पुत्र<br>पुत्र |
| 4 | श्री कमल बलानी | भवन संख्या–डी–11 | लारेंस टारेस कालोनी योजना, हजरतगंज | 28.10.2023 | श्रीमती सुनीता बलानी (सह आवंटी) | 1. श्री जयम बलानी<br>2. श्री दिव्यम बलानी | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्र |
| 5 | नीलमणि श्याम पाण्डेय | भूखण्ड संख्या–1/232 | सेक्टर–डी वास्तु खण्ड गोमती नगर योजना | 27.10.2009 | श्री भूदेव पाण्डेय | 1. श्रीमती मंजू पाण्डेय, 2. श्रीमती नेहा पाण्डेय<br>3. कु0 निष्ठा पाण्डेय, 4. कु0 महिमा पाण्डेय | पुत्र<br>पत्नी, पुत्री<br>पुत्री, पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## समासदों ने एसडीएम को समस्याओं से अवगत कराया

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद के कई सभासदों एवं सभासद प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जसवंतनगर के नए उपजिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में भेंट की तथा नगर की ज्वलंत समस्याओं को लेकर उनसे चर्चा की गई। इस दौरान इन सभासदों ने नगर पालिका परिषद में व्याप्त लापरवाही, अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के मामलों पर उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्हें बताया गया कि नगर के कटरा बिललोचियान मोहल्ले में एक गली का सी सी निर्माण दिखाकर उसका भुगतान भी कर लिया गया है जबकि वह गली अभी भी खरंजा बनी हुई है। सभासदों ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया कि वह उनके साथ चलकर इस भ्रष्टाचार का अपनी आंखों से अवलोकन कर लें। उप जिलाधिकारी ने सभासदों की शिकायतों को गंभीरता से चुनाव और पूरी निष्पक्षता के साथ न्याय करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभासदों ने बरसात के चालू सीजन में नगर में अनेक स्थानों पर जल भराव होने तथा जल निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम गड़बड़ होने की भी शिकायत की। नगर की सड़कों एवं गलियों में गड्ढे होने, अतिक्रमण के नाम पर खाना पूरी किए जाने, पेशाब घरों में गंदगी रहने, शौचालय बंद रहने, गर्मी के इस सीजन में वाटर कूलर का पानी ठंडा ना होने, नागरिक समस्याओं के प्रति नगर पालिका में लापरवाही बरते जाने आदि समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान सभासद राजीव यादव, अंकित कुमार, मोहम्मद इरफान, कमल प्रकाश पाल, संजय कुमार, हेमू शाक्य, मोनू शर्मा, सुमित गिहार, राम खिलाड़ी आदि शामिल रहे।

## द मुंबई बार फिल्म की शूटिंग 15 से शुरू

उन्नाव। वेब वुड फिल्म प्रोडक्शन हाउस की ओर से नवाबगंज के शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार के मीटिंग हॉल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फिल्म 'द मुंबई बार' की टीम ने मीडिया से रूबरू होकर आगामी फिल्म की शूटिंग और उसकी कहानी की रूपरेखा साझा की। फिल्म के डायरेक्टर नीरज कुमार निषाद ने बताया कि फिल्म 'द मुंबई बार' की शूटिंग आगामी 15 अगस्त से शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिल्म सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी पर आधारित है और दर्शकों को एक सशक्त संदेश देने का प्रयास करेगी। पत्रकार वार्ता के दौरान फिल्म की हिंदी स्टोरी के प्रमुख पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर फिल्म के प्रोड्यूसर गोविंद भारतीय, अभिनेता एवं गायक कुमार साजन तथा डीओपी सुरेश एल. वर्मा ने भी फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। टीम ने बताया कि फिल्म की शूटिंग विभिन्न स्थानों पर की जाएगी और इसमें कई नए कलाकारों को भी अवसर दिया जाएगा।


### सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. फैजान को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। मतीन पुत्र युनुस निवासी-अहमदपुर, थाना जैदपुर, बाराबंकी।

### न्यायालय सूचना

प्रकाशन हेतु
सम्मम वास्ते करार बाद अमूर तनकीठ तलबी
ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5
न्यायालय सिविल जज जू.डी., अतरौली
सिविल वाद सं. 87/2025

श्रीमती सरोज पत्नी श्री सिद्धार्थ सिंह निवासी लोधई, परगना, गंगीरी, तहसील अतरौली, जिला अलीगढ़ ......... प्रार्थी

बनाम

1. विप्लव कुमार पुत्र श्री दलवीर सिंह मूल निवासी नगला बेकराम, बझारी बुजुर्ग, परगना गंगीरी, तहसील अतरौली, जिला-अलीगढ़ हाल निवासी मकान न.-113, पुष्पेन्द्र नगर, संस्कार फाउन्डेशन, औरंगाबाद, खालसा (भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पास), थाना-अमोसी, जिला-लखनऊ
2. श्रीमती करिशमा पत्नी श्री विप्लव कुमार निवासी-आर्य समाज मन्दिर के सामने, कस्बा छर्रा, कासगंज रोड, तहसील अतरौली, जिला अलीगढ़

..........विपक्षी

हरगाह ने आपके नाम ए नालिस अन्तर्गत सिविल वाद है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि जो आप तारीख-27/08/2026 वक्त 10.00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई वाकिफ किया गया हो और ऐसे सवालों को जबाव दे सके हाजिर हो और जबावदेही दावा की करें और आपके लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जबावदेही के इस्तदलाल पेश करना चाहते हो आपको इतिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हारिज न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी।

सिख्त मेरे और मेरे मुहर अदालत में आज व तारीख माह 07 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय सिविल जज (क.प.)
अतरौली अलीगढ़


तेनुआ टोल प्लाजा लिंक रोड पर बैरियर लगाने को लेकर ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन, 3 घंटे चला बवाल

# पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक



गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के पास लिंक रोड पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बैरियर लगाए जाने के विरोध में मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदर्शन करने के साथ ही जमकर हंगामा किया। लगभग तीन घंटे तक चले इस भारी बवाल के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे जब एनएचआई के अधिकारी भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए लिंक रोड पर बैरियर लगवा रहे थे, तभी तेनुआ निवासी जनार्दन यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और काम रुकवा दिया। हालात बिगड़ते देख पहुंची गीडा पुलिस ने जनार्दन यादव को हिरासत में लेकर जीप से थाने भेज दिया, जिससे ग्रामीण और ज्यादा आक्रोशित हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि लिंक रोड पर बैरियर लग जाने से उनका सामान्य आवागमन और खेती-किसानी का काम पूरी तरह ठप हो जाएगा। बैरियर की वजह से भूसा ढोने वाली गाड़ियां, फसल कटाई की कंबाइन मशीनें, स्कूल बसें और शादी-विवाह के सामान से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव में दाखिल नहीं हो पाएंगे।

दूसरी ओर एनएचआई अधिकारियों का तर्क है कि बैरियर लगाने की कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश पर की जा रही थी। विरोध के बाद अधिकारियों ने काम रोककर उच्चाधिकारियों को स्थिति की जानकारी दे दी है और आगे का फैसला शासन-प्रशासन के निर्देश पर लिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मौके से गुजर रहे सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नौसढ़-खजनी मुख्य सड़क पर बने खानीपुर अंडरपास की जर्जर सड़क को लोकनिर्माण विभाग के माध्यम से 3 दिनों के भीतर ठीक कराया जाएगा, और उसके बाद ही बैरियर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

विधायक के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। प्रदर्शन के दौरान हरेन्द्र यादव, अर्जुन यादव, सोनू मौर्य, मनेही कन्नौजिया, राकेश राय, धनंजय सिंह, शिव प्रताप पाल, बबलू यादव, देवेंद्र यादव, नागेंद्र यादव, धीरज यादव, कर्मवीर पाल, भोलू पाल और कमलेश मौर्य सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घर वालों को नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी संग फरार हुई युवती बरामद

जीकेपी-5

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती रविवार की रात घर वालों को नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी संग फरार हो गई जिसे उसके प्रेमी के साथ मंगलवार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस के पूछताछ में युवती ने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी हुई है

सरहरी चौकी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम था दो माह पूर्व युवती उक्त युवक के साथ फरार हो गयी थी जिसमें स्थानिय थाना पर मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया था उसके बाद युवती के पिता चेन्नई चले गये घर पर वह मां, भाई एवं बड़ी बहन के साथ थी अचानक रविवार की रात युवती घर वालों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। सोमवार को सुबह उसके घर से कोई आहट नहीं मिलने पर आस पास के लोग पहुंच कर आवाज दिए तो भाई किसी तरह बाहर निकला लोग घर के अन्दर जाकर देखें तो सभी बेहोश मिले जिसपर भाई ने किसी तरह डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस पहुंच कर सरकारी एम्बुलेंस बुलाकर तीनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां ईलाज के बाद ठीक होने पर देर शाम डाक्टर ने घर भेज दिया उधर पुलिस ने सोमवार को युवती एवं उसके प्रेमी को बरामद कर पूछताछ की तो युवती प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही इस सन्दर्भ में गुलरिहा थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पाल ने बताया कि युवक युवती मिल गये हैं जो विधिक कार्रवाई होगी किया जाएगा।

## बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में चलीं लाठियां, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के मानबेला स्थित प्रधानमंत्री आवास में बच्चो के विवाद को लेकर मारपीट कर लिया दोनो पक्षो के लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है प्रथम पक्ष की संगीता पत्नी सुदरसन निवासी ब्लाक न० 20 कमरा न० 12 प्रधानमंत्री आवास मानबेला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि रात लगभग 12 बजे मेरे मुहल्ले के ही रहने वाले चन्दा, पवन, गोलू और कुछ अज्ञात लोग देर रात मेरे दरवाजे पर आकर दरवाजा खुलवा कर घर में घुस गये गाली गुप्ता देते हुये मारपीट कर घायल कर दिये जिससे मुझे काफी चोटे आई है अन्त में जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये दूसरे पक्ष की चन्दा देवी पत्नी जनार्दन निवासी ब्लाक न० 20 रूम न० 3 प्रधानमंत्री आवास मानबेला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि बच्चो के विवाद को लेकर सुरर्शन, संगीता, निशू मेरे साथ गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया मेरे शोर मचाने पर जब तक अगल बगल के लोग पहुचते जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये।

## सफाई के अभाव में भीषण गंदगी से जूझ रहा तहसील परिसर स्थित शौचालय

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील मुख्यालय परिसर स्थित नव निर्मित शौचालय रख रखाव व सफाई के अभाव में गंदगी से जूझ रहा है। जिसके कारण सरकार का लाखों रुपए बर्बाद होता नजर आ रहा है। जहां तहसील के जिम्मेदार अधिकारी बैठे हों, वहां कि व्यवस्था इस कदर लचर हो तो अन्य जगहों की क्या होगी, यह बहुत ही सोचनीय विषय है। सरकार का सफाई व्यवस्था को लेकर शौचालय निर्माण में अरबों रुपए खर्च हो चुके हैं। तहसील मुख्यालय के पूर्वी गेट पर बना सामुदायिक शौचालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने के कारण तहसील परिसर में कुछ वर्षों पहले शौचालय का निर्माण कराया गया। जिससे लोगों में सफाई व्यवस्था की आशा जगी। लेकिन लाखों रुपए से बना यह शौचालय बाहर से बेहद चिकना व सुन्दर दिखता है। लेकिन भीषण गंदगी के कारण कोई अन्दर जाने की जहमत नहीं उठाता है। उक्त शौचालय में न पानी की व्यवस्था है, न सफाई की किवल गंदगी का ही भरमार है। अधिवक्ताओं का कहना है कि परिसर में रोज हजारों नर नारी फरियाद लेकर पहुंचते हैं। यदि किसी को शौचालय की आवश्यकता महसूस हुई तो उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा उनका कहना है कि तहसील परिसर में फरियादियों के लिए शौचालय की काफी आवश्यकता है। उसे साफ सफाई कराना अति आवश्यक है। लोगों ने प्रशासन से उक्त शौचालय को साफ सफाई कराने की मांग किया है। वहीं तहसील में आये कुछ फरियादियों का कहना है कि तहसील परिसर का शौचालय में गंदगी का अंबार है लोगों के लिए शौचालय अति आवश्यक है। जहां उच्च अधिकारियों का निवास कार्यालय है वहां इतनी गंदगी, समझ से परे लग रही है जब परिसर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है तो क्षेत्र में क्या दशा होगी लोगों ने तहसील परिसर स्थित शौचालय को साफ सुथरा कराने तथा एक उसके लिए केयर टेकर रखने की मांग किया है।

## जिला अस्पताल में वायरल फीवर और पथरी के मरीज बढ़े



उन्नाव। जिला अस्पताल में हार्निया और पथरी के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। सर्जन डॉ संजय वर्मा ने बताया गलत खानपान, और कम पानी पीने से शरीर में पानी की कमी से लोग ऐसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। पेट या पीठ के निचले हिस्से में तेज दर्द, और पेशाब में जलन या रुकावट इन बीमारियों के लक्षण होने के संकेत देते हैं। ऐसे लक्षण होने पर डॉक्टर की सलाह लें जिससे इन गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। वहीं मौसम परिवर्तन और उमस का असर लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरो के कक्ष के बायरल फीवर, गले में संक्रमण पेट दर्द के मरीजों की भीड़ लग रही है। एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण लोग विभिन्न मौसमी बिमारियों की चपेट में आ रहें हैं। कभी तेज धूप और कभी गर्मी तो कभी बरसात और नमी के कारण शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पा रहा है, जिससे गले में खराश, वायरल संक्रमण, पेट संबंधी समस्याएं और बुखार के मामलों में वृद्धि हुई है। डॉ अमित तिवारी ने सभी मरीजों को बजाव के उपाय भी बताए, उन्होंने बताया कि घर के आसपास सफाई रखें। पानी एकत्रित न होने दें। पीने के पानी को ढकर रखें सभी लोग सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें।


### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के कक्षा 2 की टीसी में उसका नाम प्रशान्त कुमार रावत दर्ज है जबकि उसके आधार कार्ड में उसका नाम प्रशांत रावत (Prashant Rawat) दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में आधार कार्ड के अनुसार उसका नाम दर्ज किया जाये। हरी पाल पुत्र श्री भिम्मा प्रसाद नि.-सोना विहार, आलमनगर, पर. व तह., सदर, जिला लखनऊ

### न्यायालय सूचना

प्रकाशन हेतु
सम्मम वास्ते करार बाद अमूर तनकीठ तलबी
ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5
न्यायालय सिविल जज जू.डी., अतरौली
सिविल वाद सं. 61/2025

श्रीमती करिशमा पत्नी श्री विप्लव कुमार निवासी-आर्य समाज मन्दिर के सामने, कस्बा छर्रा, कासगंज रोड, तहसील अतरौली, जिला-अलीगढ़ ......... प्रार्थी

बनाम

विप्लव कुमार पुत्र श्री दलवीर सिंह मूल निवासी नगला नेकराम, बारी बुजुर्ग, परगना गंगीरी, तहसील अतरौली, जिला-अलीगढ़ हाल निवासी मकान न.-113, पुष्पेन्द्र नगर, संस्कार फाउन्डेशन, औरंगाबाद, खालसा (भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के पास), थाना-अमोसी, जिला-लखनऊ

............विपक्षी

हरगाह ने आपके नाम ए नालिश अन्तर्गत सिविल वाद है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि जो आप तारीख-27/06/2026 वक्त 10.00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई वाकिफ किया गया हो और ऐसे सवालों को जवाव दे सके हाजिर हो और जबावदेही दावा की करें और आपके लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जबावदेही के इस्तदलाल पेश करना चाहते हो. आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हारिज न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी।

सिख्त मेरे और मेरे मुहर अदालत में आज व तारीख माह 07 सन् 2026 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय सिविल जज (क.प.)
अतरौली अलीगढ़


## बाल संसद ने संभाली संकुल बैठक की कमान

### छठवीं की अंकिता ने मन की बात से जीता दिल

उन्नाव। औरास के यूपीएस रामपुर गढ़ौवा में संकुल बैठक को विभागीय एजेंडे के साथ बाल नेतृत्व और शैक्षिक नवाचारों से जोड़ने की प्रभावी तस्वीर देखने को मिली। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विद्यालय की बाल संसद की प्रधानमंत्री समरीन ने उद्घाटन वक्तव्य से की और आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बैठक में कक्षा छह की छात्रा अंकिता की ह्यमन की बात ह्व विशेष आकर्षण रही। अंकिता ने शिक्षकों को बताया कि उसे अपना विद्यालय क्यों पसंद है, यहां मिले अवसरों से उसने क्या सीखा और भविष्य को लेकर उसके क्या सपने हैं। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने बीच उसकी सहज अभिव्यक्ति ने सभी का ध्यान खींचा। विद्यार्थियों ने पीपल के प्राकृतिक पत्तों पर राखी के पुष्पों से आकर्षक बैज तैयार कर प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को लगाए। शिक्षक संकुल एवं एनपीआरसी ने इस अभिनव प्रयोग की प्रशंसा करते हुए ऐसे बैज पहली बार देखने की बात कही। बच्चों ने आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत कर सर्वधर्म सम्भाव और आपसी सम्मान का संदेश भी दिया। शैक्षिक सत्र में संकुल धर्मेंद्र सिंह, शिक्षक संकुल जनमेजय, संतोष, नंदकिशोर, पूर्व एआरपी इम्तियाज हुसैन एवं शिक्षक प्रदीप वर्मा ने निर्धारित एजेंडे और शैक्षिक गुणवत्ता पर चर्चा की। यूपीएस के प्रदीप वर्मा, पीएस रामपुर गढ़ौवा की आरती सिंह, पीएस करौंदी की प्रधानाध्यापिका लक्ष्मी देवी, हसनपुर के जगन लाल, जवन करौंदी के विशाल तथा पीएस बयारी की ज्योति सिंह ने अपने विद्यालयों के उल्लेखनीय प्रयास साझा किए। शिक्षा को रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए अपनाए जा रहे नवाचारों की विशेष सराहना हुई। लक्ष्मी यादव ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने में पूरे स्टाफ के सामूहिक प्रयास को महत्वपूर्ण बताया। आरती सिंह ने अपने विद्यालय में आए अभूतपूर्व बदलाव में स्टाफ के सहयोग के साथ यूपीएस रामपुर गढ़ौवा से मिली प्रेरणा का उल्लेख किया, जबकि ज्योति सिंह ने शैक्षिक बदलाव में शिक्षामित्र दिनेश कुमार के योगदान को रेखांकित किया। विद्यालय की बाल संसद, एलबीडी लैब, पर्यावरण गतिविधियों, ओपन जिम, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान और वृक्षारोपण जैसे प्रयासों को दर्शाते विशेष सेल्फी स्टैंड भी आकर्षण का केंद्र रहा। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों सहित विद्यासागर मिश्रा, उमेश कनौजिया, कौशल किशोर, मुबश्शिर, अशोक, सौरभ, प्रिया, रमनजीत कौर, इंद्रपाल, अरविंद, दीपक, संदीप, सचिन, आरती, प्रीति, रजनी, मधुलिका, काजी फरहाद, प्रियंका, महिमा, कल्पना, चंद्रभूषण, गजनफर, शिव स्वरूप, विशाल, नागेंद्र, देवानंद व दिनेश आदि शिक्षक एवं शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## सीएम योगी 25 को आयेंगे आगरा, देंगे करोड़ों की सौगात

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जुलाई को आगरा दौरे पर आएंगे, जहां वह करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल चयन के लिए टाटा ग्राउंड, जीआईसी मैदान, कोठी मीना बाजार तथा डा. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, ऑडिटोरियम, खंदारी कैंपस आदि का निरीक्षण किया।

## श्मशान घाट पर तिरपाल के नीचे हुआ अंतिम संस्कार

आगरा। फतेहपुर सीकरी विकासखंड के ग्राम हंसपुरा में श्मशान घाट पर टीनशेड न होने से मंगलवार को बारिश के बीच ग्रामीणों को तिरपाल लगाकर शव का दाह संस्कार करना पड़ा। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जल्द स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम हंसपुरा निवासी सत्यप्रकाश सक्सेना का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे, लेकिन वहां बारिश से बचाव के लिए टीनशेड की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में ग्रामीणों ने तिरपाल लगाकर चिता को बारिश से बचाया और किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट पर टीनशेड की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विकास के दावों के बावजूद गांव की मूलभूत सुविधाएं उपेक्षा का शिकार हैं। मानसून की शुरुआत में ही ऐसी स्थिति सामने आने से ग्रामीणों ने आने वाले दिनों में और अधिक परेशानी की आशंका जताई है। समाजसेवी सुनील कुमार पाराशर ने कहा कि किसी व्यक्ति की अंतिम विदाई के समय भी ऐसी अव्यवस्था होना बेहद दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की इस मूलभूत समस्या के प्रति गंभीर नहीं हैं।

## जनगणना-2027 द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न




उन्नाव। आगामी जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सफल एवं त्रुटि रहित संचालन के लिए मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को जनगणना की कार्यप्रणाली, डिजिटल एप्लिकेशन के उपयोग तथा डेटा संकलन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार का सही एवं पूर्ण विवरण दर्ज किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में बताए गए दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें तथा फील्ड में पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी शंकाओं का प्रशिक्षण के दौरान ही समाधान कर लिया जाए। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के द्वितीय चरण की कार्यप्रणाली, डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, परिवारों से जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया, आंकड़ों की शुद्धता एवं गोपनीयता बनाए रखने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड़, उपजिलाधिकारी आनंद कुमार नायक, बृजमोहन शुक्ल, राजेश विश्वकर्मा, फाल्गुनी सिंह, उपनिदेशक जनगणना निदेशालय गौरव पांडेय, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रमोद गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक मौजूद रहे।

## समाजसेवी राजू गुप्ता ने श्रद्धाभाव से किया कन्या पूजन



इटावा। गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ आदिशक्ति की कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्ति की कामना के साथ समाजसेवी राजू गुप्ता ने श्रद्धा, भक्ति और पूरे विधि-विधान से कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कन्याओं को माँ दुर्गा का स्वरूप मानते हुए उनका तिलक, पूजन एवं चरण वंदन किया तथा उन्हें सम्मान भोजन कराकर दक्षिणा एवं उपहार भी भेंट किए। राजू गुप्ता ने कहा कि सनातन संस्कृति में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। गुप्त नवरात्रि में माँ भगवती की आराधना, साधना एवं सेवा से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि कन्याओं का सम्मान करना और उनकी सेवा करना माँ आदिशक्ति की सच्ची आराधना है उन्होंने माँ भगवती से प्रार्थना की कि सभी श्रद्धालुओं पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शक्ति, वैभव, यश एवं खुशहाली का संचार करें। साथ ही देश और समाज में प्रेम, सद्भाव, शांति और समृद्धि बनी रहे तथा सभी के जीवन से कष्टों का निवारण हो। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने माँ भगवती के जयकारों के साथ धार्मिक वातावरण में कन्या पूजन संपन्न कराया। उपस्थित लोगों ने भी इस पुण्य अवसर पर माँ आदिशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

## कुलपति ने 1000 एमए डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया




सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस सैफई ने मरीजों को बेहतर एवं अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए रेडियो-डायग्नोसिस विभाग में अत्याधुनिक 1000 एमए डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। ट्रॉमा सेंटर भवन के कक्ष संख्या-11 में स्थापित इस नई मशीन का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि किसी भी गंभीर बीमारी के प्रभावी उपचार की पहली शर्त उसका समय पर और सटीक पहचान है। आधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों का समावेश स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। उन्होंने कहा कि यूपीयूएमएस सैफई का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को महानगरों जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नई डिजिटल एक्स-रे मशीन इसी संकल्प का हिस्सा है, जिससे मरीजों की जांच अधिक तेज, सटीक एवं सुविधाजनक होगी तथा अनावश्यक प्रतीक्षा समय भी कम होगा। कार्यक्रम में डीन प्रो. डॉ. आदेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एस.पी. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह, कुलसचिव दीपक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निर्मल कुमार, डॉ. अतुल मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, रेजिडेंट चिकित्सक, तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इसे यूपीयूएमएस सैफई की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## सांप ने दो को डंसा, बालक की मौत



बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम कवाखेड़ा में 12 वर्षीय किशोर की सर्पदंश से हुई मौत ने एक बार फिर अंधविश्वास और झाड़फूंक की खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर कर दिया। परिजनों के अनुसार अंकुर पुत्र बलराम घर के बाहर कंडे एकत्रित कर रहा था, तभी कंडों के ढेर में छिपे कोबरा सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसने के बाद परिजन तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़फूंक और घरेलू उपचार के चक्कर में पड़ गए। काफी समय बीत जाने के बाद जब किशोर की हालत गंभीर होने लगी, तब उसे पंडित रामाधीन शर्मा 50 शैय्या अस्पताल बकेवर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी हालत नाजुक होने पर परिजन उसे ग्वालियर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही अंकुर ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा सुबह दुबारा से झाड़ फूक करने वाले हकीम को बुलाया गया जिसने झाड़ फूक की बाद में किशोर के शव को पच्चास शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। सर्पमित्र अशीष त्रिपाठी का कहना है कि सर्पदंश के मामलों में झाड़फूंक या तंत्र-मंत्र के भरोसे रहने के बजाय मरीज को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाना चाहिए। समय पर एंटी स्नेक वेनम एएसवी मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग भी लगातार लोगों से अंधविश्वास छोड़कर वैज्ञानिक उपचार अपनाने की अपील करता रहा है। जसवंतनगरक्षेत्र के गांव भतोरा निवासी 30 वर्षीय आदेश पुत्र सुरेश चंद्र को खेत पर काम करते समय सांप ने डस लिया। घटना के बाद युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू कर उसकी हालत पर निगरानी रखी है। परिजनों के अनुसार आदेश खेतों में कृषि कार्य कर रहा था, तभी अचानक सांप ने उसे काट लिया। समय रहते अस्पताल पहुंचाने से उपचार शीघ्र शुरू हो सका। चिकित्सकों ने बताया कि युवक का इलाज जारी है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।


### अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

संदर्भ संख्या : 79/अ.वि.प्रा.-अयो/2026-27 दिनांक : 21/7/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 03 सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के वेबसाइट www.ayodhya.in एवं ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in के माध्यम से कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मों की ही मान्य होगी। सामान्य टेण्डर जमा करने की अंतिम तिथि 29.07.2026, 04.00PM तक है। टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी https//emdada/ayodhya.in/loginwithotp के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना ही मान्य होगा।

सचिव

### YUVERAJ DUTTA (P.G.) COLLEGE LAKHIMPUR-KHERI, UP, 262701

**Tender Notice**

Sealed tenders are invited from the dealers registered with GST for the printing of college magazine for the session 2026-27. Tender forms are available in Principal's office during working days on Payment of Rs. 1000.00 within 07 days of advertisement. Filled tenders can be submitted either personally or by registered post within 15 days of advertisement. Tender opening date is next working day after closing.

Sd/- Prof. (Dr.) Hemant Kumar Pal
Principal

संक्षेप

## ऑटो की टक्कर से युवती की घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार सुबह लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ऑटो समेत मौके से फरार हो गया। बादलनगर कॉलोनी निवासी सुधीर प्रताप सिंह की 22 वर्षीय पुत्री पलक सिंह सुबह सड़क पर जा रही थी। इसी दौरान सामने से तेज गति से आए एक ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जबकि चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजन घायल युवती को तत्काल उपचार के लिए लखीमपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि पलक के पैर में दो स्थानों पर फ्रैक्चर हुआ है। परिजनों का कहना है कि दुर्घटना के बाद भाग रहे ऑटो की वीडियो रिकॉर्डिंग युवती की मां के पास मौजूद है।

## जौहर विश्वविद्यालय को लेकर सौंपा ज्ञापन

मोहम्मदी खीरी। प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के संबंध में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश प्रताप सिंह को सौंपा मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के संबंध में प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर चिंता व्यक्त करते हुए विनम्र अनुरोध किया गया कि इस प्रकरण पर किसी भी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पूरे मामले का समाधान संविधान, कानून और न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप किया जाए। विश्वविद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य, शिक्षा और शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के रोजगार से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। किसी भी कार्रवाई से पहले विद्यार्थियों के हितों और शिक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से माननीय राज्यपाल से मांग की गई कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा शिक्षा के वातावरण को प्रभावित करने वाली किसी भी कार्रवाई से बचा जाए। इस मौके पर मो इलियास अली, तनवीर सिद्दीकी, अश्वनी सिंह राजपूत, फिरोज मंसूरी,रियासत अली, शादाब खान, सदाकत मंसूरी, इमरान,शहवाज सिद्दीकी, अमित कुशवाहा सहित और भी लोग मौजूद रहे।

## भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मंगलवार को ऑनलाइन खाद वितरण प्रणाली के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चैहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपकर रामपुर और सीतापुर में लागू पायलट प्रोजेक्ट को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नई ऑनलाइन व्यवस्था से खाद वितरण आसान होने के बजाय किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सर्वर की खराबी, तकनीकी दिक्कतों और वितरण में देरी के कारण किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि कई जगह खाद समय पर नहीं मिल रही और अधिक मूल्य वसूले जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान ने कहा कि यदि यह व्यवस्था किसानों के हित में है तो इसे पहले प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर में लागू किया जाए।

# जर्जर सड़क व जलभराव को लेकर डीएम से गुहार



सीतापुर। आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद के वार्ड अहमदाबाद पूर्वी की जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर सभासद प्रतिनिधि लतीफ अंसारी ने मंगलवार को वार्डवासियों के साथ जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वार्ड की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि रिजवान आरा मशीन से भट्ठे तक जाने वाला मुख्य मार्ग लंबे समय से अधूरा पड़ा है। यह वार्ड तक पहुंचने का एकमात्र प्रमुख रास्ता है, जबकि अन्य सभी मार्गों पर जलभराव होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित है। लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि जलभराव और खराब सड़क के कारण स्कूली बच्चे समय पर विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं। आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने जिलाधिकारी से जल्द सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में तनवीर अंसारी, हामिद अंसारी, अरशद अंसारी, रब्बानी, अतीक अहमद, शफीक अहमद, अकील, तौसीफ, रईस, वसीम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## सीईओ ने महिला अस्पताल और सीएम मॉडल स्कूल का किया औचक निरीक्षण



सीतापुर। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय और परसेंडी ब्लॉक के खजुरिया गांव में निर्माणाधीन सीएम मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के ऑनलाइन डाटा संकलन, मातृ सुरक्षा केंद्र के रजिस्टर, संस्थागत प्रसव तथा वीएचएसएनडी व पीएमएसएमए दिवस पर दी जा रही एएनसी सेवाओं की जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष संस्थागत प्रसव में वृद्धि हुई है। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद उन्होंने खजुरिया में निर्माणाधीन सीएम मॉडल स्कूल का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, श्रमिकों की संख्या तथा निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मिड-डे-मील कक्ष, रसोईघर, कक्षाओं और प्रधानाचार्य कक्ष का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूल तक पहुंचने वाला मार्ग खराब मिलने पर उसे शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान से गांव की आबादी की भी जानकारी ली। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, एसडीएम सदर जर्नादन, बीएसए गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वैगनआर बरामद, दो बदमाश गिरफ्तार



सीतापुर। कमलापुर थाना पुलिस ने ओला कार चालक से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लूटी गई वैगनआर कार बरामद कर दो शातिर अंतरजनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू तथा चालक का लूटा गया पर्स भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह वाहन चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि लूटी गई वैगनआर कार (यूपी 32 आरटी 5039) कम्हरिया चौराहे से भज्जा पुल की ओर आ रही है। सूचना पर घेराबंदी कर कार को रोक लिया गया। कार में सवार आशीष कुमार निवासी अमेठी और अजय प्रताप सिंह निवासी गोंडा को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि 18-19 जुलाई की रात उन्होंने लखनऊ के कामता बस अड्डे से चालक प्रमोद कुमार सिंह की ओला वैगनआर कार 1400 रुपये में कमलापुर जाने के लिए बुक की थी। विक्रमपुर लिंक रोड के सुनसान स्थान पर चालक के साथ मारपीट कर चाकू के बल पर कार और उसका पर्स लूट लिया था। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि वे लूटी गई कार से सवारियां ढोकर किराया वसूल रहे थे और मौका मिलने पर यात्रियों से नकदी व जेवर लूटने की योजना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक दोनों हाल ही में जेल से छूटे थे और फिर आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गए थे।

## नजूल जमीन पर शिकंजाः सभासद प्रतिनिधि के पिता समेत दो को नोटिस

खैराबाद /सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबाद ने शासकीय नजूल भूमि पर कथित अवैध कब्जे के मामले में कार्रवाई तेज करते हुए सभासद प्रतिनिधि के पिता समेत दो लोगों को नोटिस जारी किया है। दोनों से 15 दिन के भीतर भूमि पर कब्जे से संबंधित वैध अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया है। नगर पालिका के अनुसार, हटौरा निवासी अहमद हसन (सभासद प्रतिनिधि रिजवान के पिता) पर गाटा संख्या 1007, 1008, 1009, 1010, 1011 व 1017 की नजूल भूमि पर कब्जे का आरोप है। वहीं कुल्हन सराय निवासी मोहम्मद हसीन को गाटा संख्या 425, 426, 428 व 429 की नजूल भूमि के संबंध में नोटिस भेजा गया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिन के भीतर स्वामित्व अथवा कब्जे के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अभियान में आने वाला पूरा खर्च भी संबंधित व्यक्तियों से वसूला जाएगा। नगर पालिका की इस कार्रवाई से खैराबाद में नजूल भूमि पर कब्जों को लेकर हलचल तेज हो गई है।

## ड्यूटी के दौरान युवती की संदिग्ध परिस्थिति में इलाज के दौरान मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के श्राफ आई हॉस्पिटल में ड्यूटी कर रही एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक हालत खराब होने पर बिना सूचना दिए इलाज के लिए शाहजहांपुर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो जाने पर परिजनों को सूचना दी गई जिससे उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। गांव भानपुर बनवारी निवासी मृतका के पिता हुल्लास राम के अनुसार उसकी पुत्री सुरभि पटेल 22 सोमवार को 11 बजे श्रॉफ आई हॉस्पिटल पर ड्यूटी के लिए गई थी। शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों को शंका हुई जिस पर पता चला उसकी बेटी की हालत बिगड़ जाने पर इलाज के लिए शाहजहांपुर शेखर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई है खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया परिजन अस्पताल पहुंचे जहां उसकी पुत्री मृत अवस्था में पड़ी मिली अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे पुलिस को सूचना पर मृतका के शव मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना संदिग्ध होने पर परिजनों ने कार्रवाई होने तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। उधर मामले में आई हॉस्पिटल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीओ अरुण कुमार ने बताया मामले की जानकारी नहीं है पीड़ित पक्ष से तहरीर नहीं मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## कटान प्रभावित गांव पहुंचे डीएम बोले- हर परिवार तक पहुंचेगी राहत



लखीमपुर खीरी। शारदा नदी के कटान से प्रभावित निघासन तहसील के ग्राम ग्रंट नंबर-12 में मंगलवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं सहायता कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। डीएम ने एसडीएम यदुवीर सिंह के साथ कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का आकलन किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं पुनर्वास से जुड़े सभी कार्य पूरी तत्परता, संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन हर प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। तत्काल उपलब्ध कराई जा सकने वाली हर सहायता दी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त इंतजाम भी किए जाएंगे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और प्रभावित परिवारों को हर जरूरी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम यदुवीर सिंह ने बताया कि प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने की कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को गांव में खाद्यान्न किट का वितरण भी कराया जाएगा, ताकि किसी परिवार को जरूरी सामान के लिए परेशानी न उठानी पड़े। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने ग्राम ग्रंट नंबर-12 पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ा है। एडीएम ने बताया कि प्रभावित लोगों को तत्काल जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम होना शुरू हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद एडीएम ग्राम नयापिंड, तिकोनिया क्षेत्र पहुंचकर प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए आवागमन को नाव की व्यवस्था कराई गई है।

राजस्व टीम को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को राहत किट उपलब्ध कराई जाए और वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस दौरान तहसीलदार देवेंद्रमणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार हर्ष निशांत, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बाढ़ राहत केंद्र व तटबंध का किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को उपजिलाधिकारी युगांतर त्रिपाठी ने क्षेत्र के बाढ़ संभावित गांवों का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने सबसे पहले पूजा गांव स्थित असाढ़ी बाढ़ राहत केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने राहत केंद्र पर आवश्यक संसाधन, पेयजल, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पूर्व में कटान से प्रभावित रहे ग्राम करसौर का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। साथ ही ग्राम बजेड़ा स्थित तटबंध का भी निरीक्षण किया। यहां बाढ़ खंड विभाग द्वारा कराए जा रहे मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी एक विवाहिता ने पति, सास और ससुर पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद से वह मायके में रहने को मजबूर है। मोहल्ला गढ़ी निवासी हसरतुन पत्नी रशीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसका निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज से रशीद पुत्र रईस के साथ हुआ था। विवाह के समय उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज एवं घरेलू सामान दिया था, लेकिन निकाह के कुछ समय बाद ही पति, ससुर रईस और सास अतिरिक्त घरेलू सामान तथा मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे आए दिन गाली-गलौज कर मारपीट की जाती थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इतना ही नहीं, उसके भरण-पोषण के लिए भी कोई खर्च नहीं दिया गया। प्रताड़ना से तंग आकर वह करीब डेढ़ वर्ष से अपने मायके ग्राम सेखवापुर, थाना तालगांव में रह रही है। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## सीएम युवा उद्यमी योजना की रफ्तार पर डीएम का एक्शन

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल रुसीएम युवा उद्यमी योजनारु को जमीन पर प्रभावी रूप से उतारने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने खुद मोर्चा संभाला। मंगलवार को जिले में सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम देखने को मिला, जब डीएम अंजनी कुमार सिंह स्वयं, एचडीएफसी की मुख्य शाखा पहुँचे, जहां डीएम ने योजना अपेक्षित प्रगति न मिलने पर पर कड़ी फटकार लगाई। बैंक अधिकारियों से प्रगति का सीधा हिसाब मांगा। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की इस महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पात्र युवाओं को समय से ऋण और योजना का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि जवाब में बहाने नहीं, समाधान चाहिए। डीएम ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण कर इस माह के अंत तक निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए। यह दौरा न केवल व्यवस्था को गति देने वाला रहा, बल्कि उन सैकड़ों युवाओं के लिए आशा की किरण बना, जो इस योजना के तहत अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना देख रहे हैं।

## बीडीओ ने ग्राम पंचायत सिंघानिया व झसिया का किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड लखीमपुर की ग्राम पंचायत झसिया व सिंघानिया का योगेश वर्मा विधायक सदर के निर्देश पर बी. डी. ओ. संदीप कुमार तिवारी ने मंगलवार को पहुंचकर गांव का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर सड़क निर्माण करवाने का निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को झसिया के ग्रामीणों ने सड़क न बनने से कच्ची सड़क पर धान की रोपाई करते हुए विरोध जताया था। ग्रामीण के विरोध एवं विधायक के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार तिवारी ने सड़क के निर्माण का आश्वासन दिया है।वहीं मंगलवार को मंडल अध्यक्ष व ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम पंचायत सिंघानिया के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करने खंड विकास अधिकारी श्री तिवारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पता चला कि प्रधान द्वारा मनिकापुर मजरे में कोई विकास कार्य न कर कर केवल सीमित स्थान पर ही कार्य कराया गया है। एस. एल. डब्लू. एम. के अंतर्गत कराए गए कार्य मानक विहीन पाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान कमरुन्निसा पिछले 10 वर्षों से प्रधान है लेकिन ग्राम पंचायत कि स्थिति बद से बत्तर बनी हुई है। इस सन्दर्भ में खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार तिवारी ने बताया विधयाक सदर के निर्देश पर निरिक्षण किया गया, ग्राम पंचायत सिंघानिया में करीब 7 से 8 लाख रुपए की राशि के दुरुपयोग की आशंका है जो जांच में सामने आएगा।

## यूट्यूब को खाद कालाबाजारी की फर्जी खबर चलाना पड़ा भारी,मुकदमा दर्ज

सकरन/सीतापुर। साधन सहकारी समिति में खाद की कालाबाजारी की कथित फर्जी खबर प्रसारित करना एक यूट्यूब को भारी पड़ गया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर जांच में आरोप निराधार मिलने के बाद यूट्यूब के खिलाफ सकरन थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के सैदापुर गांव निवासी यूट्यूब चैनल से जुड़े पत्रकार सतीश सिंह परमार ने 16 जुलाई को साधन सहकारी समिति उमरा खुर्द काजीपुर के सचिव देशराज द्विवेदी पर करीब 17 लाख रुपये की खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए खबर प्रसारित की थी। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर उन्होंने एसडीएम लहरपुर को जांच के निर्देश दिए। एसडीएम ने समिति का निरीक्षण कर खाद का पूरा स्टॉक मिलान किया, जिसमें अभिलेखों के अनुसार स्टॉक सही पाया गया। जांच के दौरान आरोप लगाने वाले किसान विनोद ने बयान दर्ज कराते हुए कहा कि यूट्यूब ने उसे शराब पिलाकर कैमरे के सामने झूठा बयान दिलवाया था। अन्य किसानों के बयान भी दर्ज किए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर समिति सचिव देशराज द्विवेदी की तहरीर पर सकरन पुलिस ने सतीश सिंह परमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि एसडीएम के निर्देश और जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक ने ओवरब्रिज निर्माण का लिया जायजा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी श्रावण मास में छोटी काशी गोला पहुंचने वाले लाखों शिवभक्तों और कांवड़ यात्रियों की सुविधा को देखते हुए विधायक अमन अरविंद गिरी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अधिकारियों के साथ गोला बायपास पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों से कहा कि सावन मेले के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कांवड़ यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के आवागमन हेतु अलग-अलग मार्गों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि यातायात सुचारु बना रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सावन शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एनएच के अधिकारियों ने विधायक को निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक मार्गों को तैयार कराने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## जलभराव और कीचड़ से नाराज किसानों ने मुख्य मार्ग पर रोपा धान



सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत मोहारी के मजरा किशुनपुरवा में बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को खुलकर सामने आ गया। सड़क पर जलभराव और कीचड़ से नाराज किसानों ने मुख्य मार्ग को ही धान का खेत बना दिया और विरोध स्वरूप सड़क पर धान की रोपाई शुरू कर दी। प्रदर्शन के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह भी मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ कीचड़ में उतरकर धान रोपा। प्रवीण सिंह ने कहा कि जब जनता को अपनी पीड़ा बताने के लिए सड़क पर खेती करनी पड़े तो यह सरकार और प्रशासन की विकास संबंधी दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। बरसात में यह मार्ग पूरी तरह दलदल बन जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सड़क का निर्माण जल्द शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। सड़क पर धान रोपने का यह विरोध पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

## तालाब में निकला मगरमच्छ, वन विभाग ने सुरक्षित छोड़ा

सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत मंझलिसपुर में मंगलवार दोपहर मंदिर के पास स्थित तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उस समय ग्रामीण तालाब में अपने मवेशियों को नहला रहे थे। मगरमच्छ दिखते ही उन्होंने तुरंत जानवरों को बाहर निकाल लिया और इसकी सूचना ग्राम प्रधान छोटेलाल को दी। ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर बंधक बना लिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा प्रदुम्न तिवारी और अनिरुद्ध वर्मा मौके पर पहुंचे तथा मगरमच्छ को अपने कब्जे में ले लिया। वन दरोगा प्रदुम्न तिवारी ने बताया कि पकड़े गए मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से चहलारी पुल के पास नदी के गहरे पानी में छोड़ दिया गया है। समय रहते मगरमच्छ को पकड़ लिए जाने से किसी प्रकार की जनहानि या हादसा नहीं हुआ।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-26-2026-27 |
| कार्य का नाम | "इम्प्लिमेन्टेशन ऑफ सेन्ट्रलाइज़ डाटालॉगर मोनिट्रिंग डैशबोर्ड विद ऑडियो विसुअल अलर्म्स ऍट डिविशनल कंट्रोल ऑफिस ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज़।" |
| अनुमानित लागत | रु0 84,80,963.17 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 1,69,600.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 240 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई– निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 – 106–सिग–टेन्डर–26/2026–27 दिनांक: 17.07.2026** 2505/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

संक्षेप

## फर्जी सोशल मीडिया आईडी से झूठे मुकदमे की साजिश

सुलतानपुर (वीओएल)। अमेठी निवासी युवक की शिकायत पर अदालत के आदेश के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने सुलतानपुर की एक युवती के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कथित रूप से फर्जी सोशल मीडिया आईडी, ईमेल और व्हाट्सएप संदेशों के जरिए ब्लैकमेलिंग व झूठे मुकदमें में फंसाने की साजिश से जुड़ा है। हरदेव नगर, अमेठी निवासी वीर अभिमन्यु सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके खिलाफ पहले दर्ज मुकदमें में अग्रिम जमानत मिलने के बाद युवती ने ईमेल, फोन कॉल और अन्य माध्यमों से धमकियां देनी शुरू कर दीं। आरोप है कि उनकी व्हाट्सएप और पत्नी की इंस्टाग्राम आईडी का फर्जी इस्तेमाल कर कूटरचित संदेश तैयार किए गए, ताकि उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जा सके। युवक का कहना है कि पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अपर सिविल जज सुधीर कुमार के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## जिले को मिली 1480 मीट्रिक टन कृभको यूरिया

रायबरेली। खरीफ की बुवाई के बीच जनपद के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिले को 21 जुलाई को कृभको की 1480 मीट्रिक टन यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। इससे जनपद में उर्वरक की उपलब्धता बढ़ने के साथ-साथ किसानों को समय पर खाद मिलने में आसानी होगी। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त रैक में से 1080 मीट्रिक टन यूरिया सीधे रैक प्वाइंट से जनपद की 48 सहकारी समितियों को भेज दी गई है। वर्तमान में जिले के 175 सहकारी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर 5615 मीट्रिक टन यूरिया और 1669 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक खाद उपलब्ध है। इसके अलावा जनपद के सहकारी बफर गोदाम में भी 6078 मीट्रिक टन यूरिया एवं 6170 मीट्रिक टन फॉस्फेटिक खाद का स्टॉक मौजूद है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता विवेक कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और नियमानुसार किसानों को वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपना फार्मर आईडी साथ लेकर किसी भी उर्वरक बिक्री केंद्र से खाद प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई ग्रामसभा चकबंदी के दायरे में आती है तो वहां के किसान अपनी खेती के आवश्यक प्रमाणित अभिलेखों के साथ उर्वरक ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृभको यूरिया की इस नई आमद से जिले में खाद की किल्लत की संभावना पूरी तरह खत्म हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि इससे किसानों को खरीफ की फसलों की बुवाई में कोई दिक्कत नहीं आएगी और समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी।

## संसद में चर्चा से बच रही सरकार: राजेश तिवारी

सुलतानपुर (वीओएल)। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी ने केंद्र सरकार पर छात्रों के मुद्दों की अनदेखी करने और संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन को बलपूर्वक दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है। राजेश तिवारी ने कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है।

# विधायक अदिति सिंह के प्रदर्शन के बाद 3 सदस्यीय जांच समिति गठित



जिला संवाददाता

रायबरेली। इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सदर विधायक अदिति सिंह मंगलवार को अस्पताल के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल हुईं। मामला लखनऊ के सत्यार्थ हॉस्पिटल का है, जहां विधायक की अत्यंत करीबी लालजी सोनकर का इलाज के दौरान निधन हो गया था। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश था। प्रदर्शन के दौरान विधायक अदिति सिंह ने कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने त्वरित और ठोस कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ द्वारा इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए 3 सदस्यीय उच्चस्तरीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की समिति का गठन कर दिया गया है। यह समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत करेगी। अदिति सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता के स्वास्थ्य और जीवन के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, ष्पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराना हमारा संकल्प है। सदर विधायक ने त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया है। फिलहाल जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही गई है।

# नगरीय निकाय व डूडा योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकाय एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण, पर्यटन विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय विशेषताओं के अनुरूप थीम आधारित पार्क विकसित किए जाएं, जिससे नागरिकों को बेहतर मनोरंजन एवं हरित वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पार्कों का विकास आकर्षक एवं सुव्यवस्थित रूप में किया जाए तथा उनमें आवश्यक नागरिक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने नगरों की सुंदरता एवं आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख भवनों एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर फसाड लाइटिंग कराए जाने, शहर की दीवारों पर स्थानीय संस्कृति, विरासत एवं जनजागरूकता पर आधारित वाल पेंटिंग कराने तथा प्रमुख चैराहों का सौंदर्यीकरण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से नगरीय क्षेत्रों की पहचान मजबूत होगी और स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण का निर्माण होगा। बैठक में डलमऊ को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख मंदिरों में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था की जाए, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए पाथवे विकसित किए जाएं।

## आरएसएस धर्म जागरण विभाग की लालगंज नगर की बैठक संपन्न

लालगंज, रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण विभाग की लालगंज नगर बैठक श्री भैरवनाथ मंदिर में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाते हुए श्री राम जय राम जय राम के महामंत्र के साथ किया गया। बैठक में लालगंज नगर की विभिन्न बस्तियों के संयोजकों की आगामी योजना रचना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए धर्म जागरण के जिला सह-संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि संगठन की गतिविधियां सदैव निरंतर चलती रहनी चाहिए। उन्होंने धर्मांतरण को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें समाज में धर्मांतरण के प्रति जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार करना होगा। आज हिंदुओं की जनसंख्या अन्य धर्मों की बढ़ती हुई जनसंख्या के सापेक्ष कम हो रही है, यह हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने विशेष रूप से धर्मांतरण पर रोक और घर वापसी के कार्यों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में सामाजिक समरसता के साथ-साथ बेटी नहीं, बहू पढ़ाओ अभियान पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की शिक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने से ही स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। लालगंज नगर संयोजक संजय चड्ढा और नगर सह-संयोजक राजेंद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष 1925 से ही हिंदू समाज को एकजुट करने और राष्ट्रहित के कार्यों में निरंतर लगा हुआ है।

## भाकपा नेता सूर्यकांत पाण्डेय ने सीएमओ कार्यालय में दर्ज कराया अपना बयान

अयोध्या। भाकपा नेता एवं शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय द्वारा उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से की गई शिकायत की जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में उनके बयान से प्रारंभ की गई। श्री पाण्डेय ने गत जनवरी महीने में श्री राम नेत्रालय अयोध्या के नेत्र चिकित्सक डा संजीव थापर से मोतियाबिंद का आपरेशन कराया था।

# पौधरोपण, पर्यावरण व गंगा समिति की बैठक सम्पन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण महाअभियान की प्रगति, पौधों के संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा गंगा एवं हरित विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग समयबद्ध रूप से पूर्ण कराई जाए, ताकि पौधों की वास्तविक स्थिति एवं उनकी निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण, संवर्धन एवं दीर्घकालिक रखरखाव सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया है, वहां सिंचाई, सुरक्षा व्यवस्था, पौधों की देखरेख एवं साइट का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने रोपित पौधों की समय-समय पर समीक्षा करे तथा उनकी जीवित रहने की स्थिति पर विशेष निगरानी रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान लगाए गए जिन पौधों का सर्वाइवल नहीं हो पाया है, उन्हें तत्काल प्रतिस्थापित (रिप्लेस) किया जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हरित आवरण को बढ़ाने का उद्देश्य पूर्ण हो सके। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक ट्री गार्ड एवं अन्य संरक्षण उपाय भी सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल स्रोतों के संरक्षण तथा जनसहभागिता के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों को जनआंदोलन का स्वरूप दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, डीएफओ प्रखर मिश्र, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप जिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार प्रमोद सिंह, उप निदेशक कृषि हिमांशु पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विनय सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलभराव पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## जनसुनवाई में आईं 25 शिकायतें, 13 का मौके पर समाधान



अयोध्या। नगर निगम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नगर क्षेत्र के लोगों ने 25 प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्याएं महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के समक्ष रखीं। इनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर नागरिकों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष 12 मामलों में जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। अयोध्या धाम जोनल कार्यालय में सुबह 10 बजे शुरू हुई जनसुनवाई में आवासीय पैमाइश, सड़क निर्माण, जलभराव से राहत, जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, मार्ग प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने, पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। महापौर ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गंभीरता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पंपों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पेयजल पाइपलाइनों की नियमित जांच एवं आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश देते हुए कहा कि दूषित पेयजल की आपूर्ति रोकना प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे संक्रामक रोगों की आशंका को समय रहते समाप्त किया जा सके। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एम. शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# नीट परीक्षा में सफल दिव्यांश गौड़ का विधायक ने किया सम्मान



अयोध्या। नीट-यूजी 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले ग्रामोदय इंटर कॉलेज के छात्र दिव्यांश गौड़ को सोमवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया। विधायक ने दिव्यांश को अंगवस्त्र एवं भगवान का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके माता-पिता को भी बधाई देते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। दिव्यांश गौड़ ने नीट परीक्षा में 720 अंकों में से 566 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक में 25,851वां स्थान हासिल किया है। उनकी सफलता पर परिवार के साथ क्षेत्रवासियों में भी खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि दिव्यांश की उपलब्धि केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे अयोध्या जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। दिव्यांश ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। विधायक ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाएं और निरंतर परिश्रम के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

## अखिल अग्रवाल बने अध्यक्ष तो डा. अभिषेक पांडेय सचिव निर्वाचित



सुलतानपुर (वीओएल)। नगर के गार्डन व्यू होटल में रोटरी क्लब सुलतानपुर का 57वां अधिष्ठापन समारोह गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। समारोह में रोटेरियन अखिल अग्रवाल ने वर्ष 2026-27 के लिए क्लब के अध्यक्ष तथा डॉ. अभिषेक पांडेय ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि डीजीएन मनकेश्वर नाथ पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट गवर्नर मनदीप श्रीवास्तव रहे। अतिथियों ने रोटरी क्लब द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नए जनकल्याणकारी प्रकल्पों को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। वहीं सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय ने क्लब की वार्षिक गतिविधियों और सेवा कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह का प्रमुख आकर्षण रोटेरियन विजय सेठ एवं डॉ. नैयर रजा जैदी का रोटरी क्लब में 50 वर्ष पूरे होने पर सम्मान रहा। वहीं संदीप कुमार और संजय केसरवानी को 25 वर्ष की सक्रिय सदस्यता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चार दंपतियों ने रोटरी क्लब की सदस्यता ग्रहण कर समाज सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन गुरलीन कौर एवं मनमोहित ने किया। अंत में नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाज सेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया।

## जर्जर सड़क पर ग्रामीणों ने धान की रोपाई कर जताया विरोध



सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर क्षेत्र में मुईली-दूबेपुर मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर उतर आया। कटका क्लब सामाजिक संस्था और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने अनोखे अंदाज में जर्जर सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ष्जब तक रोड नहीं, तब तक वोट नहींष के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ग्रामीणों ने आगामी चुनाव में मतदान के बहिष्कार की चेतावनी भी दी। कटका क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र शिवनम्रश ने कहा कि वर्षों से सड़क बदहाल पड़ी है, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासन केवल आश्वासन देते रहे हैं। बरसात में यह मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है, जिससे छात्रों, किसानों, मरीजों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन को 20 दिन का अल्टीमेटम देते हुए मांग की कि निर्धारित अवधि के भीतर सड़क निर्माण शुरू कराया जाए। चेतावनी दी कि यदि समय रहते काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा सड़क नहीं तो वोट नहीं अभियान पूरे क्षेत्र में चलाया जाएगा।

## 532 जोड़ों ने लिए सात फेरे, सात जोड़ों का हुआ निकाह



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। फरीदीपुर स्थित एक निजी संस्थान में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दूसरे दिन भी भव्य आयोजन हुआ। विकास खंड दूबेपुर, कुड़वार, धनपतगंज, मोतिगरपुर और जयसिंहपुर के 532 हिंदू जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न कराया गया, जबकि सात मुस्लिम जोड़ों का मौलवी की मौजूदगी में निकाह कराया गया। कार्यक्रम में सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह तथा सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शासन की योजना के तहत प्रत्येक नवदंपति को 21 हजार रुपये के घरेलू उपयोग के सामान उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि वधू के बैंक खाते में 64 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी जा रही है।

## नंदगांव पहुंचे पूर्व आईपीएस व राज्य मंत्री असीम अरुण, बेटियों का बढ़ाया हौसला



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने सोमवार को नंदगांव पहुंचकर यहां रह रही अनाथ एवं परित्यक्त बालिकाओं से मुलाकात की। लखनऊ से वाराणसी जाते समय उन्होंने लगभग दो घंटे नंदगांव में बिताए और बालिकाओं का मार्गदर्शन किया। नंदगांव की चेयरपर्सन डॉ. पल्लवी से बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि यदि कोई बालिका गंभीर अवसाद से पीड़ित है तो उसकी काउंसलिंग की व्यवस्था सरकारी सहयोग से कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वोदय योजना के तहत पढ़ाई की इच्छुक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा। मंत्री असीम अरुण ने नंदगांव के हर्बल गार्डन का अवलोकन किया, जहां 55 प्रकार के मसालों के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने इसकी सराहना करते हुए सभी ग्राम पंचायतों में हर्बल गार्डन विकसित करने की अपील की, ताकि लोग शुद्ध और प्राकृतिक मसालों का उपयोग कर सकें। उन्होंने डॉ. पल्लवी से हर्बल गार्डन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का भी आग्रह किया। बालिकाओं ने मंत्री से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका उन्होंने आत्मीयता से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूकता बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने सुझाव दिया कि नंदगांव में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने के लिए सूचना बोर्ड भी लगाया जाए।

# मण्डलायुक्त ने लंबित कार्य को समय से पूर्ण करने के दिए निर्देश

अयोध्या। मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद की सप्तम बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में पर्यटकों के सुविधार्थ हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेन्द्र कुमार के द्वारा विगत वर्ष 2024-25 की 17 परियोजनाओं के अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा स्वीकृति 17 परियोजनाओं की प्रगति व हस्तान्तरण किये जाने वाली परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अनुराज जैन सहित सम्बंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद द्वारा विगत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कुल 17 परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट समिति के समक्ष रखी गयी। आयुक्त/अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रचलित कार्यों में प्रगति करने तथा निर्धारित समय में परियोजनाओं को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। शेष परियोजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना का भी प्रस्तुतीकरण, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रेषित समस्त परियोजनाओं के प्रस्तुतीकरण देखने के उपरान्त सम्बन्धित कार्यदाई संस्था को, अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये कि . समस्त प्रेषित परियोजनाओं में पर्यटन विकास हेतु पर्यटकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाये। प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त शेड, वृद्धों, महिलाओं एवं दिव्यागों के लिये विशेष स्थान का चिन्हांकन कराकर निर्माण पर भी बल दिया जाये।

# दिव्यांग बच्चों के लिए बचपन डे-केयर सेंटर तैयार

## ब्रह्मकुंड में 4 हजार वर्ग फुट भूमि पर बना दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग का नया सेंटर



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रामनगरी अयोध्या में श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए आधुनिक बचपन डे-केयर सेंटर तेजी से निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत करीब 3.91 करोड़ रुपये की लागत से नजूल की भूमि पर बन रहे इस सेंटर से 3 से 6 वर्ष की आयु के उन दिव्यांग बच्चों को विशेष देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और थेरेपी मिलेगी, जिनके माता-पिता दिनभर काम पर रहते हैं। यह सेंटर अयोध्या धाम के पवित्र परिक्रमा मार्ग के पास ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा क्षेत्र में करीब 4 हजार वर्ग फुट भूमि में लगभग बनकर तैयार हो चुका हैं। राज्य कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आई है और कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड इसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया हैं। यह भवन तीन मंजिला का हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशील सोच का यह जीवंत उदाहरण है कि दिव्यांग बच्चों को भी समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। विशेष डे-केयर सेंटर की कमी के कारण कई अभिभावक अपने छोटे दिव्यांग बच्चों को घर पर अकेला छोड़ने को मजबूर थे या नौकरी छोड़नी पड़ती थी। अब अयोध्या में बन रहा यह सेंटर उन परिवारों के लिए वरदान साबित होगा। सेंटर में बच्चों को सुबह से शाम तक सुरक्षित माहौल में रखा जाएगा। प्रशिक्षित विशेष शिक्षक, थेरेपिस्ट, केयरटेकर और मनोवैज्ञानिक बच्चों की जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत ध्यान देंगे। शुरूआती दौर में 30-40 बच्चों को प्रवेश दिए जाने की सूचना मिल रही है, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। सहायक अभियंता संजय सिंह ने बताया कि इस बिल्डिंग में अलग-अलग दिव्यांगता (श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित, बौद्धिक दिव्यांग) के लिए विशेष कक्षाएं व थेरेपी रूम, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी और सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी की सुविधा, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र, संवेदी खिलौने और विशेष शैक्षिक सामग्री प्रशिक्षित विशेष शिक्षक, स्पीच थेरेपिस्ट और साइकोलॉजिस्ट की टीम, पौष्टिक भोजन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य जाँच व सीसीटीवी निगरानी की हैं।

संक्षेप

## डीएम के निर्देश पर हटा अवैध कब्जा

देवरिया। जनता दर्शन में ग्राम सिरसिया निवासी संतोष कुमार शर्मा द्वारा अवरुद्ध पहुंच मार्ग बहाल कराने की शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अवैध कब्जा हटाकर वैकल्पिक रास्ता बहाल करा दिया। सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) एवं लेखपाल की टीम ने मौके पर पैमाइश कर जांच की थी। जांच में नया रास्ता निकालने के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध न होने तथा पूर्व में उपलब्ध कराए गए वैकल्पिक मार्ग पर अवैध कब्जा होने की पुष्टि हुई थी। राजस्व टीम की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटवाया और वैकल्पिक रास्ता पुनः बहाल करा दिया। इससे शिकायतकर्ता सहित स्थानीय लोगों के आवागमन की समस्या का समाधान हो गया।

## जनपद में एसडीएम के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति अनुभाग-2 द्वारा जनपद में उप जिलाधिकारियों की नवीन तैनाती किए जाने के क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनहित एवं प्रशासनिक कार्यों के दृष्टिगत जनपद कुशीनगर में उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण करते हुए नवीन तैनाती के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जारी आदेश के अनुसार राजीव निगम को उप जिलाधिकारी, पडरौना, विवेक कुमार मिश्रा को उप जिलाधिकारी कसया तथा कुणाल गौतम को उप जिलाधिकारी, तमकुहीराज के पद पर तैनात किया गया है। इसी प्रकार आकांक्षा मिश्रा, जो वर्तमान में उप जिलाधिकारी, तमकुहीराज के पद पर कार्यरत थीं, उन्हें उप जिलाधिकारी, कप्तानगंज के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वहीं डॉ. संतराज, जो वर्तमान में उप जिलाधिकारी, कसया के पद पर कार्यरत हैं, को उप जिलाधिकारी (न्यायिक), पडरौना के पद पर तैनात किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा आदेश के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुए शासन एवं प्रशासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनहित के कार्यों का प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अन्त्योदय कार्ड बनाने में धनउगाही का आरोप

कुशीनगर। दुदही विकासखंड के मंझरिया निवासी एक महिला ने 15 वर्षों से कार्यरत जनपद के तमकुहीराज तहसील में आपूर्ति विभाग के प्राइवेट कम्प्यूटर ऑपरेटर पर अन्त्योदय कार्ड बनाने में धनउगाही का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी तमकुहीराज को एक शिकायती पत्र दी है। शिकायतकर्ता इसरावती देवी पत्नी गणेश प्रसाद ने उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा को सौंपे पत्र में बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति खराब है तथा वह भूमिहीन है। ग्राम पंचायत द्वारा अन्त्योदय कार्ड हेतु किये गए प्रस्ताव को मैं 17 जुलाई को आपूर्ति कार्यालय में जमा करने गयी तो 15 वर्षों से कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर कमलेश यादव ने पाँच हजार रुपये मांगे। कहा कि नहीं देने पर कोई काम नहीं होगा। इसरावती देवी ने बताया कि ऑपरेटर कमलेश यादव को हटाने व उसके खिलाफ जाँच कराकर कार्यवाही तथा अन्त्योदय कार्ड जारी करने के लिए पत्र देकर उपजिलाधिकारी तमकुहीराज से मांग की हूँ।

# शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर



कुशीनगर। परियोजना निदेशक पीयूष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन एवं कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक तथा समिति से संबंधित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में एआरपी, एसआरजी एवं ईसीसीई एजुकेटर की चयन प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति, बालवाटिका में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई शैक्षणिक सामग्री का वितरण एवं उपयोग, स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कक्षा-1 एवं कक्षा-6 में नवीन नामांकन की प्रगति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं तथा टेंडर प्रक्रिया की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त एआरपी द्वारा विद्यालयों में किए जा रहे सपोर्टिव सुपरविजन, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण विद्यालयों की स्थिति, आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन एवं विद्यालयों में नामांकन, दिव्यांग बच्चों की प्रतिदिन ऑनलाइन उपस्थिति, शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत नामांकन की प्रगति तथा नव भारत साक्षरता मिशन की विस्तृत समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक ने समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नामांकन बढ़ाने, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों के नियमित अनुश्रवण तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही समीक्षा के दौरान चिन्हित कमियों को तत्काल दूर करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा शासन को अपेक्षित प्रगति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जंतर मंतर पहुंची महिला कांग्रेस टीम ने किया प्रदर्शन, महिला आरक्षण की मांग



कसया, कुशीनगर। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के आह्वान पर महिला आरक्षण बिल 33% की मांग को लेकर कुशीनगर महिला कांग्रेस टीम जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुशीनगर वृंदा प्रजापति के नेतृत्व में मंगलवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर पहुंच कर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार से 33% महिला आरक्षण की मांग किया।


जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के निर्भीक निडर निष्पक्ष न्यायप्रिय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं, उनके आह्वान पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूर्वी जोन की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी की अध्यक्षता में महिला कांग्रेस कुशीनगर की महिला टीम एवं भारत के कोने-कोने से, हर राज्य के हर जिलों से आयीं कांग्रेस नेत्रियों ने जंतर-मंतर पर पुरजोर प्रदर्शन करते हुए, महिला आरक्षण लागू करो आज करो और अभी करो, के नारों के साथ 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की मांग किया। इस दौरान कुशीनगर महिला कांग्रेस से सीमा भारती नगर अध्यक्ष कसया सीमा भारती, आसमा खातून आदि सहित देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज से रेनू गुप्ता, कमलावती देवी, शबा खातून, शबनम खातून सहित सैकड़ो महिला कांग्रेसी शामिल रही।

## दूसरी मंजिल की छत पर चढ़ा सांड़ घंटों चला रेस्क्यू ऑपरेशन



सीतापुर। शहर के आदर्श नगर मोहल्ले में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक निराश्रित सांड अचानक एक मकान के भीतर घुसकर सीढ़ियों के रास्ते दूसरी मंजिल की छत पर पहुंच गया। छत पर सांड को घूमता देख परिवार के सदस्य घबरा गए और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने सांड को नीचे उतारने की कोशिश की, लेकिन वह काफी देर तक छत पर ही घूमता रहा। उसके गिरने या किसी को नुकसान पहुंचाने की आशंका से पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन सफलता न मिलने पर नगर पालिका परिषद को बुलाया गया। उप जिलाधिकारी सीमा सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर पालिका की टीम ने पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से कई घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद सांड को सुरक्षित काबू कर मकान से बाहर निकाला गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## संस्कृति ही राष्ट्रीयता का संवाहक : राजेंद्र देव



देवरिया। किसी देश और राष्ट्र की संस्कृति राष्ट्र के स्पंदन और चैतन्य स्वरूप का प्रकटीकरण है, जिस तरह किसी शरीर के जीवित होने का प्रमाण सांसों का आवागमन है उसी तरह कोई राष्ट्र अपना स्पंदन जीवंत संस्कृति से प्राप्त करता है।

संस्कृति का विलोपन राष्ट्रीय अस्मिता का समाप्त होना है। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में विद्या भारती की संस्कृति बोध परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए क्षेत्रीय अभियान प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी जी ने कहा। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि विद्या भारती संस्कृति बोध परियोजना के माध्यम से समस्त भारत में हिन्दू समाज के मान बिंदुओं को संस्कृति ज्ञान माला पुस्तक के विभिन्न संस्करणों के माध्यम से हर परिवार तक पहूचाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने राष्ट्रीय सम्मान और जन चेतना के इस महा यज्ञ में सभी को सन्निहित होकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यशाला में संबोधित करते हुए बरमेश्वर पाठक, गोरक्ष प्रांत संस्कृति बोध परियोजना प्रमुख जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का जींवत और सतत अस्तित्व न केवल भारतीयता बल्कि विश्व शांति और सह अस्तित्व के विचार के लिए नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति कर्मशील था, उदारता, सहिष्णुता, ग्रहणशीलता, आध्यात्मिकता और भौतिकता का संतुलित समन्वय है। यह सर्वे भवन्तु सुखिनः तथा वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को पोषित करती है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि गण द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिवार की ओर आगंतुक अतिथियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य मान बहादुर सिंह ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## छात्र सभा ने जौहर यूनिवर्सिटी बचाने के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान




सीतापुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर समाजवादी छात्र सभा ने मंगलवार को रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर विश्वविद्यालय के समर्थन में हस्ताक्षर करने की अपील की गई। समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी को बचाना शिक्षा और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि आजम खान के जेल में होने के दौरान विश्वविद्यालय को बचाने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं और समाजवादी कार्यकताओं की है। उन्होंने सरकार से ध्वस्तीकरण के आदेश पर पुनर्विचार कर विश्वविद्यालय को सुरक्षित रखने की मांग की। अभियान में कार्यकताओं ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान पर कार्रवाई से पहले सभी तथ्यों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। हस्ताक्षर अभियान में वकील, अनिल यादव, विकास गौतम, विशाल भार्गव, आकाश कुमार, विनीत सहित समाजवादी छात्र सभा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोटावेटर से जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के सीतानगर गांव में मंगलवार दोपहर खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सीतानगर निवासी सहजराम पुत्र हरिनाम सिंह किराये पर ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने गए थे। वह रोटावेटर से खेत तैयार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। सहजराम ट्रैक्टर के नीचे दब गए। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर सिधौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि सहजराम मेहनत-मजदूरी के साथ किराये पर ट्रैक्टर चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस कर्मियों ने ली जल संरक्षण की शपथ

### जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्वः एसपी

देवरिया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 16 जुलाई से 22 जुलाई, तक आयोजित भूजल सप्ताह के अंतर्गत आज जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्पथीम पर जनपद में जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की गई। साथ ही जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में अपने-अपने थानों एवं कार्यालयों पर नियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन की शपथ ली। शपथ के दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने जल के विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार उपयोग, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, भूजल स्तर के संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संवर्धन तथा आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही दैनिक जीवन में जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझते हुए उसके अनावश्यक दुरुपयोग को रोकने तथा भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों के संरक्षण हेतु सक्रिय योगदान देने का भी संकल्प व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि हम सभी मिलकर जल बचाने का संकल्प लें, तो भविष्य में जल संकट जैसी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों के साथ-साथ समाज में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया।

## लकड़ी लूटकांड के मामले में मुकदमा दर्ज, चालक से पूछताछ जारी

भटनी (देवरिया) स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर के पास ट्रैक्टर चालक को अगवा एवं मोबाइल छीनकर ट्राली पर लदी लकडी के लूट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालक को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है। बताया गया है कि बिहार के मुज्जफरपुर जिला थाना के मोतीपुर निवासी विमल अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वर्तमान में देवरिया के कृष्ण नगर में रहते है। विजयीपुर थाना जिला गोपालगंज बिहार के माडरघाट में पटरा प्लाई निर्माण की कारखाना चलाते हैं। विजयीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरुपाई गाँव के रामसूरत यादव के ट्रेक्टर ट्राली लेकर थाना मईल के बरठा चौराहे से 56 कुन्तल यूकेलिप्टस की लकडी लेकर अपने कारखाने आ रहा था। तभी सल्लहपुर के पास बाईक सवार बदमाशों ने गाड़ी को रोक दिया और चालक को बाईक पर बैठा कर घुमाने लगे। उसी हमय उसके साथियों ने ट्राली से लकडी कही उतरवा कर दुसरे जगह पहुंचा दिया। वापस आकर चालक को खाली ट्राली के साथ ट्रेक्टर के चालक को चाभी सौप दिया। घटना की सूचना पर पुलिस रात भर छापेमारी कर लकड़ी बरामद कर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने लूट के मामले में शिव यादव पुत्र राजेन्द्र यादव संजय यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव श्रीराम यादव पुत्र शिवबदन यादव, विकास यादव पुत्र शिव यादव के विरुद्ध पुलिस मुकदमा दर्ज कर लगातार बिहार में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्त ने बताया कि सम्भावित जगहों पर छापेमारी की जा रही है शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

## बरहज विधानसभा के जनहित के मुद्दों को लेकर सपा नेता भूख हड़ताल पर

बरहज, देवरिया। बरहज विधानसभा के जनहित के मुद्दों को लेकर मोहाव काली मंदिर पर सपा नेता विजय रावत ने भूख हड़ताल शुरू किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि पिछले दस सालों से भाजपा सरकार ने बरहज विधानसभा को विकास से कोसों दूर कर दिया। बरहज सोनूघाट की सड़क दस सालों से टूटी है। दस वर्ष से बरहज विधानसभा में भाजपा के जनप्रतिनिधि हैं। उसके बाद भी विकास नहीं हो पाया और अब विधानसभा का चुनाव आया है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री बरहज में आकर चुनावी जुमला दे कर चले गए। हमारी अधिकारियों से मांग है कि जनहित में बरहज सोनू घाट मार्ग पर तत्काल प्रभाव से गड्ढे भरे जाए। बरहज विधानसभा की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी हैं। उसे तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाये। मोहन सिंह सेतु पर धन आवंटित किया जाये। परसिया देवार, विशुनपुर देवार में कटान रोकने का प्रबंधन किया जाए। नही तो भूख हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान विकास यादव, अनिरुद्ध यादव, उपेन्द्र सिंह, फरेन्द यादव, भृंगू यादव, छेदी कुमार, रामराज, इस्लाम, गंगा यादव, मुमताज, दुर्गेश गौड़, भोला गौड़ मौजूद रहे।

## यूक्रेन में मालवाहक जहाज पर रूसी मिसाइल के हमले में देवरिया के अभिषेक निषाद की मौत



देवरिया। यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के लिए बेहद दुखद खबर सामने आई है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमेल गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक निषाद की यूक्रेन में मालवाहक जहाज पर हुए रूसी मिसाइल हमले में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, अभिषेक निषाद मुंबई की एक शिपिंग एजेंसी के माध्यम से एमवी गोल्डन लियो मालवाहक जहाज पर नाविक के रूप में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि जहाज यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से माल लेकर रवाना हुआ ही था कि उस पर रूसी मिसाइल से हमला हो गया। हादसे के समय जहाज पर चालक दल के 17 सदस्य सवार थे। हमले में कई लोगों के हताहत होने की सूचना है, जिनमें अभिषेक निषाद की भी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अभिषेक 9 जून को परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से विदेश गए थे। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार ने कर्ज लेकर उन्हें नौकरी के लिए भेजा था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। सोमवार शाम शिपिंग कंपनी के एजेंट ने फोन कर अभिषेक की मौत की सूचना दी। यह खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अभिषेक अपने माता-पिता के इकलौते कमाने वाले बेटे थे। पिता कौशल निषाद ने बताया कि बेटे की कमाई से ही पूरे परिवार की उम्मीदें जुड़ी थीं। अब उनके सामने जीवनयापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने सरकार से आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की मांग की है। उधर, करमेल गांव में शोक का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं।

## इग्नू में प्रवेश के लिए नामांकन तिथि बढ़ी

आजमगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से संबद्ध केंद्र डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ की समन्वयक प्रोफेसर शिल्पा त्रिपाठी ने बताया कि इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

## कल बरहज तहसील में लगेगा कल्याणकारी शिविर

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) राम जनम ने बताया कि जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण, जिला प्रोबेशन, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की सभी तहसीलों में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ की भावना के साथ कल्याणकारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 23 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से बरहज तहसील सभागार में संयुक्त कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग व प्रमुख धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण



देवरिया। आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक श्री अभिजीत आर. शंकर द्वारा जनपद के विभिन्न कांवड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना भाटपाररानी चनुकी तिराहा, फुलवरिया, महुजा बार्डर आदि, थाना सलेमपुर के मझौलीराज स्थित दिग्धेश्वर नाथ मंदिर तथा थाना मईल क्षेत्रान्तर्गत भागलपुर चौकी एवं घाट का भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। यात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर एवं घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय निगरानी तथा पुलिस की सतत गश्त बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रावण पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय प्रशासन, नगर निकाय, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने, त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे जनपद में श्रावण पर्व एवं कांवड़ यात्रा सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## 29 तक ग्राम प्रधानों से संबंधित लंबित जांच पूरी करें अधिकारी

देवरिया। जनपद में ग्राम प्रधानों के विरुद्ध लंबित जांचों के निस्तारण में लापरवाही पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जिन अधिकारियों ने निर्धारित समय तक जांच आख्या प्रस्तुत नहीं की, उनका माह जुलाई का वेतन जांच रिपोर्ट उपलब्ध होने तक बाधित कर दिया जाएगा।

जनपद में ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कुल 65 जांचें लंबित हैं। इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित जांच अधिकारियों को कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी ने सभी नामित जांच अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे 29 जुलाई तक प्रत्येक मामले की जांच पूरी कर अपनी आख्या अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयसीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों के जुलाई माह का वेतन जांच रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक रोक दिया जाएगा। ग्राम प्रधानों की जांच के लिए पंचायती राज अधिनियम में प्राविधानित है कि कोई भी शिकायतकर्ता अपनी शिकायत शपथ पत्र के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत करेगा साथ ही नोटरी के समक्ष सत्यापित शपथ- पत्र और साथ में शिकायत से संबंधित दस्तावेज जो उनके पास है, संलग्न कर प्रस्तुत करेगा। जिलाधिकारी द्वारा शपथ पत्र पृष्ठाकन के उपरांत जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से प्रारंभिक जांच कराई जाएगी, प्रारंम्भिक जांच के आधार प्रथम दृष्टया औपचारिक जाँच हेतु मामला बनने पर जिला मजिस्ट्रेट एक आदेश द्वारा जांच करने के लिए प्रारंभिक जांच करने वाले अधिकारी से भिन्न किसी जिला स्तरीय अधिकारी को नामित करेगा, नामित अधिकारियों की टीम के द्वारा शिकायतकर्ता और जिसके विरुद्ध शिकायत की गई है दोनों को नोटिस जारी कर तिथि नियत कर मौके पर जांच की जायेगी, जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के जांच संबंधित लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि इससे पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

# म्यांमार के नागरिक नन्दका को सौंपा भारतीय नागरिकता पंजीकरण प्रमाण-पत्र

जिला संवाददाता(vol)



कुशीनगर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6(1) के अंतर्गत म्यांमार के पूर्व नागरिक श्री नन्दका को भारतीय नागरिकता प्रदान किए जाने के क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निदेर्शानुसार आज अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वैभव मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में उन्हें भारतीय नागरिकता पंजीकरण प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी नागरिकता पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 8657 (16 जून, 2026) के आधार पर श्री नन्दका को विधिवत भारतीय नागरिक के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के गृह (वीजा) अनुभाग-2 द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए प्रमाण-पत्र संबंधित को सुपुर्द किया गया। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने नन्दका को भारतीय नागरिकता प्राप्त होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नागरिक के रूप में अब उन्हें संविधान एवं विधि द्वारा प्रदत्त सभी अधिकार एवं दायित्व प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार प्रमाण-पत्र वितरण की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा इसकी सूचना शासन को भी प्रेषित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नन्दका पूर्व में म्यांमार के नागरिक थे। भारत सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6(1) के अंतर्गत उनके आवेदन का परीक्षण एवं सभी वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान की गई है। यह कार्रवाई भारत सरकार की पारदर्शी, विधिसम्मत एवं संवैधानिक नागरिकता प्रक्रिया का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान

भारत के प्राइवेट सेक्टर ने अंतरिक्ष में इतिहास रच कर देश का गौरव बढ़ाने का काम किया है। स्काईरूट एरोस्पेस के विक्रम.1 रॉकेट की सफलता भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में मील का एक पत्थर है। यह निजी क्षेत्र का डिजाइन किया हुआ और बनाया गया पहला भारतीय रॉकेट है जिसने पृथ्वी की कक्षा में पहुंचकर उपग्रहों को स्थापित किया। तकनीकी खराबी के कारण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर से इसके प्रक्षेपण में 35 मिनट की देर हुई। लेकिन धरती छोड़ने के बाद विक्रम.1 ने एकदम सही ढंग से काम किया। उसने तय उड़ान पथ का अनुसरण किया और उसके इंजन ने पहले से तय चार चरणों में फायरिंग करके 15 मिनट की उड़ान के बाद उसे 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर मौजूद पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया। भारत इसके साथ ही अमेरिकाए चीन और न्यूजीलैंड के बाद चौथा ऐसा देश बन गया जिसने निजी क्षेत्र की रॉकेट क्षमता विकसित की है। इस अभियान को मिशन आगमन का नाम दिया गया था और इसने सभी पेलोड भेजे गये उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर दिया। यह दो क्यूबसैट अपने साथ ले गया था। एक है स्काईरूट का स्कोप उपग्रह जो भविष्य के अभियानों के लिए आंकड़े एकत्रित करेगा और दूसरा है सोलारस एस 3 नैनोसैटेलाइट पाथ फाइंडर जिसे एक अन्य भारतीय स्टार्टअप ग्रह स्पेस ने तैयार किया है। स्काईरूट विक्रम श्रृंखला के जरिये बाजार में मौजूद कमी को दूर करने की कोशिश कर रहा है। विक्रम.1 को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि वह 350 किलोग्राम तक का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में



स्थापित कर सके। इसके उन्नत संस्करण विक्रम 1.यू में स्ट्रैप.ऑन बूस्टर होंगे। वह इस पेलोड क्षमता को बढ़ाकर 550 किलोग्राम कर देगा। ये पेलोड क्षमता छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए आदर्श है क्योंकि इस क्षेत्र में कुशल प्रक्षेपण यान की कमी है। भारी वजन उठाने वाले रॉकेट का उपयोग छोटे उपग्रहों के लिए सही नहीं होता है। यदि पर्याप्त पेलोड न हो तो रॉकेट का उपयोग अधूरा रह जाता है। यदि पर्याप्त पेलोड का इंतजार करना पड़े तो उपग्रहों के प्रक्षेपण में देरी होती है। विक्रम.1 इस कमी को पूरा कर सकता है। स्काईरूट ने मई में 6 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई जिसे उसने विक्रम श्रृंखला के डिजाइन और उत्पादन में निवेश किया। चार.चरण वाला सात मंजिल ऊंचा विक्रम.1 रॉकेट तीन ठोस ईंधन वाले चरणों से बना है जो अलग हो जाते हैं और चौथा तरल ईंधन वाला चरण होता है जो उपग्रह को वांछित कक्षा में सटीक रूप से स्थापित करने का मुश्किल काम करता है। किसी नए रॉकेट की पहली उड़ान का पूरी तरह सफल होना असाधारण है। स्काईरूट डेटा का अध्ययन करेगा और पूरी तरह व्यावसायिक होने से पहले कम.से.कम दो और परीक्षण उड़ानें करेगा। स्काईरूट उन सैकड़ों भारतीय स्टार्टअप में से एक है जो नीति में बदलाव के बाद निजी उद्यम को अनुमति मिलने से एरोस्पेस क्षेत्र में आए हैं। यह 2018 में हैदराबाद में स्थापित हुआ था और इसके सह.संस्थापक पवन कुमार चांदना और नागा भारत डाका दोनों पहले इसरो में रह चुके हैं। स्काईरूट के संस्थापकों का इसरो से जुड़ा होना असामान्य नहीं है। भारत की अंतरिक्ष एजेंसी से अब तक 100 से अधिक इंजीनियर और वैज्ञानिक बाहर निकल चुके हैं। अधिकांश स्टार्टअप में चले गए हैं। छोड़कर जाने वालों की संख्या इतनी अधिक है कि एजेंसी को अपनी निर्गम नीति में बदलाव करना पड़ा ताकि अहम परियोजनाओं पर कर्मियों को बनाए रखा जा सके। इस पर बहस चल रही है कि निजी क्षेत्र अब अपनी क्षमताएं इसरो की कीमत पर विकसित कर रहे हैं। लेकिन यह सब होता है। आखिर इसरो से निकलकर विदेश चले जाते तो उससे देश को ज्यादा नुकसान होता। इसलिए अगर इसरो से निकलकर देश में ही किसी प्राइवेट कंपनी में जा रहे हैं, तो भी फायदा अपने ही देश को होगा।

## विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोका–कुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

# देश में लगातार अनिश्चित हो रहा है मानसून



लोकमित्र

> पिछले एक दशक में मानसून लगातार अपना चेहरा हर साल न सिर्फ बदल रहा है बल्कि यह लगातार डरावना होता जा रहा है। करोड़ों किसानों की आय, जलाशयों का जलस्तर, उद्योग धंधों के लिए बिजली उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और देश की अर्थव्यवस्था, मौसम के इस बदलते चेहरे से हर बार डरती है और लगातार सशंकित रहती है।



एक समय था जब भारत में बकायदा बरसात शुरू होने और खत्म होने की निश्चित तारीखें हुआ करती थीं। इन तारीखों से मानसून अधिकतम दो-चार दिन ही आगे-पीछे हुआ करता था। वह उम्मीदों का मौसम होता था। किसान पहले से योजना बनाकर रखते थे कि कब बुआई शुरू करनी है और कब बुआई खत्म हो जायेगी। मानसून आने की तय तारीख को वे आसमान की ओर उम्मीदों से देखते, मुस्कुराते और बच्चे, जवान सब पहली बारिश में भीगने को बेताब रहते। हालांकि तब न तो मानसून की भविष्यवाणी करने वाली उन्नत मशीनें थीं और न ही मानसून विज्ञान ही इतना विकसित था। फिर भी मानसून लगभग तय और सुनिश्चित हुआ करता था। लेकिन बीते दो दशकों से लगातार मानसून का चेहरा बदल रहा है। अकसर हर साल कभी यह सालों पहले की तय तारीखों से कई दिन आगे आ जाता है, तो कई बार काफी पीछे आता है। केवल इतना ही नहीं बदला, सच तो यह है कि अब मानसून का पूरी तरह से चेहरा ही बदल गया है। कहीं बादल कई-कई दिनों या दो-दो हफ्तों तक बरसते ही नहीं, खेत प्यासे रह जाते हैं और कहीं-कहीं कुछ ही घंटों में महीने भर में होने वाली बारिश एक साथ हो जाती है, जिससे पूरा इलाका जलमग्न हो जाता है। इन इलाकों के शहरों में जनजीवन पूरी तरह से रुक जाता है। बाढ़ तबाही मचाती है, पेय जल का संकट खड़ हो जाता है और फसलें पानी में सड़ जाती हैं। जबकि कहीं सावन-भादो के मौसम में भी आसमान से आग टपकती है और जमीन से धूल उड़ती है।

हाल के पिछले एक दशक में मानसून लगातार अपना चेहरा हर साल न सिर्फ बदल रहा है बल्कि यह लगातार डरावना होता जा रहा है। जबकि भारत की आधी से अधिक आबादी आज भी न सिर्फ कृषि बल्कि मानसून पर ही निर्भर है। करोड़ों किसानों की आय, जलाशयों का जलस्तर, उद्योग धंधों के लिए बिजली उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और देश की अर्थव्यवस्था, मौसम के इस बदलते चेहरे से हर बार डरती है और लगातार सशंकित रहती है। यही कारण है कि मानसून में आया छोटा सा बदलाव भी, बड़े आर्थिक और सामाजिक प्रभाव छोड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अब केवल यह मायने नहीं रखता कि कुल कितनी बारिश हुई है बल्कि उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह हो गया है कि बारिश कब, कहां और कितनी देर में हुई है। पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है कि लंबे समय तक सूखा रहता है और फिर कम समय में अत्यधिक वर्षा हो जाती है। ऐसी बारिश न खेतों के लिए पूरी तरह से उपयोगी होती है और न ही यह पानी वापस धरती में समा पाता है बल्कि ज्यादातर बह जाता है। बहने की वजह से बाढ़ की स्थितियां पैदा हो जाती है। इससे न केवल गांवों बल्कि शहरों की भी स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है। कुछ घंटों की तेज बारिश, दिल्ली, मुंबई, बंग्लुरु, गुरुग्राम, पटना, गुवाहाटी शहरों की रफ्तार पूरी तरह से थाम कर रख देती है। सड़कें नदियों में तब्दील हो जाती हैं, यातायात ठप हो जाता है, बिजली और संचार की समूची व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है और जल जीवन असहाय सा महसूस करने लगता है। निःसंदेह इसका बड़ा कारण अनियोजित शहरीकरण, जल निकासी की समुचित व्यवस्था का अभाव और जलाशयों पर बढ़ता अतिक्रमण भी है।

**चिंतन**

लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इन्हीं सारी स्थितियों में पहले यही बारिश कहीं ज्यादा काम की और कम डरावनी हुआ करती थी, तो इसकी वजह यह थी कि मानसून का एक तयशुदा चेहरा था और हमें उसका पूरा नहीं तो करीब-करीब अनुमान होता था। पर अब यह हर बार हमारे अनुमान को, हमारी योजना को और हमारी व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। गांवों के लिए मानसून के इस चेहरे में दोहरी मार है। एक तरफ जहां कम समय में भारी बारिश के कारण गांव अकसर खतरनाक बाढ़ का शिकार हो रहे हैं, वहीं कभी देर से आने के कारण, तो कभी कम समय में भारी बारिश के कारण खेती बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। कभी मानसून के मौसम में लंबे समय तक बारिश न होने के चलते, तो कई बार लगातार कई हफ्तों तक अनुमान से कई गुना ज्यादा बारिश होने के कारण खेती बर्बाद हो जाती है और किसानों की मेहनत में पानी फिर जाता है। मानसून का चेहरा इस हदतक हाल के सालों में बदला है कि कई क्षेत्र में तो किसानों को अब फसल चक्र तक बदलने की जरूरत पड़ने लगी है। कम पानी वाली फसलों को अपनाने और मौसम की कई नई परिस्थितियों के अनुरूप अब वह खेती करने के लिए मजबूर हो रहे हैं या इसकी जरूरत उन्हें महसूस होने लगी है।

वास्तव में ये सारा खेल जलवायु परिवर्तन का है। धरती के बढ़ते तापमान के कारण वातावरण में कहीं अधिक नमी जमा हो जाती है, जिससे कम समय में ही मूसलाधार बारिश की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। साथ ही दूसरी तरफ लंबे शुष्क दौर भी देखने को मिल रहे हैं। वैज्ञानिक इसे एक्स्ट्रीम वेदर यानी चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि का संकेत मानते हैं। हालांकि मौसम के इस डरावने चेहरे के बावजूद बड़ी तादाद में जनहानि नहीं होती। क्योंकि पिछले दो दशक में भारत ने मौसम का पूर्वानुमान लगाने, उपग्रह तकनीक को सटीक बनाने तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। यही कारण है कि हाल के सालों में भारी चक्रवातों के बावजूद जान-माल की हानि पर हमने जबर्दस्त नियंत्रण हासिल किया है। लेकिन जिस तरह से मौसम बदल रहा है, उससे हमारी अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था बार-बार गंभीर झटके खा रही है। वास्तव में मानसून का यह बदलता चेहरा एक तरह से प्रकृति के साथ संतुलन साधने की चेतावनी है। हमने जिस तरह नदियों के किनारे बसाहट बढ़ा ली, तालाबों को पाट दिया, जंगलों को काट दिया और शहरों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है, उसके कारण न सिर्फ बारिश का रंग-ढंग बदल रहा है बल्कि बरसा हुआ पानी भी धरती में वापस नहीं समा रहा, जिस कारण भू-जल स्तर भी लगातार घटता जा रहा है।

विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले सालों में यह स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है, अगर इसे रोकने के लिए युद्धस्तर पर पूरी दुनिया ने साझी कोशिशें एक साथ न शुरू कीं तो वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि इस दीर्घकालीन डरावनी आपदा से बचना और मुश्किल हो जायेगा। इससे बचने के लिए पूरी दुनिया को तुरंत जल संरक्षण, मौसम के अनुकूल टिकाऊ कृषि, बेहतर शहरी नियोजन और पर्यावरण संरक्षण पर काम करना होगा। भारत जैसे देश के लिए यह चेतावनीभर नहीं बल्कि हमारे जीवन मरण का सवाल है, क्योंकि हमारे लिए मानसून आज भी जीवन का आधार है। ऐसे में यदि हमने अब भी प्रकृति की इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया और जल, जंगल तथा जमीन के प्रति अपनी जिम्मेदारी नहीं निभायी, तो आने वाले दिनों में मानसून इससे भी ज्यादा भयावह कहर ढा सकता है।

## सोशल मीडिया

मां जानकी के आशीर्वाद से अभिसिंचित पावन धरा श्रावस्ती के भिनगा वं श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 396 करोड़ लागत की योजनाओं को शुरू किया गया। सीएम योगी.



गिरफ्तार करो, जेल में डालो फर्क नहीं पड़ता, मोदी सरकार की सत्ता की ताकत से ज्यादा बड़ी हमारे सत्याग्रह की शक्ति है, बच्चों के साथ हुए अन्याय का हिसाब देना पड़ेगा। राहुल गांधी



अब तो बच्चे भी नाकाम भाजपा सरकार को, शासन–प्रशासन की जिम्मेदारी भरी भाषा बोली व सबक सिखा रहे, जनता इतनी हताश निराश आजादी के पहले भी न थी। अखिलेश यादव



# अमरीकी वर्चस्व को चुनौती देने का समय आ गया?



कूटनीति

सरिल राज

जब भी दुनिया में किसी युद्ध, राजनीतिक संकट या सत्ता परिवर्तन की चर्चा होती है, किसी न किसी रूप में अमेरिका का नाम सामने आ ही जाता है। पिछले सात दशकों में अमेरिका ने स्वयं को विश्व व्यवस्था का नेतृत्व कर्ता माना है। इसमें कोई संदेह भी नहीं कि विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उसका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी लगातार उठता रहा है कि क्या किसी एक देश को पूरी दुनिया की दिशा तय करने का अधिकार होना चाहिए? दरअसल अमरीका पूरी दुनिया को नचाता रहा है और दुनिया उसके सामने कई बार बेबस नजर आयी है। हालांकि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जब सोवियत संघ के नेतृत्व में साम्यवादी खेमे की गोलबंदी हुई और अमरीका पूंजीवादी दुनिया का नेतृत्व कर रहा था, तो कई दशकों तक शीतयुद्ध का माहौल जरूर रहा लेकिन दुनिया द्वि-ध्रुवीय थी। इससे काफी हद तक अमरीकी मनमानी को संतुलित करने में मदद भी मिली। लेकिन नब्बे के दशक में जब सोवियत संघ का पतन हुआ और वह 15 अलग-अलग देशों में बिखर गया, तो फिर दुनिया पूरी तरह एकध्रुवीय हो गयी और वैश्विक स्तर पर अमरीका की बेरोकटोक मनमानी का दौर शुरू हो गया, जो आज भी बदस्तूर जारी है। अमरीका को न तो चुनौती मिल रही है और ही कोई चुनौती देने वाला है। ऐसे में अमरीका जब चाहता है दूसरे देशों पर हमला कर देता है, प्रतिबंध लगा देता है, राष्ट्रपति को उठा लाता है, उसके शासकों को मार देता है या फांसी पर लटकवा देता है।

इराक, अफगानिस्तान और लीबिया जैसे देशों में हुए सैन्य हस्तक्षेपों ने लाखों लोगों की ज़िंदगी को प्रभावित किया है। इन सैन्य अभियानों को लोकतंत्र और आतंक वाद के खिलाफ लड़ाई का नाम दिया गया, इसके परिणाम स्वरूप कई देशों में वर्षों तक अस्थिरता, गृहयुद्ध और मानवीय संकट देखने को मिला। यही कारण है कि अमेरिका की विदेश नीति पर आज पहले से कहीं अधिक सवाल उठ रहे हैं। सिर्फ.सैन्य हस्तक्षेप ही नहीं, बल्कि दूसरे देशों की आंतरिक राजनीति में अमेरिकी भूमिका को लेकर भी लंबे समय से बहस होती रही है। बांग्लादेश, नेपाल, ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों का उल्लेख अक्सर इस संदर्भ में किया जाता है। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका लोकतंत्र और मानवाधिकारों के नाम पर दूसरे देशों की राजनीति को प्रभावित करने की कोशिश करता है, जबकि अमेरिकी पक्ष इसे अपने रणनीतिक हितों और लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन का हिस्सा बताता है। सच जो भी हो, इतना स्पष्ट है कि इस विषय पर दुनिया दो मतों में बंटी हुई है। आर्थिक प्रतिबंध भी अमेरिका की विदेश नीति का एक प्रमुख हथियार रहे हैं। इनका उद्देश्य सरकारों पर दबाव बनाना बताया जाता है, लेकिन वास्तविक असर अक्सर आम लोगों पर पड़ता है। दवाइयों की कमी, महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट का बोझ सबसे पहले सामान्य नागरिकों को उठाना पड़ता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या किसी सरकार को झुकाने के लिए पूरी जनता को कठिनाइयों में धकेलना उचित है?

आज दुनिया पहले जैसी नहीं रही। भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और कई अन्य देश वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका मजबूत कर रहे हैं। ऐसे समय में अनेक देशों की यह इच्छा है कि विश्व व्यवस्था किसी एक महाशक्ति के बजाय कई शक्तियों के बीच संतुलन पर आधारित हो। अंतरराष्ट्रीय कानून तभी सार्थक होंगे जब वे सभी देशों पर समान रूप से लागू हों—चाहे वह छोटा राष्ट्र हो या सबसे बड़ी महाशक्ति। इसका अर्थ अमेरिका या उसके नागरिकों का विरोध नहीं है। किसी भी लोकतंत्र में नीतियों की आलोचना और जनता के प्रति सम्मान साथ-साथ चल सकते हैं। आवश्यकता किसी नए शक्ति केंद्र की नहीं, बल्कि ऐसी विश्व व्यवस्था की है जहाँ किसी भी देश को दूसरे देशों के भविष्य का निर्णायक बनने का अधिकार न हो। यदि दुनिया वास्तव में शांति, स्थिरता और न्याय चाहती है, तो उसे शक्ति के केंद्रीकरण के बजाय संतुलन, संवाद और पारस्परिक सम्मान पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना होगा। यही आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# वरदान है प्रसन्नता

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**– वीओएल.**

अंतर्दृष्टि

# चुनावी बेला पर वायदों की वर्षा

व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है।



रामविलास जॉगिड़

चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।

## आप की बात

### कृषि की समस्याओं को समझें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए , कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था। आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे? हालांकि अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा बीते साल की गयी है। इससे जरूर खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, अनाजों की बर्बादी भी कम होगी, किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी, गांवों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा का दायरा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## 24 घंटे के अन्दर लेखपाल के विरुद्ध हुई निलम्बन की कार्रवाई

बहराइच को तहसील महसी में आयोजित आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपेन्द्र कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम लालीपुरवा दा. केवलपुर द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के समक्ष एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि तत्कालीन लेखपाल दुर्गेश निगम द्वारा उसके भाई से कुर्रा बनाने के सम्बन्ध में पैसा लिया गया था और अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही थी। आरोपों की पुष्टि के सम्बन्ध में आवेदक द्वारा एक आडियो क्लिप भी उपलब्ध कराया गया। उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी महसी को जांचोपरान्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम के सम्बन्धित प्रकरण की जांच राजस्व निरीक्षक/नायब तहसीलदार से कराते हुए आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये आडियो विलप के क्रम में तहसीलदार महसी की आख्या के अनुसार आरोपों की प्रथम दृष्टया पुष्टि करते हुए दुर्गेश निगम तत्कालीन लेखपाल तहसील महसी सम्प्रति तहसील कैसरगंज के विरुद्ध निलम्बित विभागीय कार्यवाही संचालित किये जाने हेतु संस्तुति सहित आख्या प्रेषित की गयी। तहसीलदार महसी की आख्या का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी कैसरगंज द्वारा वर्तमान में तहसील कैसरगंज के लेखपाल क्षेत्र रायगढ़ बेहडा में तैनात लेखपाल दुर्गेश निगम को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। सम्बन्धित प्रकरण में विभागीय कार्यवाही हेतु नायब तहसीलदार जरवल सुरेन्द्र कुमार वर्मा को जांच अधिकारी नामित करते हुए निलम्बित लेखपाल को भूलेख अनुभाग कैसरगंज से सम्बद्ध कर दिया गया है।

## फरार अपराधी सैफ गिरफ्तार

बहराइच। न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में कोतवाली नगर पुलिस ने कल एक फरार वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, कल उपनिरीक्षक रवि कुमार यादव ने कांस्टेबल रूपेन्द्र चतुर्वेदी एवं नीरज प्रजापति के साथ न्यायालय, बहराइच द्वारा जारी वारंट (वाद संख्या 472/26, मुकदमा संख्या 511/23, धारा 135 ईसी एक्ट) के अनुपालन में मो. सैफ पुत्र अब्दुल हसन, निवासी बॉन्डी स्टैंड रोडवेज, टिकोनीबाग, थाना कोतवाली नगर, बहराइच को टिकोनीबाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

## गांव के तालाब से निकला मगरमच्छ



बहराइच। जिले के बेलहन महेशपुर क्षेत्र के भदैयापुरवा गांव में मंगलवार दोपहर तालाब से मगरमच्छ निकल आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव के बीच स्थित तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर वन विभाग और पुलिस को अवगत कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे सबसे पहले कुछ बच्चों ने तालाब में मगरमच्छ देखा। बच्चों के शोर मचाने पर मगरमच्छ वापस पानी में चला गया, लेकिन कुछ घंटे बाद वह फिर तालाब से बाहर निकल आया। इससे गांव में भय का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर मोतीपुर रेंज के रेंजर किरण कुमार सिंह ने बताया कि मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर भेजी गई है। वहीं मोतीपुर थाना प्रभारी ब्रह्मा गौड़ ने भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात करने की बात कही।

ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द मगरमच्छ को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि तालाब गांव के बीच स्थित है और यहां से बच्चों सहित ग्रामीणों का लगातार आना-जाना रहता है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मगरमच्छ को नहीं पकड़ा गया और कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।

# बहराइच में दिखती है विकसित भारत की उज्ज्वल तस्वीर

## कतर्निया घाट अनुपम प्राकृतिक धरोहर लंबी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा जनपद



जिला संवाददाता

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महसी व नानपारा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 352 करोड़ रुपये से अधिक की 70 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि अब बहराइच में भी विकसित भारत की उज्ज्वल तस्वीर दिखती है। यहां कतर्नियाघाट की अनुपम प्राकृतिक धरोहर है। किसानों ने प्राकृतिक खेती के लिए जिन जनपदों में सर्वाधिक कार्य किया है, उसमें बहराइच भी है। डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किया है, वह विधायक-सांसद आदि की दिनरात मेहनत के कारण संभव हो पाया है, क्योंकि ये लोग दिल्ली/लखनऊ में मजबूत पैरवी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के सर्वे बताते हैं कि बहराइच अब लंबी छलांग लगाने की तैयारी कर रहा है। जो क्षेत्र कभी भारत की सत्ता के संचालन का केंद्र हुआ करता था, वह पिछड़ा और बीमारू कैसे हो सकता था। दरअसल बीमारू मानसिकता के कारण तत्कालीन सरकारों ने बहराइच को पीछे धकेल दिया था, लेकिन डबल इंजन सरकार के कारण हर क्षेत्र में परिवर्तन आया। अब यूपी में उपद्रव नहीं, उत्सव है।

अन्य प्रदेश के लोग अब यूपीवालों को शंका की दृष्टि से नहीं देखते, बल्कि गले लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने 9 साल पहले बहराइच की दुर्दशा का जिक्र किया, कहा कि यह जनपद हाथ फैलाने को मजबूर था। लैंड, सैंड, वन माफिया प्राकृतिक संसाधनों को लूटते थे, जिससे यहां के लोग बदनाम होते थे। सत्ता के संरक्षण में रहने वाले माफिया अनैतिक गतिविधियों का संचालन करते थे। यहां के नागरिकों व जनपद की आर्थिक स्थिति भी खराब थी। नीति आयोग ने जो रिपोर्ट जारी की थी, उसमें देश के सबसे बीमार 100 जनपदों में बहराइच भी शामिल था। सीएम ने कहा कि बहराइच के बच्चों का असमय बीमारी की चपेट में आना चिंता का विष ? था। जिसने महाराजा सुहेलदेव के शौर्य, बालार्क ऋषि की साधना/सिद्धि, महाराजा बलभद्र सिंह चहलारी के बलिदान को स्मरण किया होगा, उसे बहराइच का बीमारूपन चिंतित करता था। लेकिन, सपा व कांग्रेस के एजेंडे में सिर्फ एक वंश, परिवार व स्वयं का विकास था। सीएम ने कहा कि सपा सरकार के दौर में बबुआ 12 बजे सोकर उठते थे, 2 बजे तक तैयार होते थे। चच्चू बताते थे, फिर भी उनकी समझ में बात नहीं आती थी। 5 बजे जिम जाते थे और वहां से लौटने के बाद शाम 7 बजे महफिल जम जाती थी, जहां प्रदेश की योजनाएं समाप्त कर बंटाधार किया जाता था। उस दौरान यूपी के नौजवान, किसान, बहन-बेटी की बदहाल स्थिति किसी से छिपी नहीं है। त्योहारों के पहले उपद्रव होता था। तब सड़क, बिजली, आवास, राशन, आयुष्मान सुविधा तक नहीं थी। हालांकि पैसा पहले भी था, लेकिन नीयत साफ नहीं थी। महाभारत के रिश्तों वाले सैफई खानदान के चाचा, भतीजे, रिश्तेदार पैसे लूट लेते थे और किसी ने आवाज उठाई तो उसके घर पर कब्जा कर लिया जाता था। सीएम ने प्रदेश में गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि अब चेहरा, जाति देखे बिना तत्काल मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पैसा दिया जाता है। हम तुष्टिकरण की नीति पर नहीं, बल्कि सबका साथ-सबका विकास भावना से काम करते हैं। अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस जारी रहेगा। बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए जेल या जहन्नुम ही एकमात्र जगह होगी। इस दौरान सांसद आनंद गोंड, विधायक सुरेश्वर सिंह, रामनिवास वर्मा, अनुपमा जायसवाल, सुभाष त्रिपाठी, सरोज सोनकर, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला पंचायत प्रशासक मंजू सिंह, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, अपना दल के जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने नन्हे-मुन्नों को दुलारा-पुचकारा, साथ में फोटो खिंचवाई

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विकास परियोजनाओं की सौगात लेकर बहराइच पहुंचे। इस दौरान सीएम योगी ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। बाल एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल पर कुछ नन्हे-मुन्ने बैठे थे, जिन्हें देखकर मुख्यमंत्री रुक गए और इन बच्चों को स्टॉल से बाहर बुलवाया। मुख्यमंत्री ने सभी से उनका नाम, स्कूल व कक्षा पूछी। एक बच्चे ने बताया- आंगनवाड़ी। फिर मुख्यमंत्री ने पूछा कि चप्पल नहीं है क्या, बच्चे बोले- है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि रोज स्कूल जाओगे न, बच्चों ने हां में सिर हिलाया। तब सीएम ने कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। मासूम बच्चों का संवाद सुनकर मुख्यमंत्री समेत आसपास मौजूद सभी लोग खिलखिलाकर हंस पड़े। सीएम ने सभी बच्चों को चॉकलेट भी दीं।

## बच्चों का कराया अन्नप्राशन, विभिन्न स्टॉल्स का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री ने कई बच्चों को टीका लगाया और उनका अन्नप्राशन कराया। उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरूप खिलौने व चॉकलेट भी दीं। महिलाओं को फलों से भरी टोकरी भी दी। सीएम ने यहां अनेक विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग, इंडियन बैंक, मिशन शक्ति, रेशम विकास, उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल पर महिलाओं द्वारा लगाए गए उत्पादों की विस्तृत जानकारी भी ली। कार्यक्रम में बहराइच के विकास पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, चेक, चाबी, आयुष्मान कार्ड आदि प्रदान किया। सीएम के हाथों सम्मान पाने वाले लोग शामिल रहे।

# डीआईजी की समीक्षा बैठक, कांवड़ यात्रियों को मिले सुरक्षित मार्ग



बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. की अध्यक्षता में अपराध एवं कानून-व्यवस्था की मासिक समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक उपस्थित रहीं।

इस दौरान माह में घटित प्रमुख कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं एवं गंभीर अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई। उनकी रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में यक्ष ऐप के प्रभावी क्रियान्वयन, सत्यापन के उपरांत अपराध में संलिप्त व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन, गुमशुदा व्यक्तियों की समीक्षा, बरामदगी व शेष बचे गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। अग्नि सुरक्षा, मीडिया रिस्पॉन्स, थानों में जब्त वाहनों एवं माल के निस्तारण, जनसुनवाई, सीसीटीएनएस में 60 एवं 90 दिवस से लंबित विवेचनाओं, ई-साक्ष्य, ई-समन एवं रिकॉर्ड शाखा के कार्यों की प्रगति का भी मूल्यांकन किया गया। महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की स्थिति तथा उनके प्रभावी निस्तारण की समीक्षा की गई। साथ ही ऑपरेशन कन्विक्शन, एनडीपीएस एक्ट, साइबर अपराधों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं, आई-गॉट प्रशिक्षण, जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट, जनपदों के टॉप-10 अपराधियों, मफरूर घोषित अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी विस्तार से डीआईजी ने समीक्षा की। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सभी पुलिस अधीक्षकों को अपराधों के त्वरित अनावरण, प्रभावी विवेचना, वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, सड़क सुरक्षा तथा जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण व आगामी सावन मेला को ध्यान में रखते हुए जनपदों के क्षेत्र में पड़ने वाले मंदिरों में कांवड़ यात्रियों के आने-जाने वाले मार्गों पर सुरक्षा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## उप निरीक्षक बने आरक्षियों का हुआ अभिनंदन



फतेहपुर जनपद चयनित महिला-पुरुष आरक्षियों को एसपीअभिमन्यु मांगलिक ने दी उपनिरीक्षक पद की बधाईनई जिम्मेदारियों के प्रति ईमानदारी और समर्पण पर जोर 21 जुलाई 2026 को जनपद पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने जिले के विभिन्न थाना एवं कार्यालयों में तैनात उन महिला एवं पुरुष आरक्षियों का स्वागत व अभिनन्दन किया, जिनका सफल चयन उपनिरीक्षक सब-इंस्पेक्टर के पद पर हुआ। कार्यक्रम में चयनित अधिकारियों को माला पहनाकर और शुभकामनाएँ देते हुए उनकी मेहनत व अनुशासन की सराहना की गई। कार्यक्रम का परिचय देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह उपलब्धि चयनित आरक्षियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन तथा कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि अब नयी पदोन्नति के साथ जिमेवारीयों का स्तर बढ़ गया है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी नई भूमिका का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्पक्षता तथा समर्पण भाव से करें। मांगलिक ने विशेष रूप से कहा कि जनता की सेवा और उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और अधिक सुदृढ़ करना हर अधिकारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## अपना दल एस अल्पसंख्यक मंच की बैठक हुई संपन्न

फतेहपुर। मंगलवार को अल्पसंख्यक मंच की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच मोहम्मद उस्मान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल मौजूद रहे। वहीं बैठक में अल्पसंख्यक मंच की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें ममनून खान को जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद रफीक जिला उपाध्यक्ष सैयद उवैस नौशाद खान अब्दुल्ला शाहनवाज राहुल विनय नौशाद राजू सदस्य जिला कार्यकारी बनाए गए। वहीं पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल द्वारा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच को मोहम्मद उस्मान * को सख्त निर्देश दिए गए। कि अपनी कार्यकारणी जल्द से जल्द पूरी करें। वहीं पर आज जनसुनवाई में जिला उपाध्यक्ष पदम पटेल * द्वारा की गई एवं उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से संपर्क कर आए हुए। फरियादी को कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा इस मौके पर समीक्षा बैठक में पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। शैलेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष, पप्पू वर्मा मीडिया सचिव, पदम सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, विपिन कौशल जिला अध्यक्ष आई. टी., दीपू पटेल जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच, मोहम्मद उस्मान जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच, मनमोहन खान जिला उपाध्यक्ष, लाइक अहमद जिला सचिव। भारी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## मिलावटखोरों पर कार्रवाई के निर्देश, 13 नमूने जांच के लिए भेजे

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में जनपद बिजनौर में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर व्यापक जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मंगलवार को विभागीय टीम ने जनपद के विभिन्न कांवड मार्गों पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए जागरूक किया। साथ ही कांवड यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 13 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के दौरान तहसील चांदपुर से मावा के 5 नमूने, मिश्रित दूध एवं चमचम का एक-एक नमूना, तहसील बिजनौर से तैयार चाय का एक नमूना, नगर पालिका नजीबाबाद क्षेत्र से मावा का एक नमूना, तहसील नगीना से मैकरोनी, घेवर एवं बेसन का एक-एक नमूना तथा तहसील धामपुर से ब्रिटानिया न्यूट्रीचॉइस बिस्कुट का एक नमूना लिया गया।

## मछली पकड़ रहे शख्स के जाल में फंसा मगरमच्छ

जिला संवाददाता



बिजनौर। मछली पकड़ने के दौरान एक विशालकाय मगरमच्छ जाल में फंस गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसका सफल रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार थाना नांगल सोती क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोट सराय में मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे कोटसराय निवासी मोहम्मद याकूब गांव के समीप मंडेयो गांव अपने तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल फैला रहे थे। जाल फैलाते समय ही उसमें एक बड़ा मगरमच्छ फंस गया। यह खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीण मोहम्मद याकूब, तस्लीम अहमद और जुनैद अहमद ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन दरोगा विकास कुमार अपनी टीम के सदस्यों अनुज शुक्ला, धूम सिंह, मोहम्मद उमर, बबलू और रमेश सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से रस्सियों से बांधा। मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से बांधने के बाद उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से खादर क्षेत्र में स्थित गंगा नदी में छोड़ दिया गया। वन दरोगा विकास कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि बरसात के मौसम में पानी भरने के कारण मगरमच्छ जैसे जीव तालाबों में आ सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को तालाबों में सावधानी से उतरने की सलाह दी।

## डीएम ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर की बैठक

जिला संवाददाता




बिजनौर। कांवड़ यात्रा 2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बिजनौर एवं पड़ोसी जनपदों के अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर ने की।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को बरकातपुर स्थित उत्तम शुगर मिल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान जीरो इंसीडेंट एवं जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य के साथ सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डायवर्जन व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पड़ोसी जनपदों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कांवड़ियों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान जनपद के कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए तथा पड़ोसी जनपदों के कंट्रोल रूम से निरंतर समन्वय बनाए रखा जाए। रोडवेज बसों का संचालन निर्धारित डायवर्जन एवं रूट प्लान के अनुसार किया जाए तथा सभी बसों को निर्धारित गति सीमा के भीतर संचालित कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई चालक शराब के नशे में वाहन न चलाए।

जिलाधिकारी ने आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को पास के आधार पर निर्धारित समयावधि में संचालित कराने, बेहतर समन्वय के लिए संबंधित अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने तथा डायवर्जन संबंधी जानकारी हेतु कांवड़ मार्गों पर आवश्यक संकेतक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ मार्गों पर गड्ढों की मरम्मत का शेष कार्य तत्काल पूर्ण कराने, स्पीड ब्रेकरों पर कैट-आइज लगाने तथा मार्गों पर जलभराव की स्थिति न बनने देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान समन्वय तंत्र को लगातार सक्रिय रखा जाए और सभी संबंधित पक्षों से नियमित संवाद बनाए रखा जाए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि सभी पुलिस चेक प्वाइंट्स पर नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय रखा जाए तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते सुनिश्चित किए जाएं, जिससे कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक में बिजनौर जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पड़ोसी जनपदों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में 21 जुलाई 2026 को क्षेत्राधिकारी अजय पाल द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस बल की ड्यूटी, प्रवेश व निकास बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, आगंतुकों की निगरानी, वाहन पार्किंग व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक आगंतुक की समुचित जांच सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने न्यायालय परिसर में आने वाले वादकारियों एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

## हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

महोबा। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शंशाक सिंह के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप माननीय न्यायालय एएसजे/एफटीसी महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत गला दबाकर हत्या करने वाले 2 आरोपीयों काशीराम पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल अनुरागी, विमला रानी पत्नी काशीराम अनुरागी निवासीगण कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को आजीवन कारावास व 10-10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## आयुक्त ने आवासीय विद्यालय, अछरौड़ का किया निरीक्षण



बांदा। आयुक्त अजीत कुमार ने अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक, आवासीय एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गई। आयुक्त ने विद्यालय परिसर में स्वच्छ एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त छात्र-छात्राओं से संवाद कर शिक्षण व्यवस्था, अध्यापकों की उपलब्धता, भोजन, छात्रावास एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अध्यापक आधुनिक शिक्षण पद्धति अपनाते हुए स्मार्ट बोर्ड इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड एवं प्रोजेक्टर का प्रभावी उपयोग कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसके बाद आयुक्त ने उप श्रमायुक्त, अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ एवं समस्त शिक्षण, गैर-शिक्षण स्टाफ के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। निर्देश दिए कि बच्चों को केवल आरओ अथवा उबला हुआ सुरक्षित पेयजल ही उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी प्रणाली, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था को भी सदैव क्रियाशील रखा जाए। कहा कि विद्यालय में किसी भी प्रकार की समस्या, अप्रिय घटना अथवा विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर उसकी सूचना तत्काल लिखित एवं दूरभाष दोनों माध्यमों से उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि समय रहते आवश्यक निर्णय एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## बांदा को बामदेव नगर करने की उठी मांग, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



बांदा। पौराणिक महत्व और बामदेव ऋषि से जोड़कर नाम बदलने का प्रस्ताव, बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने आयुक्त को सौपा। मांगपत्र में कहा गया है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा बेहद प्राचीन शहर है। यह चित्रकूटधाम मंडल का मुख्यालय भी है। पूरे विश्व में बांदा अपने गौरवमयी इतिहास के लिए प्रसिद्ध है। मांगकताओं ने तर्क दिया कि यहां कालिंजर का ऐतिहासिक किला स्थित है, जो नेशनल हैरिटेज है। यहां प्रसिद्ध नीलकंठ मंदिर है और मान्यता है कि भगवान शिव स्वयं यहां विराजमान थे। बांदा शहर में बामदेवेश्वर मंदिर स्थित है औ यह 12 ज्योतिलिंगों में से एक माना जाता है। यहां प्राचीन बामदेव ऋषि ने तपस्या की थी। पहले इसका नाम बामदेवेश्वर था, लेकिन कालांतर में बांदा हो गया। ऋग्वेद में बामदेव ऋषि का उल्लेख है और उन्हें देवतुल्य माना जाता है। इसी आधार पर जनपद बांदा की पहचान बामदेव नगर के रूप में होनी चाहिए। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, महासचिव राजेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार, विनोद सिंह, शिवपूजन पटेल, विवेक सिंह अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सात माह से सड़क पर अधूरी पड़ी पुलिया से लोग परेशान



बांदा। पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां कस्बे में लगभग 90 लाख की लागत से बस स्टैंड से लेकर पंचायत भवन तक बनाए जाने वाले सीसी मार्ग के बीच बनी अर्ध निर्मित पुलिया पिछले सात माह से अर्धनिर्मित है। खप्टिहाकलां सहित क्षेत्र के छनिहाडेरा, सिमरन डेरा, दिप्पाडेरा, शिवपालडेरा, गणेश नगर, पंडितन डेरा, शिवरामपुर, बरेहटा सहित दर्जनों गांव के यात्री तथा स्कूली बच्चों के सामने आवागमन की भारी असुविधा है। कस्बे का मुख्य मार्ग होने की वजह से यहां के यात्री लंबी दूरी तय करके इस तरह की बरसात में यात्रा करने को विवश हैं। इसी मार्ग पर सिद्ध पीठ मां पाथादाई का सिद्ध स्थल भी है। जहां अक्सर श्रद्धालु माता बहनों का प्रतिदिन आना जाना होता है। इसी मार्ग से सैकड़ो की संख्या में केन नदी के उस पार नाव घाट से जाने वाले यात्री अपनी रोज दिनचर्या की सामग्री भी लेकर आते-जाते हैं। जहां इस अधूरी पडी पुलिया से नाले के रास्ते अपनी जान हथेली में लेकर यात्रा करने को मजबूर हैं। कई बार यहां नाले के रास्ते लोग गिरते गिरते बचे है। कस्बे के भैयालाल, सुभाष चंद्रगुप्त ने बताया की इसी पुलिया के नीचे जल संस्थान की दो पाइपलाइन टूटी पड़ी है जिसे आज तक नहीं बनाया गया। ग्रामीणों ने जल संस्थान के एक्सयिन को भी कई बार इसकी सूचना दी परंतु पाइप लाइन न जोड़े जाने की वजह से लगभग 500 परिवारों को पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

# सेंसेक्स में 238 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक में बिकवाली के दबाव के साथ अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 238 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी में 51 अंक की गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 238.41 अंक यानी 0.31 प्रतिशत टूटकर 77,470.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 371.19 अंक की गिरावट के साथ 77,337.33 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 50.80 अंक यानी 0.21 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,187.70 अंक पर बंद हुआ।




अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी ने शेयर बाजारों में जोखिम से बचने के माहौल बना दिया है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह दो प्रतिशत नीचे आ गया। तिमाही वित्तीय परिणाम में मार्जिन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने से बैंक का शेयर नुकसान में रहा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और ट्रेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों के जोखिम लेने से बचने के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू स्तर पर, एचडीएफसी बैंक के नतीजों के बाद आई गिरावट से बैंक और वित्तीय क्षेत्र में हुए नुकसान ने दूसरे कुछ प्रमुख शेयरों में हुई बढ़त के असर को समाप्त कर दिया, जिससे मानक सूचकांक पर दबाव पड़ा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.16 प्रतिशत लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद, मजबूत कॉरपोरेट नतीजों की उम्मीद और मांग-आधारित व्यापार अद्यतन के कारण मिडकैप (मझोली कंपनियां) अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ चुनिंदा बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे निजी बैंकिंग सेक्टर में कमजोरी से जुड़ी चिंताओं को कम करने में मदद मिली। हालांकि, पश्चिम एशिया में फिर से बढ़े तनाव, कच्चे तेल की उंची कीमतों और वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशक सतर्क रहे।

# रुपया 12 पैसे की बढ़त के साथ 96.24 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को 12 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.24 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत जून से अब तक भारत में 20.72 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह हुआ है, जिससे देश के भुगतान संतुलन की स्थिति को महत्वपूर्ण संरचनात्मक समर्थन मिला है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.41 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.13 से 96.42 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 96.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव की तुलना में 12 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 96.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा था कि विदेशी मुद्रा प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती मुद्रा अदला-बदली सुविधा के तहत 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर प्राप्त हुए हैं। आठ जून, 2026 से शुरू इस सुविधा में लगातार अच्छी रुचि देखने को मिली है और इससे निरंतर विदेशी मुद्रा प्रवाह हुआ है। विशेष रूप से विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी) के माध्यम से काफी धन जुटाया गया है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 100.91 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 238.41 अंक की गिरावट के साथ 77,470.11 अंक पर और एनएसई निफ्टी 50.80 अंक फिसलकर 24,187.70 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 89.44 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 1,121.04 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# सोना 800 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को हाजिर मांग में तेजी और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने की कीमतों में 800 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,47,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। सोमवार को यह 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की लगातार खरीदारी देखी गई, जबकि हालिया गिरावट के बाद चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ।



मंगलवार को सोने की कीमतों में और बढ़ोतरी हुई क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच फिर से शुरू हुई राजनयिक कोशिशों से भू-राजनीतिक तनाव कम हुआ, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई और सर्राफा को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि मजबूत हाजिर मांग, खासकर चीन से, और केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी ने कीमती धातुओं को समर्थन देना जारी रखा। वैश्विक बाजार में, हाजिर सोना 50.12 डॉलर या 1.25 प्रतिशत बढ़कर 4,057.89 डॉलर प्रति औंस हो गया और चांदी चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 58.80 डॉलर प्रति औंस हो गई। मंगलवार को हाजिर सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई और यह दिन के 4,082 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि धातु ने पिछले सप्ताह 4,000 डॉलर से नीचे आई गिरावट के बाद अपनी खोई हुई बढ़त को फिर से हासिल करना जारी रखा।

# एफसीएनआर-बी प्रवाह में विदेशी बैंकों का हिस्सा अधिक

मुंबई। बैंक अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत जमा किए गए 17 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) (एफसीएनआर-बी) जमा में विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी अधिक है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि अब तक आए कोष में सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों की बड़ी हिस्सेदारी है।

आरबीआई ने सोमवार को कहा था कि विदेशी मुद्रा के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती अदला-बदली सुविधा ने 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर जुटाए हैं। इसमें 17.41 अरब डॉलर एफसीएनआर-बी से, 1.97 अरब डॉलर ओएफसीबी (विदेशी स्रोतों से विदेशी मुद्रा कर्ज) से और 1.34 अरब डॉलर बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) से आए। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, कुल कोष में एफसीएनआर(बी) जमा का हिस्सा 17.41 अरब डॉलर है, जबकि ओएफसीबी




का योगदान 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी का योगदान 1.34 अरब डॉलर था। आरबीआई की एफसीएनआर (बी) योजना के तहत जमा किए गए कोष का बड़ा हिस्सा विदेशी बैंकों से आया हो सकता है। उसके बाद सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बड़े बैंक और निजी क्षेत्रों के बैंकों का स्थान आता है। विदेशी बैंकों को विदेशी डॉलर वित्त पोषण आसानी से मिल जाता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े और निजी क्षेत्र के बैंकों को गिफ्ट सिटी और विदेशी शाखाओं में अपनी मौजूदगी का लाभ मिलता है। इससे वे आरबीआई की अदला-बदली सुविधा का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पाते हैं। इसके उलट, ज्यादातर छोटे और मझोले बैंक, जिनकी विदेश में मौजूदगी या गिफ्ट सिटी में कामकाज बहुत कम या बिल्कुल नहीं है, वे मुख्य रूप से आम लोगों से मिलने वाले एफसीएनआर-बी जमा पर निर्भर रहते हैं। निजी बैंक के एक अधिकारी ने कहा कि विदेशी बैंकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत उपस्थिति और विदेश से आसानी से कोष मिलने की वजह से लाभ मिलता है। भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के तहत कम समय में ही अच्छी-खासी रकम जमा हुई है। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि एफसीएनआर (बी) में आया कितना पैसा नया है और कितना पुरानी जमा के नवीनीकरण या पहले की जमा आगे की अवधि लिए जमा के रूप में आई है। सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एफसीएनआर (बी) में आया पैसा नई जमा और परिपक्व हो चुकी जमा की जगह आए पैसे का मिला-जुला रूप लगता है।

# अदला-बदली सुविधा के तहत 20.72 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाहः आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि विदेशी मुद्रा के प्रवाह को आकर्षित करने के लिए शुरू की गई उसकी रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत 17 जुलाई तक 20.72 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया गया है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि आठ जून, 2026 से इस अदला-बदली सुविधा में काफी दिलचस्पी देखी गई है और विदेशी मुद्रा का लगातार प्रवाह हुआ है।

विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी) के जरिये बड़ी मात्रा में राशि जुटायी गयी है। कुल प्रवाह में एफसीएनआर (बी) जमा का हिस्सा 17.41 अरब डॉलर था, जबकि विदेशी स्रोतों से विदेशी मुद्रा कर्ज (ओएफसीबी)




का योगदान 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक उधारी का योगदान 1.34 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के मकसद से कई उपाय घोषित किए थे। इनमें पांच जून, 2026 को नए एफसीएनआर-बी जमा, ओएफसीबी और ईसीबी प्रवाह के लिए रियायती अदला-बदली की सुविधा देना भी शामिल था। आरबीआई ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने के कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को यह अदला-बदली सुविधा पेश की थी। यह सुविधा आठ जून, 2026 को परिचालन में आई और यह एफसीएनआर (बी) जमा के लिए 30 सितंबर, 2026 तक और ओएफसीबी तथा ईसीबी के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध है। ये उपाय आरबीआई के उन प्रयासों का हिस्सा है जिनका मकसद वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच भारत की बाह्य क्षेत्र की स्थिति को मजबूत करना और विदेशी मुद्रा नकदी को समर्थन देना था। कुछ अनुमानों के मुताबिक, इन योजनाओं से इस सुविधा के माध्यम से 70 अरब डॉलर तक का विदेशी मुद्रा प्रवाह हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है। हालांकि, बैंक शुरुआती प्रवाह उम्मीद से कम होने के बावजूद इस खास योजना के लिए आरबीआई की 30 सितंबर की समय-सीमा से पहले विदेशी मुद्रा प्रवासी जमा में तेजी से बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं।

# डिपॉजिटरी नये पुनर्खरीद नियम लागू होने से पहले परिचालन ढांचा खड़ा करें: सेबी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को डिपॉजिटरी संस्थानों को निर्देश दिया कि वे शेयर पुनर्खरीद के दौरान प्रवर्तक हिस्सेदारी को आईएसआईएन स्तर पर स्थिर (फ्रीज) रखने की नई व्यवस्था लागू करने के लिए एक अगस्त तक एक परिचालन ढांचा बनाएं और व्यवस्था में जरूरी सुधार लागू करें।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में डिपॉजिटरी संस्थानों से कहा है कि वे प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी को आईएसआईएन स्तर पर बनाए रखने के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी करें। इसमें सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रवर्तक हिस्सेदारी के लेन-देन पर अस्थायी रोक लगाने के



निर्देश जारी करने का प्रारूप भी शामिल होगा। इस परिचालन ढांचे में पुनर्खरीद के निविदा पेशकश मार्ग के जरिये प्रवर्तकों को शेयर पेश करने की अनुमति देने तथा पुनर्खरीद अवधि शुरू होने से पहले बंधक रखे गए शेयर (एनकम्ब्रेंस) को लागू करने या हटाने की प्रक्रिया भी तय की जाएगी। सेबी ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में संबंधित शेयरों या अन्य निर्दिष्ट प्रतिभूतियों पर फ्रीज लागू रहेगा। नियामक ने कहा, "डिपॉजिटरी यह सुनिश्चित करें कि एक अगस्त, 2026 से पहले परिचालन ढांचा और आवश्यक प्रणालीगत सुधार लागू हो जाएं। यह परिपत्र सेबी की एक जुलाई, 2026 को जारी अधिसूचना के बाद आया है, जिसमें सेबी (प्रतिभूति पुनर्खरीद) विनियम, 2018 में संशोधन किया गया था। संशोधित नियमों के तहत, पुनर्खरीद को मंजूरी मिलने की तारीख से लेकर प्रस्ताव के समापन तक प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह और उनके सहयोगियों की हिस्सेदारी आईएसआईएन स्तर पर फ्रीज रहेगी।

## संक्षेप

### टैफे मोटर्स डॉयट्स के नये इंजन उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन

अलवर। टैफे मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने आज राजस्थान के अलवर स्थित अपने मौजूदा विनिर्माण संयंत्र में डॉयट्स इंजन उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। यह टैफे मोटर्स और डॉयट्स एजी के बीच उत्पादन और विनिर्माण के क्षेत्र में पहली साझेदारी है। भारत का विनिर्माण क्षेत्र अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां प्रौद्योगिकी, परिचालन उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों के अनुरूप क्षमताएं इसकी प्रमुख ताकत बन रही हैं। टैफे डॉयट्स उत्पादन सुविधा में विनिर्माण, परीक्षण और लॉजिस्टिक्स के सभी प्रमुख चरणों में उच्च स्तर की ऑटोमेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। अलवर में नई डॉयट्स इंजन असेंबली लाइन का उद्घाटन, टैफे के साथ हमारी साझेदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह दोनों कंपनियों की टीमों की प्रतिबद्धता और मजबूत सहयोग का प्रमाण है, जिन्होंने हमारे साझा दृष्टिकोण को वास्तविक औद्योगिक रूप देने में अहम भूमिका निभाई है।

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने पेश किया स्मार्ट राइज

बंगलुरू। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने एक्सिस मैक्स लाइफ स्मार्ट रिटायरमेंट इनकम विद सस्टेंड अर्निंग्स प्लान (स्मार्ट राइज) लॉन्च किया है। यह एक रिटायरमेंट प्रोडक्ट है, जिसमें गारंटीड एन्युटी कंपोनेंट को निफ्टी 50 इंडेक्स से जुड़े बेंचमार्क-लिंक्ड कंपोनेंट के साथ जोड़ा गया है। इससे ग्राहकों को ग्रोथ पोटेंशियल का लाभ लेने के साथ-साथ रिटायरमेंट के बाद अपने लिए स्थिर आय सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। वैरिएबल एन्युटी प्रोडक्ट पेश करना एक्सिस मैक्स लाइफ के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है, क्योंकि हम लगातार अपने रिटायरमेंट पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं। इंडेक्स-लिंक्ड वैरिएबल एन्युटी ऑप्शन लॉन्च देकर हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने और रिटायरमेंट स्पेस में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने में सक्षम हुए हैं। इस ऑफरिंग में मजबूत फाइनेंशियल प्रोटेक्शन, फ्लेक्सिबिलिटी और भरोसेमंद पेंशन को लेकर आधुनिक रिटायरीज की बदलती जरूरतों को भी समझा गया है। इससे लंबी अवधि में वित्तीय आजादी देने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

### मुंबई पत्तन प्राधिकरण बकाया किराया की वसूली के लिए अपनायेगा कानूनी रास्ता

मुंबई। मुंबई पत्तन प्राधिकरण (एमबीपीए) ने कहा कि करीब 3,500 करोड़ रुपये के पट्टा किराये का भुगतान नहीं करने वाली आठ बड़ी कंपनियों से बकाया राशि की वसूली के लिए कानूनी रास्ता अपनाया जाएगा। एमबीपीए ने बयान में कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए शीर्ष आठ चूककर्ताओं की कुल देनदारी का आकलन किया गया है, ताकि व्यावसायिक किरायेदारों पर जल्द भुगतान का दबाव बनाया जा सके। प्राधिकरण ने बताया कि उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले पूर्वी वॉटरफ्रंट इलाके की जमीन पर कुछ बड़े और प्रभावशाली पट्टाधारकों एवं किरायेदारों का भारी बकाया जमा है, लेकिन वे भुगतान नहीं कर रहे हैं। इनमें से कई संस्थाएं इन सरकारी जमीन से अच्छा-खासा मुनाफा कमा रही हैं, फिर भी बकाया चुकाने के बजाय मामलों को लंबी कानूनी प्रक्रिया में उलझा रही हैं। सार्वजनिक परियोजनाओं पर पड़ रहे असर को देखते हुए अब वह बकाया वसूली के लिए सख्त रुख अपना रहा है और अदालतों में चल रहे मामलों को लेकर अपनी कानूनी रणनीति की समीक्षा कर रहा है। इसी कड़ी में प्राधिकरण ने देश के प्रमुख कानूनी विशेषज्ञों और विधि फर्मों को नियुक्त किया है। साथ ही अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का भी फैसला लिया गया है।

### सेबी ने 11 शोध विश्लेषकों के पंजीकरण निरस्त किये

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अनिवार्य नवीनीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करने पर मंगलवार को 11 शोध विश्लेषकों (आरए) के पंजीकरण रद्द कर दिए। सेबी ने कहा कि यह कार्रवाई मध्यस्थ विनियम, 2008 के तहत की गई, क्योंकि संबंधित इकाइयों ने नोटिस दिए जाने के बावजूद अपने पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया। सेबी के नियमों के मुताबिक, किसी भी पंजीकृत शोध विश्लेषक को हर पांच साल में नवीनीकरण शुल्क जमा करना होता है ताकि उसका प्रमाणपत्र वैध बना रहे।

## पेज एक का शेष

### विदेशी आक्रांता

में चित्तौरा झील के किनारे एक युद्ध में गजनवी सेनापति गाजी सैयद सालार मसूद को पराजित कर उनकी हत्या कर दी थी। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के एजेंडे में कभी विकास नहीं रहने का दावा करते हुए कहा कि इनकी सरकार में एक वंश, एक परिवार का विकास हो, अपना स्वयं का विकास हो, यही इनके एजेंडे का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि बहराइच समेत विभिन्न जिलों की ओर इन लोगों ने ध्यान नहीं दिया, इसलिए उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव को सबसे पहले सम्मान मिलना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने वह नहीं दिया, समाजवादी पार्टी ने नहीं दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा जिस महाराजा सुहेलदेव की स्मृति में मेले लगने चाहिए, वह मेले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने आयोजित नहीं किये, बल्कि भारत को रौंदने के लिए, भारत को अपमानित करने के लिए बहराइच को और मां पाटेश्वरी धाम को लूटने के लिए जो विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी आया था, इन लोगों ने उस गाजी के नाम पर गाजी मियां का मेला लगाना प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने कहा भारत माता के अमर नायक महाराजा सुहेलदेव के नाम पर भव्य स्मारक उसी स्थान पर बनाया गया जहां उन्होंने गाजी मसूद को मारा था। उन्होंने गाजी मसूद को मारा ही नहीं, बल्कि ऐसी मौत दी जो इस्लाम में सबसे खराब मानी जाती है। उन्होंने भारत के शौर्य का परचम लहराने का काम किया था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव की स्मृतियों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए डबल इंजन की सरकार ने उनका चित्तौरा में भव्य स्मारक बनाया है।

### सड़क से

गया। खरगे ने कहा कि तानाशाह सरकार डर कर कांप रही है और सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर करोड़ों बच्चों का भविष्य बिगाड़ दिया। उन्होंने दावा किया कि 150 से अधिक पेपर लीक हुए और 25 बच्चों की जान चली गई और जब छात्र न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे तो उन पर लाठीचार्ज किया गया और डंडे बरसाए गए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि संसद के गेट बंद कर सांसदों को कैद किया गया, साझा विपक्ष की चर्चा की मांग नहीं मानी गई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त नहीं किया गया। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी छात्रों पर हुए कथित अत्याचार के मुद्दे पर मौन रहे, जबकि दिल्ली पुलिस गृह मंत्री के नियंत्रण में है और विपक्ष की मांग के बावजूद गृह मंत्री की ओर से कोई बयान नहीं आया।

### यूपी को

के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की ड्रॉपआउट दर को कम करना, उच्च शिक्षा में उनके अवधारण (रिटेंशन) को बढ़ाना, उच्च शिक्षण संस्थानों तक उनकी आवागमन सुविधा और गतिशीलता सुनिश्चित करना तथा सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करना है। इसके साथ ही छात्राओं में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्तर प्रदेश की मूल निवासी उन छात्राओं को लाभ मिलेगा, जिन्होंने प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों तथा राज्य विश्वविद्यालयों से संबद्ध राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। पात्र छात्राओं का चयन मेरिट के आधार पर स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं की टॉप 5 प्रतिशत सूची से किया जाएगा। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार योजना में पेट्रोल चालित स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने यह निर्णय प्रदेश के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंप और सर्विस सेंटर की बेहतर उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए लिया है। स्कूटी की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। स्कूटी के पैकेज में केवल वाहन ही नहीं, बल्कि पंजीकरण शुल्क, व्यापक वाहन बीमा, आईएसआई मार्का हेलमेट, 4 लीटर पेट्रोल तथा सभी आवश्यक एक्सेसरीज भी शामिल होंगी, ताकि छात्राओं को अतिरिक्त आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। प्रदेश सरकार का कहना है कि इस योजना से उच्च शिक्षा में बेटियों की भागीदारी बढ़ेगी, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को कॉलेज और विश्वविद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। साथ ही यह योजना महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

### यूपी का

एक्सप्रेसवे का निर्माण 7,488.74 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस तरह कुल मिलाकर कैबिनेट ने 12,264 करोड़ रुपये से अधिक की दो लिंक परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद दोनों परियोजनाओं के लिए विकासकर्ता के चयन की निविदा प्रक्रिया शुरू होगी। चयनित एजेंसी को लगभग 36 माह में निर्माण कार्य पूरा करना होगा, जबकि इसके बाद पांच वर्षों तक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) की जिम्मेदारी भी उसी की होगी।

### 425.50 करोड़

खरीद पर कुल 425.50 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें 400 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष 25.50 करोड़ रुपये की व्यवस्था उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संसाधनों से करेगा। योगी सरकार ने बसों की खरीद में उत्तर प्रदेश के मैन्युफैक्चरर्स को प्राथमिकता देने का भी निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। 1 नवंबर 2026 से सीएक्यूएम के निदेर्शों के मुताबिक दिल्ली में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक और बीएस-6 श्रेणी के वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। ऐसे में नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद से उत्तर प्रदेश रोडवेज इन मानकों का समयबद्ध अनुपालन करेगा और एनसीआर क्षेत्र में बस संचालन निर्बाध रहेगा। योगी सरकार का ये फैसला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होने वाले पर्यावरणीय मानकों को देखते हुए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। योगी सरकार इन इलेक्ट्रिक बसों के जरिए प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन व शहरी क्षेत्रों में यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इससे डीजल आधारित बसों पर निर्भरता कम होगी, वायु प्रदूषण में कमी आएगी व पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### तीन अगस्त

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि आगामी सत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुपूरक अनुदानों की मांगें विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाएंगी। इसके अलावा विगत सत्रावसान के बाद शासन के महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए प्रख्यापित अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक भी सदन में प्रस्तुत कर पारित कराए जाएंगे। साथ ही अन्य आवश्यक विधायी एवं शासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के अनुसार सत्र की निर्धारित तिथि की सूचना सामान्यतः माननीय सदस्यों को सात दिन पूर्व उपलब्ध कराई जाती है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानमंडल का तृतीय सत्र 3 अगस्त, 2026 से प्रारंभ होगा। सत्र के दौरान अनुपूरक अनुदानों की मांगें, अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयक तथा अन्य आवश्यक विधायी कार्य संपादित किए जाएंगे।

### धामी ने

गतिविधियों पर समय रहते रोक लगाने के निर्देश दिए गए। हर की पैड़ी, कांगड़ा पुल समेत प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ भीड़ नियंत्रण की विशेष रणनीति लागू करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने प्रमुख घाटों पर वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था करने और जल पुलिस तथा राहत-बचाव टीमों को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन निकासी की स्पष्ट योजना तैयार रहे। संबंधित विभाग और सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई करने की स्थिति में रहें। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा मार्ग और प्रमुख पड़ावों पर महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने पर्याप्त संख्या में पिंक टॉयलेट स्थापित करने और उनकी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यात्रा मार्ग पर पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की लगातार निगरानी के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखना भी प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैड़ा सहित जनप्रतिनिधियों ने कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव रखे। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप, पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने मुख्यमंत्री को तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया।

### गाजियाबाद : पटरी

संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि रेल यातायात बहाली के काम की देखरेख के लिए मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पटरी से उतरे डिब्बों को हटाने और ट्रेन का सामान्य संचालन बहाल करने के लिए तकनीकी और राहत टीम तत्काल तैनात की गईं। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच का आदेश दिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस रुकावट के बाद लंबी दूरी की 24 ट्रेन का मार्ग बदलकर उन्हें दिल्ली-नयी दिल्ली रूट से भेजा गया है। उन्होंने बताया कि कुल 16 यात्री ट्रेन रद्द कर दी गई हैं, जबकि पांच यात्री सेवाओं को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद मंडल और उत्तर मध्य रेलवे के जरिए आनंद विहार की ओर जाने वाली आठ ट्रेन के संचालन को भी नियंत्रित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पटरी से उतरने की इस घटना से कुल 53 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अपनी ट्रेन की ताज़ा स्थिति जांच लें। उन्होंने कहा कि ट्रेन का सामान्य संचालन जल्द से जल्द बहाल करने की कोशिशें जारी हैं।

### नीट पेपर

कि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, इसलिए नीट की पुनर्परीक्षा को प्राथमिकता दी गई, उसका सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया और परिणाम भी बिना किसी देरी के घोषित किए गए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। रीजीजू के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अब एक कार्ड

ऐप और एयरटेल ऐप के माध्यम से डेबिट/क्रेडिट कार्ड तथा यूपीआई से रिचार्ज कर सकेंगे। यूपीएमआरसी का कहना है कि कार्ड सुविधा शुरू होने से लखनऊ मेट्रो में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।




# भारत को जीत की राह पर लौटने का मौका

## टी-20 श्रृंखला में भारत और जिम्बाब्वे के पास समान अवसर : रजा

एजेंसी

हरारे। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने तीन मैच की टी20 श्रृंखला में भारत को प्रबल दावेदार मानने से इनकार करते हुए कहा कि दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर होगी और उनके पास समान रूप से जीत हासिल करने के मौके होंगे। विश्व चैंपियन भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे आयरलैंड के खिलाफ दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला में उसे चार मैच में हार मिली जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। अब उसके पास जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत की राह पर लौटने का मौका होगा। इस श्रृंखला का पहला मैच बृहस्पतिवार को खेला जाएगा। रजा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, इस श्रृंखला में दोनों देशों के पास समान मौके होंगे।

हमें अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। हमारी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह श्रृंखला बेहद रोमांचक होगी। जिम्बाब्वे ने फरवरी में कोलंबो में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया था। उसने इस साल श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ भी जीत दर्ज की हैं। रजा ने कहा, जहां तक जीत हार का सवाल है तो दोनों टीमों के पास यह श्रृंखला जीतने के बराबर के मौके होंगे। भारत अभी बदलाव के दौर से गुजर रहा है जिससे यह श्रृंखला और अधिक रोमांचक हो गई है। मुझे नहीं लगता कि यह शृंखला एकतरफा होगी। दूसरा और तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 25 और 26 जुलाई खेले जाएंगे। वहीं दूसरी ओर भारत की टी20 टीम के उप कप्तान तिलक वर्मा ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड और आयरलैंड में शुरुआती विकेट गिरने से उनके जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को शुरू से ही पूरी ताकत से खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने साथ ही जोर देते हुए कहा कि उनका खेल परिस्थितियों और मैच के हालात पर आधारित है। बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले पहले टी20 से पूर्व तिलक से आयरलैंड और इंग्लैंड में टीम के इस प्रारूप में जीत से वंचित रहने के बारे में पूछा गया।



यह स्वदेश में टी20 विश्व कप जीतने के बाद उनका पहला दौरा था। तिलक के स्ट्राइक रेट के अलावा धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनके रवैये पर भी सवाल उठाए गए। हालांकि उन्होंने साउथम्पटन में आखिरी टी20 में 25 गेंद में 53 रन बनाए। तिलक ने कहा, इस प्रारूप में आपको अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करनी होती है और खासकर ऐसे हालात में यह आसान नहीं होता। साथ ही मैं हमेशा कहता हूं कि टीम के लिए जो भी जरूरी होगा मैं वही करूंगा। अगर मुझे टीम के लिए इंतजार करते हुए रन बनाने हैं तो मैं उसी हिसाब से खेलूंगा। अगर मुझे हिट करना है तो मैं हिट करता हूं और खेलता हूं।

उन्होंने कहा, तो उस समय टीम के हालात को देखें तो आयरलैंड से लेकर इंग्लैंड तक पावर प्ले में हमेशा चार या पांच विकेट गिरते थे। इसलिए वहां जाकर हिट करना और आउट होना सामझदारी भरा नहीं था। तिलक मैदान पर उतरते की आक्रामक होकर खेलना चाहते हैं लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि कभी-कभी उन्हें थोड़ी समझदारी दिखाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में हमेशा यही रहता है कि मैं क्रीज पर उतरकर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं। लेकिन साथ ही मैं देश के लिए खेल रहा हूं इसलिए बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं।

तिलक ने कहा, जब आपके नाम के साथ उप कप्तान का पद जुड़ा होता है, टीम ने मुझे यह सोच-समझकर दिया होगा। इसलिए मैं वही जिम्मेदारियां लेना चाहता हूं जो प्रबंधन मुझे देता है। मैं उसी के हिसाब से खेल रहा हूं। इंग्लैंड और आयरलैंड में मिली हार के बारे में तिलक ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एशिया में अधिकतर क्रिकेट खेलने के बाद टीम का वहां के हालात के हिसाब से खुद को ढाल नहीं पाना ही खराब प्रदर्शन का कारण था। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो श्रेयस (अय्यर) अभी एक सफल टीम की अगुआई कर रहे हैं। जाहिर है कि जिम्मेदारियां और उम्मीदें होंगी। आयरलैंड में अलग हालात थे।

अगर आप पिछले दो साल देखें तो हमने एशिया में अधिक मैच खेले। तिलक ने कहा, और दो साल बाद हम सीधे विदेशी हालात में आ गए और वह भी अच्छी टीम के खिलाफ। इंग्लैंड की टीम बहुत अच्छी है। हम सभी ने देखा कि उन्होंने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में कैसे खेला। जाहिर है कि अच्छी टीम के खिलाफ अच्छे हालात में खेलना चुनौतीपूर्ण होता है। तिलक को उम्मीद है कि जिम्बाब्वे उन्हें कड़ी टक्कर देगा। पिछली बार के उलट भारत लगभग पूरी ताकत वाली टीम उतार रहा है। उन्होंने कहा, जिम्बाब्वे भी एक बहुत अच्छी टीम है। वे बहुत प्रतिस्पर्धी टीम हैं। पिछले साल श्रृंखला में उन्होंने पहला मैच जीता था। हमें उम्मीद है कि वे कड़ी टक्कर देंगे। हालात के बारे में तिलक ने कहा पिछली बार विकेट अच्छे थे इसलिए मैं उनसे बात कर रहा था।

# टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप का पायलट संस्करण बुडापेस्ट में होगा

नयी दिल्ली। शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे से मान्यता प्राप्त टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर का आधिकारिक पायलट संस्करण 10 से 21 नवंबर तक हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित किया जाएगा। यहां प्रतियोगिता शतरंज के तीनों प्रारूप क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रारूप में सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी चैंपियन बनेगा।

बुडापेस्ट में होने वाली प्रतियोगिता चैंपियनशिप के प्रारूप के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में काम करेगी, जिसे 2027 में विश्व स्तर पर लागू किया जाना है। फिडे ने यह भी घोषणा की है कि टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर विश्व चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का निर्धारण करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया का हिस्सा होगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट क्लासिकल प्रारूप में खेला जाता है। टोटल शतरंज विश्व


चैंपियनशिप टूर में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# एआईटीए : प्रशासक ने मुख्य परिषद में पांच उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जगह देने की सिफारिश की

नयी दिल्ली। न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासक न्यायमूर्ति गीता मित्तल ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के ढांचे में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखा है, जिनमें कार्यकारी समिति में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों (एसओएम) के लिए पांच स्थान निर्धारित करने तथा मुख्य परिषद में राज्य संघों के प्रतिनिधियों की संख्या दो से घटाकर एक करने का सुझाव दिया गया है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव के अनुसार मुख्य परिषद में चार महिलाओं समेत आठ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार देने मांग की गयी है।

इससे संघ के निर्णय लेने की प्रक्रिया में खिलाड़ियों की भागीदारी और प्रभाव बढ़ेगा। इन संवैधानिक संशोधनों को लागू करने से पहले रविवार को होने वाली एआईटीए की असाधारण आम बैठक में सदस्यों की मंजूरी आवश्यक होगी। माना जा रहा है कि संघ कुछ सिफारिशों का विरोध कर सकता है। ईजीएम से पहले जारी मसौदा संशोधनों का उद्देश्य एआईटीए के संविधान में व्यापक परिवर्तन कर उसे राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के अनुरूप बनाना है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव कार्यकारी समिति के पुनर्गठन से जुड़ा है। वर्तमान में लगभग 25 सदस्यीय कार्यकारी समिति की जगह कानून द्वारा गठित 15-सदस्यीय समिति गठित करने का प्रस्ताव है। इसमें अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, पांच उत्कृष्ट खिलाड़ी, खिलाड़ी समिति के दो प्रतिनिधि तथा पांच क्षेत्रीय सदस्य शामिल होंगे। प्रस्ताव के अनुसार कार्यकारी समिति के कम-से-कम एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी।

इनमें दो महिला उत्कृष्ट खिलाड़ी और एक महिला खिलाड़ी प्रतिनिधि का होना अनिवार्य रहेगा। संघ की सामान्य सभा के रूप में कार्य करने वाली मुख्य परिषद में भी बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं। अब प्रत्येक संबद्ध राज्य संघ दो प्रतिनिधियों के बजाय केवल एक प्रतिनिधि को नामित करेगा। इसके अलावा आठ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार मिलेगा तथा भारतीय पैरालंपिक समिति के एक नामित सदस्य को भी परिषद में शामिल किया जाएगा। मसौदा संविधान में पहली बार उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ी की श्रेणी का प्रावधान किया गया है। इसके तहत सार्वजनिक आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे और योज्ञता आधारित सूची तैयार कर खिलाड़ियों को प्रशासनिक ढांचे में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

## संक्षेप

### बांग्लादेश के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख गेंदबाजों की वापसी

ब्रिस्बेन। पैट कमिंस, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन के चोट से उबरकर वापसी करने से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में उसके चारों प्रमुख गेंदबाज फिर से अंतिम एकादश में दिखाई दे सकते हैं। तेज गेंदबाज कमिंस, हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क तथा ऑफ स्पिनर लियोन लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन चोटिल होने के कारण हाल के समय में यह चारों गेंदबाज बहुत कम मैचों में एक साथ खेल पाए। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने मंगलवार को कहा कि वापसी करने वाले सभी गेंदबाज खेलने के लिए फिट हैं। उन्होंने कहा हम अभी से अंतिम एकादश को अंतिम रूप नहीं देंगे, लेकिन हम जानते हैं कि इस दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए हमारे पास मजबूत टीम है।

### देविका और प्रणय पहले दौर में बाहर

चांग्झू। भारत की देविका सिहाग और एचएस प्रणय मंगलवार को यहां चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। थाईलैंड ओपन सुपर 300 चैंपियन देविका ने शुरुआती गेम हारने के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और महिला एकल के पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गईं। प्रणय का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पुरुष एकल के पहले दौर में मलेशिया के लियोन जून हाओ से सीधे गेम में 10-21, 14-21 से हार गए। जापान ओपन की विजेता पीवी सिंधू बुधवार को हमवतन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### राष्ट्रमंडल खेलों में पदकों के साथ अनुभव महत्वपूर्ण : रोहित

नयी दिल्ली। ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय दल के प्रमुख रोहित राजपाल ने कहा कि अहमदाबाद में 2030 में होने वाले खेलों को ध्यान में रखते हुए अनुभव हासिल करना भी काफी महत्वपूर्ण होगा। प्रत्येक चार साल में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल इस बार 23 जुलाई से शुरू होंगे लेकिन इसमें केवल 10 खेल शामिल हैं। यह संख्या बर्मिंघम 2022 की तुलना में नौ कम है।

# एशियाई खेलों से पहले भारत की होगी कड़ी परीक्षा

एजेंसी

हांगझोऊ। भारतीय निशानेबाजों को एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करने से पहले बुधवार से चीन के हांगझोऊ में शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने का अंतिम अवसर मिलेगा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह टूर्नामेंट भारत को चीन के खिलाफ अपनी प्रगति का आकलन करने का मौका भी देगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे। इस तरह से उसने अब दो महीने से भी कम का समय बचा है और ऐसे में इस विश्व कप का महत्व और बढ़ जाता है। चीन का हाल में निशानेबाजी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन रहा है। उसने स्पेन के ग्रेनाडा में सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में आठ स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने उस प्रतियोगिता में केवल एक स्वर्ण पदक जीता था जिससे इन दोनों देशों के बीच अंतर का पता चलता है। भारत ने हालांकि म्यूनिख में दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन किया था। युवा निशानेबाज सुरुचि

**आईएसएसएफ विश्व कप**



इंदर सिंह ने अपने अच्छे प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा है और भारत को उनसे काफी उम्मीद है। एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था। चीन ने हालांकि तब भी अपना दबदबा कायम रखते हुए फिर से पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत की महिला खिलाड़ियों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया वहीं पुरुष निशानेबाज वर्तमान सत्र में विश्व कप में अभी तक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए हैं। वह अब इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगे।

# विश्व जूनियर स्क्वाश में भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

नयी दिल्ली। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अनाहत सिंह ने न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लिली विल्सन को आसानी से 11-2, 11-1, 11-3 से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। आर्यवीर दीवान, युशा नफीस और गुरवीर सिंह की भारतीय तिकड़ी ने सोमवार को प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरव रामभिया ने रोनी हिकलिंग के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को आखिर में हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग के पहले दौर में अनिका दुबे ने जापान की अन्ना कुवाहारा को सीधे गेम में हराया और सान्वी ने पांच गेम के मुकाबले में नीदरलैंड की एल्के मोल्स को पराजित किया।

# स्वर्ण मुश्किल, राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन रहेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। छह बार की विश्व चैम्पियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एम सी मैरी कॉम को राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है हालांकि उन्हें लगता है कि स्वर्ण पदक जीत पाना मुश्किल होगा। मणिपुर की 43 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पीटीआई से कहा हम

**एशियाड का नहीं कह सकती : मैरी कॉम**

पदक जीतेंगे लेकिन मुझे स्वर्ण की उम्मीद नहीं है। अगर मिल जाता है तो मुझे खुशी होगी। राष्ट्रमंडल खेलों में हम फाइनल तक जरूर पहुंचेंगे। मैं प्रार्थना करूंगी कि हम सारे पदक जीतें। उन्होंने कहा मुक्केबाजी ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है। खेल से इतना कुछ मिलने के बाद यह कैसे संभव है कि मैं



वहां खेल रहे अपने खिलाड़ियों के लिये दुआ नहीं करूं। हम एक परिवार हैं।

भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में सात पदक जीते थे जिसमें तीन स्वर्ण और एक रजत शामिल है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल में सात पुरूष और सात महिला मुक्केबाज शामिल हैं। भारतीय महिला टीम में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज जैसमीन लम्बोरिया (57 किलो), एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार (54 किलो) और विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अरूंधति चौधरी (70 किलो) शामिल हैं।

चारों ने इस साल अप्रैल में एशियाई चैम्पियनशिप में पदक जीते थे। लड़कों में सचिन सिवाच (60 किलो) और नरेंदर बेरवाल (प्लस 90 किलो) से उम्मीदें हैं। मैरी कॉम ने कहा मैं सभी को शुभकामना देती हूं। भारत का प्रतिनिधित्व करना आसान नहीं है, यह बड़ी जिम्मेदारी है। सभी देश के लिये पदक जीतने के इरादे से ही गए होंगे। भारतीय मुक्केबाजी के प्रशासनिक पहलू के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, अजीब है।

# नो-बॉल फेंकने पर मैच से निलंबित होंगे गेंदबाज : बीसीसीआई


एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2026-27 घरेलू सत्र से पहले खेल परिस्थितियों में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जिसमें जानबूझकर नो बॉल करने वाले गेंदबाज को पूरे मैच से निलंबित करना प्रमुख है। कोई गेंदबाज अगर जानबूझकर फ्रंट-फुट नो-बॉल या ऐसी गेंद फेंकता है जिसमें उसका पैर निर्धारित स्थान पर नहीं पड़ता तो उसे केवल उस पारी से नहीं, बल्कि पूरे मैच के शेष हिस्से से गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया जाएगा। अब तक लागू नियमों के अनुसार ऐसे मामलों में गेंदबाज को केवल संबंधित पारी से गेंदबाजी करने से रोका जाता था। बीसीसीआई ने हाल ही में मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) द्वारा सुझाए गए इन संशोधनों को सभी राज्य क्रिकेट संघों के साथ साझा कर दिया है। बीसीसीआई के परिपत्र के अनुसार, खेल परिस्थितियों के नियम 41.8 में बदलाव के तहत किसी गेंदबाज को पूरे मैच से निलंबित करने का निर्णय मैदान पर मौजूद अंपायर लेंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन दिन के खेल की समाप्ति से जुड़ा है। नए नियम के अनुसार अगर दिन के अंतिम ओवर के दौरान विकेट गिरता है, तब भी वह ओवर पूरा कराया जाएगा।

# कोल्हापुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनेगा

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को कोल्हापुर जिला क्रिकेट संघ के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत कोल्हापुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा और इसे विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले बहु खेल केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। एमओयू पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री तथा खेल मंत्री सुनेत्रा पवार की मौजूदगी में यहां मंत्रालय में हस्ताक्षर किए गए। करार के तहत सरकार ने परियोजना के लिए करवीर तालुका के विकासवाड़ी में 12.76 हेक्टेयर जमीन केडीसीए को लीज पर स्थानांतरित की है। सरकार के मुताबिक स्टेडियम में लगभग 35 हजार लोगों के बैठने की क्षमता होगी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के हिसाब से बनाया जाएगा।

# विश्व कप विजेता स्पेन का 20 लाख लोगों ने किया स्वागत




एजेंसी

मैड्रिड। स्पेन की विश्व कप विजेता फुटबॉल टीम सोमवार को जब स्वदेश लौटी तो लगभग 20 लाख लोग अपने प्रिय खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर एकत्रित हुए थे। स्पेन के सभी 26 खिलाड़ियों और उसके कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने न्यूजर्सी में फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराने के एक दिन बाद मैड्रिड पहुंचने पर देश के शाही परिवार और फिर प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। सांचेज़ ने कहा, आपके खेल की शानदार शैली, बेहतरीन प्रयास और जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। हमें आपको खेलते हुए देखकर वाकई बहुत आनंद आया। इसके बाद पूरी टीम एक खुली छत वाली बस में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर निकल गई।

बस पर लिखा था सितारे एक साथ चमकते हैं और उस पर खिलाड़ियों की तस्वीरें भी लगी हुई थीं। खिलाड़ियों के हाथों में विश्व कप ट्रॉफी थी और उन्होंने जो शर्ट पहन रखी थी उस पर स्पेनिश में लिखा था सोमोस कैम्पियोनेस यानी हम चैंपियन हैं। खिलाड़ी पूरी परेड के दौरान नाचते-गाते और प्रशंसकों से बातचीत करते रहे। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने परेड शुरू होने से पहले कहा, ऐसे जोशीले और समर्पित प्रशंसकों वाले एक अद्भुत देश का प्रतिनिधित्व करना भावनात्मक और गौरवपूर्ण अनुभव रहा है। हम बहुत खुश हैं।

यह परेड प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास मोनक्लोआ पैलेस के पास से शुरू हुई और मैड्रिड की सड़कों से होते हुए सिबेल्स स्क्वायर तक गई, जहां उन्होंने एक स्वागत समारोह हमें हिस्सा लिया और अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इसमें लगभग 120,000 लोग मौजूद थे। चौक पर बने मंच पर प्रवेश करने से पहले खिलाड़ियों का एक-एक करके परिचय कराया गया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपने प्रवेश के समय बजाए जाने वाले गीत का चयन किया। अपना 25वां जन्मदिन मना रहे एलेक्स बाएना विश्व कप ट्रॉफी के साथ मंच पर आए। कोच डे ला फुएंते का परिचय कराए जाने के बाद खिलाड़ियों ने उन्हें हवा में उछाल दिया। कोच उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने उनके लिए बजाए जा रहे गीत के साथ-साथ गीत भी गाए।

एक समय स्ट्राइकर बोर्जा इग्लेसियस ने डीजे की भूमिका निभाई और तब उनके साथी खिलाड़ी मंच पर नाच रहे थे। इस अवसर पर ऐताना, एना मेना और लोला इंडिगो जैसी गायिकाओं ने भी दर्शकों और खिलाड़ियों का मनोरंजन किया। समारोह के समाप्त होने से पहले स्पेन की पूरी टीम ने उसी तरह से फिर से ट्रॉफी उठाई जैसा उन्होंने रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान किया था।

# विश्व कप में भारतीय युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के लिये 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है।

डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथाम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं। भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद नौ टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन



भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सीलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे। वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ होंगे।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, यह काफी संतुलित टीम है जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत के सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में होंगे। फुल्टन ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, हमले, जवाबी हमले और प्रदर्शन यही टीम की तैयारी का आधार है और हम इसी बारे में सोचते हैं। हम मैच दर मैच रणनीति बनायेंगे। भारत को 15 अगस्त को वेल्स से, 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से खेलना है।

# स्पेन ने पिछले कुछ समय से फुटबॉल में बना रखा है दबदबा

न्यूयॉर्क। विश्व कप में स्पेन की जीत महज संयोग नहीं है क्योंकि इस देश ने पिछले कुछ समय से विश्व फुटबॉल में अपना दबदबा बनाए रखा है और इस खेल के सबसे बड़े मंच पर इसी की बानगी देखने को मिली। स्पेन ने रविवार को अर्जेंटीना को हराकर दूसरा विश्व कप जीता और इस तरह से पुरुष, महिला और युवा प्रतियोगिताओं में हाल की जीत की लंबी सूची में एक और उपलब्धि जोड़ दी। पुरुष टीम मौजूदा यूरोपीय चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता है। उसने दो बार नेशंस लीग के फाइनल में जगह बनाई जिसमें एक बार वह चैंपियन बनी। स्पेन की महिला टीम मौजूदा विश्व कप चैंपियन है और दो बार महिला नेशंस लीग विजेता रह चुकी है। यह टीम 2025 यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी पहुंची थी। स्पेन विश्व का पहला ऐसा देश बन गया है जिसके पास एक ही समय में पुरुष और महिला दोनों विश्व कप खिताब हैं। यही नहीं वह इस सदी में दो बार पुरुष विश्व कप जीतने वाला एकमात्र देश है। स्पेन 2010 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए विश्व कप में पहली बार चैंपियन बना था। स्पेन की पुरुष और महिला दोनों टीम ने पिछले कुछ वर्षों में युवा वर्ग के कई टूर्नामेंट भी जीते हैं। दक्षिण अफ्रीका में स्पेन को पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले आंद्रेस इनिएस्टा, ज़ावी हर्नांडेज़, सर्जियो रामोस और जेरार्ड पिके जैसे खिलाड़ियों के संन्यास लेने के बाद स्पेन की पुरुष टीम को बदलाव का सामना करना पड़ा लेकिन उसने धीरे-धीरे अपनी टीम को मजबूत बनाया और आज वह विश्व कप विजेता है।

# सऊदी अरब के विदेश मंत्री से मिले डोभाल

## यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है

दुबई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा के दौरान विदेश मंत्री शहजादे फैसल बिन फरहान से मुलाकात की और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा सहित क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की।

डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है तथा अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों तथा ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की आशंकाएं बनी हुई हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय के अनुसार, डोभाल ने सोमवार को रियाद में शहजादे फैसल से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। इस वर्ष डोभाल की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, दोनों पक्षों ने क्षेत्र के ताजा घटनाक्रमों तथा ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों पर भी चर्चा की।बैठक में सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप विदेश मंत्री सऊद अल-साती भी मौजूद



थे। डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के खिलाफ समुद्री नाकाबंदी की घोषणा करते हुए बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य में सऊदी अरब के जहाजों को रोकने की बात कही है। हूतियों का दावा है कि यह कदम यमन के उनके नियंत्रण वाले क्षेत्रों के बंदरगाहों और हवाई अड्डों की कथित नाकाबंदी के जवाब में उठाया गया है। सऊदी अरब ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप अपने जहाजों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।इस घटनाक्रम ने प्रमुख वैश्विक समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और बढ़ा दी हैं। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की आशंकाएं पहले से ही बनी हुई हैं। डोभाल इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी रियाद गए थे। अप्रैल की यात्रा के दौरान उन्होंने सऊदी अरब के विदेश मंत्री शहजादे फैसल, ऊर्जा मंत्री शहजादे अब्दुल अजीज बिन सलमान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद बिन मोहम्मद अल ऐबान से वार्ता की थी। भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक, ऊर्जा और आर्थिक क्षेत्रों में घनिष्ठ संबंध हैं। सऊदी अरब में लगभग 26 लाख भारतीय रहते और काम करते हैं, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। सऊदी अरब भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में भी शामिल है। फिलहाल क्षेत्रीय अस्थिरता के बीच भारत खाड़ी देशों के साथ अपने कूटनीतिक संपर्क बढ़ा रहा है। नयी दिल्ली का ध्यान ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा, महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की रक्षा तथा क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है।

# पश्चिम बंगाल सरकार यूरोप से हवाई सेवा बहाल करने की दिशा में काम करेगी : शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य की पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की नीतियों के कारण कोलकाता का यूरोप के साथ सीधा हवाई संपर्क समाप्त हो गया और राज्य पर भारी कर्ज का बोझ बढ़ गया।



उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केंद्र के सहयोग से राज्य के परिवहन ढांचे का कायाकल्प करेगी। मुख्यमंत्री अधिकारी ने यहां परिवहन भवन-दो से 50 वातानुकूलित बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कोलकाता में वाटर मेट्रो शुरू करने, महानगर से बाहर तक मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार करने, इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने तथा कल्याणी में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित करने की योजना की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में राज्य के परिवहन मंत्री अर्जुन सिंह और मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री अधिकारी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार विमानन क्षेत्र को मजबूत करने में विफल रही, जिसके कारण राज्य से संचालित कई अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं बंद हो गईं। हमारा अधिकांश यूरोपीय देशों से हवाई संपर्क था। पिछली सरकार के दौरान इनमें से अधिकतर मार्गों पर उड़ानें बंद हो गईं। फिलहाल लंदन सहित किसी भी यूरोपीय शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली टीएमसी सरकार ने कोलकाता के निकट दूसरे हवाई अड्डे के प्रस्ताव पर भी गंभीरता से काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को कोलकाता के निकट दूसरा हवाई अड्डा बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। लेकिन सरकार ने तत्काल जवाब दिया कि वह भांगर क्षेत्र में भूमि का अधिग्रहण नहीं कर सकती। वह एक कमजोर सरकार थी। शुभेंदु अधिकारी ने वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर राज्य को लगभग आठ लाख करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ तले छोड़ने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग बेहतर राजस्व अर्जित कर राज्य को उस आर्थिक बदहाली से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो वाम मोर्चा और टीएमसी सरकारों की वजह से पैदा हुई। राज्य पर लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। जब किसी राज्य का परिवहन ढांचा आधुनिक और सुदृढ़ होता है।

## संक्षेप

### भारत का 2047 तक वस्तु निर्यात 10 करने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। भारत ने वर्ष 2047 तक वैश्विक वस्तु निर्यात में अपनी हिस्सेदारी 2024 के करीब 1.8 प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग 10 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत सीमा-शुल्क में छूट और रियायत की कई योजनाओं को जारी रखे हुए है।इसके साथ, विकसित भारत दृष्टिकोण के तहत निर्यात प्रोत्साहन को प्रमुखता दी जा रही है, जिससे दीर्घकालिक उच्च आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।रिपोर्ट कहती है, इस दृष्टिकोण के तहत भारत का लक्ष्य 2024 के करीब 1.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 2047 तक वैश्विक वस्तु निर्यात में अपनी हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत करना है। भारत की व्यापार नीतियों और प्रक्रियाओं की आठवीं समीक्षा बैठक जिनेवा में आयोजित हो रही है, जिसमें वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल हिस्सा ले रहे हैं। यह समीक्षा डब्ल्यूटीओ सचिवालय और भारत सरकार की रिपोर्ट पर आधारित है। डब्ल्यूटीओ सुधारों को लेकर भारत का दृष्टिकोण विकास-केंद्रित, सर्वसम्मति आधारित और सदस्य-प्रेरित होना चाहिए।

# यूनान की राजधानी एथेंस में एक्रोपोलिस के पास पर्यटक स्थल पर चाकू से हमला

एथेंस (यूनान)। यूनान की राजधानी एथेंस में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल एक्रोपोलिस के निकट मंगलवार सुबह एक व्यक्ति ने चाकू मारकर दो पर्यटकों को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हमला बिना किसी पूर्व योजना के किया गया प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान केवल 60 वर्षीय यूनानी नागरिक के रूप में हुई है। उसने प्राचीन पुरातात्विक स्थल और एक्रोपोलिस संग्रहालय के प्रवेश द्वार के पास वाली पैदल सड़क पर एक यूनानी-अमेरिकी दंपति पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि हमले में 53 वर्षीय पुरुष के हाथ में गंभीर चोट आई, जिस पर तुरंत पट्टी बांधी गयी। वहीं, 48 वर्षीय महिला के पैर में हल्की चोट आई है। दोनों को तुरंत एंबुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। पुलिस के मुताबिक, हमलावर को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया और औपचारिक आरोप तय करने के लिए मंगलवार को ही सरकारी वकील के सामने पेश किया जाएगा।

# मुर्मू दो दिवसीय यात्रा पर उत्तरी मकदूनिया पहुंचीं

स्कोपिये (उत्तरी मकदूनिया)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यूरोपीय देशों के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के तहत मंगलवार को उत्तरी मकदूनिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं।मुर्मू उत्तरी मकदूनिया की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। दक्षिण-पूर्वी यूरोप के इस देश की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू अपनी समकक्ष गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके अलावा, वह प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की और संसद के अध्यक्ष अफरिम गाशी से भी मुलाकात करेंगी तथा वहां की संसद को



संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू भारत-उत्तरी मकदूनिया व्यापार मंच को भी संबोधित करेंगी। दोनों देश कृषि, औषधि उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाना चाहते हैं। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू स्कोपिये स्थित मदर टेरेसा स्मारक का भी दौरा करेंगी। मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त, 1910 को स्कोपिये में हुआ था और वह 1928 तक वहीं रहीं। इसके बाद वह आयरलैंड में सिस्टर्स ऑफ लोरेटो संस्था से जुड़ीं और बाद में भारत आ गईं। वर्ष 2009 में स्थापित यह संग्रहालय स्कोपिये के मध्य स्थित मकदूनिया स्ट्रीट पर है। मदर टेरेसा को वर्ष 1980 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्रपति मुर्मू 23 से 25 जुलाई तक राष्ट्रपति निकुसोर डैन के निमंत्रण पर रोमानिया का दौरा करेंगी।

# विधायक मदन मित्रा ने ममता को अभिषेक का साथ छोड़ने के लिए एक महीने का समय दिया

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक मदन मित्रा ने मंगलवार को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को अभिषेक का साथ छोड़कर जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से फिर जुड़ने के लिए एक महीने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने साथ ही तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से अपनी गलतियों को स्वीकार करने को कहा।

मित्रा ने ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट द्वारा मेयो रोड पर समानांतर आयोजित 21 जुलाई शहीद दिवस रैली को संबोधित करते हुए ममता और अभिषेक बनर्जी दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया और संगठन को कमजोर होने दिया। मैं ममता बनर्जी को एक महीने का समय दे रहा हूं। अभिषेक का हाथ छोड़िए और तृणमूल कार्यकर्ताओं का हाथ थामिए। तृणमूल अभिषेक की पार्टी नहीं है, यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हर चीज अभिषेक के इर्द-गिर्द ही क्यों घूमे? ममता को संबोधित करते हुए मित्रा ने कहा कि पार्टी में यह तीन-तरफा विभाजन किसकी वजह से हुआ? आपको अभिषेक या उन फिल्मी हस्तियों ने मुख्यमंत्री नहीं बनाया, जिन्हें आप पसंद करती हैं, बल्कि उन लाखों तृणमूल कार्यकर्ताओं ने बनाया है, जिन्होंने आपके लिए मेहनत की। विधायक मित्रा ने कहा कि यदि ममता अभिषेक के प्रति अपना समर्थन छोड़कर फिर से कार्यकर्ताओं के बीच लौटने को तैयार होती हैं तो पार्टी उनका खुले दिल से स्वागत करेगी। महाभारत के पात्र गांधारी का उल्लेख करते हुए जिसने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली थी, मित्रा ने कहा कि ममता बनर्जी अब गांधारी की भूमिका निभा रही हैं। वह परोक्ष तौर पर यह इशारा कर रहे थे कि ममता बनर्जी ने पार्टी के भीतर हो रही घटनाओं से अवगत होने के बावजूद चुप्पी साधे रखी है। अगर उनमें साहस है तो ममता को इस मंच पर आकर माफी मांगनी चाहिए। हम उनके पैरों के नीचे अपने गमछे बिछा देंगे। उन्हें सिर्फ एक बार स्वीकार करना होगा कि उन्होंने गांधारी जैसा व्यवहार किया। कोई उन पर एक अंडा तक नहीं फेंकेगा। अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए मित्रा ने कहा कि बागियों के ममता के पास लौटने पर आपने एक घंटे के भीतर इस्तीफा देने की बात कही थी। मैं आपको दो घंटे का समय देता हूं कि आप यहां आएं और स्वीकार करें कि आपने गलतियां की हैं। कोई आप पर अंडा नहीं फेंकेगा।

# असम में बाढ़ से 11 जिलों के 3.10 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम में मंगलवार को बाढ़ से एक और व्यक्ति की मौत होने के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। राज्य के 11 जिलों में अब भी 3.10 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मपुत्र, दिखौ, देसांग और धनसिरी समेत राज्य की कई प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इनमें से कुछ नदियों का जलस्तर अत्यधिक बाढ़ के स्तर को भी पार कर गया है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) तथा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा सहित कई एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। ऊपरी असम के कुछ



हिस्सों में रेलवे पटरियों पर बाढ़ का पानी भर जाने के कारण लगातार दूसरे दिन भी रेल सेवाएं प्रभावित रहीं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कई ट्रेनों को रद्द किया और कुछ का मार्ग परिवर्तित किया। साथ ही फंसे हुए यात्रियों के लिए विशेष ट्रेनों की भी घोषणा की। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने एक बयान में कहा कि चराइदेव जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके साथ ही इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने कहा कि सबसे अधिक प्रभावित शिवसागर जिला है यहां दिखौ नदी का शिवसागर शहर में और देसांग नदी का नंगलमोराघाट में जल स्तर अत्यधिक बाढ़ के स्तर से ऊपर दर्ज किया गया है। प्राधिकरण ने बताया कि गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी की स्थिति गंभीर बाढ़ की श्रेणी में दर्ज की गई। इसके अलावा जोरहाट के नीमातीघाट में ब्रह्मपुत्र और डिब्रूगढ़ के खोवांग में बुरीदिहिंग नदी भी उफान पर हैं। सोमवार को राज्य के 15 जिलों में बाढ़ से 3.63 लाख से अधिक लोग प्रभावित थे।

## इंटरटेनमेंट...


# 'द प्राइड ऑफ भारत' के लिए इंटरनेशनल एक्शन टीम तैयार

मुंबई। फिल्म निमार्ता संदीप सिंह अपनी आने वाली बड़ी ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' को बड़े स्तर पर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में ऋषभ शेट्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब इस फिल्म को और खास बनाने के लिए निमार्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक्शन टीम को शामिल किया है, जो फिल्म के युद्ध और एक्शन सीन्स को शानदार बनाने पर काम करेगी।

इस पीरियड फिल्म को भव्य बनाने के लिए जो टीम जोड़ी गई है वह फिल्म के युद्ध और एक्शन

**ऋषभ शेट्टी की फिल्म में एक्शन डिजाइन करेंगे 'गेम ऑफ थ्रोन्स' फेम मार्क हेंसन**

सीन्स को तैयार करने में जुट गई है। लोकप्रिय सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के अलावा 'वाइकिंग्स, 'द विचर' और ऑस्कर विनर फिल्म 'ग्रैविटी' में अपने एक्शन डिजाइन के लिए पहचाने जाने वाले मार्क हेंसन इसके एक्शन की कमान संभालेंगे। फिल्म की एक्शन टीम में हॉलीवुड के दो और अनुभवी नाम भी शामिल किए गए हैं। पहले व्लाद रिमबर्ग, जिन्होंने 'द फेट




ऑफ द फ्यूरियस, 'ब्लडशॉट' और 'लूसिफर' जैसे प्रोजेक्ट पर काम किया है, दूसरे क्रेग मैक्रे, जो 'ट्रॉयः फॉल ऑफ ए सिटी' के लिए चर्चित रहे हैं।

मेकर्स का दावा है कि यह टीम भारतीय ऐतिहासिक सिनेमा के सबसे बड़े युद्ध सीन्स में से एक तैयार करेगी। करीब 500 करोड़ रुपए के बजट में बन रही यह फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। ऋषभ के अलावा इसमें अर्जुन रामपाल, विवेक ओबेरॉय और शेफाली शाह भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में शेफाली उनकी मां राजमाता जीजाबाई के किरदार में नजर आएंगी, जबकि विवेक, मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं।

वहीं अर्जुन फिल्म के मुख्य विलेन के रूप में दिखाई देंगे। मेकर्स का दावा है कि सभी किरदारों को ऐतिहासिक संदर्भों के अनुरूप बड़े पैमाने पर परदे पर उतारा जाएगा। फिल्म की अधिकांश शूटिंग महाराष्ट्र के विभिन्न ऐतिहासिक किलों और लोकेशनों पर की जाएगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। मेकर्स का उद्देश्य युद्ध, किलों और ऐतिहासिक परिवेश को वास्तविकता के करीब दिखाना है। फिल्म को हिंदी, अंग्रेजी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मराठी समेत कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इसका लक्ष्य भारतीय दर्शकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाना है। ये फिल्म 21 जनवरी 2027 को थिएटर्स में रिलीज हो सकती है। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के सबसे प्रेरणादायक योद्धाओं में गिने जाते हैं।

# धनुष, ममूटी ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने का मनाया जश्न

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाले अभिनेता धनुष और ममूटी ने ओम के सेट पर अपनी इस उपलब्धि का जश्न मनाया। ममूटी ने रविवार को एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें दोनों सितारे केक काटते नजर आ रहे हैं। इस मौके पर फिल्म निर्देशक राजकुमार पेरियासामी और संपादक आर कलैवणन भी मौजूद थे। ममूटी ने लिखा, फिल्म ओम के सेट पर धनुष, राजकुमार पेरियासामी और आर कलैवणन के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का एक छोटा-सा जश्न मनाया। सभी के प्यार और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। धनुष ने रायन के लिए सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। बतौर निर्देशक यह उनका पहला राष्ट्रीय पुरस्कार है। इससे पहले वह 2011 और 2021 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर चुके हैं।

# प्रियंका चोपड़ा-निक जोनास ने शेयर की प्रपोजल की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** अमेरिकी सिंगर और एक्टर निक जोनास ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा के साथ सगाई की एक अनदेखी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। निक ने इस फोटो को शेयर करते हुए बताया कि प्रियंका को उन्हें 'हां' कहे हुए 8 साल पूरे हो गए हैं।

इस पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने भी रिएक्ट करते हुए निक के प्रति अपना आभार जताया है। निक जोनास ने शेयर की प्रपोजल की फोटो निक जोनास ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक थ्रोबैक फोटो पोस्ट की। इस फोटो में निक ने प्रियंका का हाथ थाम रखा है और प्रियंका की उंगली में डायमंड रिंग साफ दिखाई दे रही है। फोटो में प्रियंका ने अपना चेहरा छिपा रखा है। निक ने इस फोटो के कैप्शन में लिखा, '8 साल पहले उन्होंने हां कहा था।' निक की इस पोस्ट को प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर रीशेयर किया है।

प्रियंका ने लिखा, 'बहुत आभारी हूं कि तुमने पूछा।' हाल ही में प्रियंका ने मनाया है अपना 44वां बर्थडे इससे पहले निक जोनास ने 18 जुलाई को प्रियंका चोपड़ा के 44वें जन्मदिन पर भी एक प्यारा वीडियो शेयर किया था। उस वीडियो में प्रियंका एक बोट राइड पर फ्लाइंग किस देती हुई नजर आ रही थीं।

# फूलन टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में होगी प्रदर्शित

मुंबई। फिल्मकार रिची मेहता की फिल्म फूलन का विश्व प्रीमियर 51वें टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में होगा। यह फिल्म चंबल की कुख्यात दस्यु से नेता बनीं फूलन देवी के जीवन पर आधारित है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस हिंदी फिल्म का प्रदर्शन 16 सितंबर को प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर में महोत्सव के विशेष प्रस्तुति खंड के तहत किया जाएगा।



रिची मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण नमः पिक्चर्स के बैनर तले शरीन मंत्री केडिया, किशोर अरोड़ा, कंवल कोहली और मेहता ने किया है। वर्ष 1997 में प्रकाशित पुस्तक आई, फूलन-द ऑटोबायोग्राफी ऑफ इंडियाज़ बैंडिट क्वीन से प्रेरित यह फिल्म फूलन देवी के जीवन के उस निर्णायक अध्याय को पर्दे पर उतारती है, जब उन्हें मारने के इरादे से हजारों हथियारबंद लोगों ने एक गांव को घेर लिया था। भारत के ग्रामीण क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म गरीब घर की 17 वर्षीय लड़की के सफर को दर्शाती है, जो आगे चलकर देश की सबसे कुख्यात दस्युओं में से एक बन गई। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म की कहानी 2,000 से अधिक हथियारबंद लोगों द्वारा किए गए 48 घंटे तक चले भीषण घेराव की घटना पर केंद्रित है। महोत्सव में प्रदर्शन के बाद फूलन का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा।

फिल्म में स्नेहा कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में अनुराग ठाकुर, विक्रम प्रताप सिंह, आकाश दहिया, प्रतीक पचौरी और देव दत्त बुधोलिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। दुनिया के प्रमुख फिल्म आयोजनों में शामिल टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इस वर्ष 10 से 20 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com